राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, सोमवार, 22 दिसंबर 2025
वर्ष 07, अंक 83, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

ऑपरेशन के बाद प्रसूता की हुई दर्दनाक मौत, लापरवाही के आरोप में निजी अस्पताल सीज, जांच जारी..03

सहकारिता में भ्रष्टाचार करने की मची होड़ जिला प्रशासन संज्ञान में ले...12

## मनरेगा: सोनिया गांधी का मोदी सरकार पर तीखा हमला: कांग्रेस संघर्ष के लिए तैयार

ब्यूरो प्रयागराज। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मोदी सरकार के खिलाफ संघर्ष का ऐलान कर दिया है। मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना) में मोदी सरकार के हालिया बदलावों और महात्मा गांधी का नाम हटाने के फैसले पर कड़ा ऐतराज जताते हुए सोनिया ने वीडियो बयान जारी किया है। सोनिया गांधी ने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर पूरी तरह लड़ने के लिए तैयार है।

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को इसी मुद्दे पर बयान जारी किया था, जिसमें उन्होंने सरकार पर ग्रामीण गरीबों की आजीविका को कमजोर करने का आरोप लगाया। राहुल ने भी देशव्यापी आंदोलन की बात कही थी। कांग्रेस के लगातार हमलों से साफ लग रहा है कि पार्टी मनरेगा मुद्दे को सड़क से संसद तक ले जाकर मोदी सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन छेड़ने की तैयारी कर रही है।

सोनिया गांधी ने अपने वीडियो बयान में कहा: 'मुझे आज भी याद है, 20 साल पहले डॉ. मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास



किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला था। खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अतिगरीब लोगों के लिए मनरेगा रोजी-रोटी का जरिया बना। उन्होंने कहा- रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोड़कर पलायन करने पर इस योजना की वजह से रोक लगी। रोजगार का कानूनी हक़ दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिए महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया। पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की, जबकि कोविड के वक़्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ था।

सोनिया गांधी ने कहा- बहुत अफसोस की बात है कि अभी हाल में सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया। न सिर्फ महात्मा गांधी का नाम हटाया गया, बल्कि मनरेगा का रूप-स्वरुप बिना विचार-विमर्श किए, बिना किसी से सलाह-मशवरा किए, बिना विपक्ष को विश्वास में लिए मनमाने ढंग से बदल दिया गया।अब किसको, कितना, कहां और किस तरह रोजगार मिलेगा, यह जमीनी हकीकत से दूर दिल्ली में बैठकर सरकार तय करेगी।

कांग्रेस की बुजुर्ग नेता ने कहा- कांग्रेस का मनरेगा को लाने और लागू करने में बड़ा योगदान था, लेकिन यह पार्टी से जुड़ा मामला कभी नहीं था। ये देशहित और जनहित से जुड़ी योजना थी। मोदी सरकार ने इस कानून को कमजोर करके देश के करोड़ों किसानों, श्रमिकों और भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हितों पर हमला किया है। इस हमले का मुकाबला करने के लिए हम सब तैयार हैं। 20 साल पहले अपने गरीब भाई-बहनों को रोजगार का अधिकार दिलवाने के लिए मैं भी लड़ी थी, आज भी इस काले कानून के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं। मेरे जैसे कांग्रेस के सभी नेता और लाखों कार्यकर्ता आपके साथ खड़े हैं।'

## सुप्रीम कोर्ट ने रिश्वतखोरी मामले में निलंबित पंजाब डीआईजी भुल्लर के खिलाफ एफआईआर की

### ● सीबीआई जांच पर रोक लगाने से इनकार कर दिया

**ब्यूरो प्रयागराज।** अधिकारी ने उच्च न्यायालय के 4 दिसंबर के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें सीबीआई की कार्यवाही पर रोक लगाने की अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया गया था और उनकी याचिका पर सुनवाई जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (19 दिसंबर, 2025) को निलंबित पंजाब पुलिस डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर की उस याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने आय से अधिक संपत्ति के मामले में उनके खिलाफ दर्ज दो एफआईआर में सीबीआई जांच पर रोक लगाने की मांग की थी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय श्री भुल्लर की इसी तरह की याचिका पर सुनवाई कर रहा है। अधिकारी ने उच्च न्यायालय के 4 दिसंबर के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें सीबीआई की कार्यवाही पर रोक लगाने की अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया गया था और उनकी याचिका की सुनवाई जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी गई थी।

जब श्री भुल्लर के वकील ने अंतरिम राहत पर निर्णय लेने के लिए निर्देश मांगा, तो मुख्य न्यायाधीश कांत ने कहा, 'बेहतर होगा कि हम कुछ न कहें। हमसे कठोर टिप्पणी की उम्मीद न करें।' श्री भुल्लर की ओर से





पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने कहा कि उच्च न्यायालय ने अंतरिम राहत की प्रार्थना पर विचार किए बिना मामले को एक महीने के लिए स्थगित करके गलती की है। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा मामला है जहां सीबीआई ने दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (डीएसपीई) अधिनियम का उल्लंघन करते हुए गलत तरीके से क्षेत्राधिकार ग्रहण किया है, क्योंकि सीबीआई के लिए राज्य की सहमति पहले ही वापस ले ली गई है।

उन्होंने कहा, 'सीबीआई ने गुपचुप तरीके से पंजाब में प्रवेश किया है और डीएसपीई अधिनियम की धारा 6 का उल्लंघन किया है।' उन्होंने आगे कहा कि उच्च न्यायालय ने अंतरिम राहत न देने का कोई कारण नहीं बताया है, सिवाय इसके कि वह मामले की सुनवाई कर रहा है।

सीबीआई की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि श्री भुल्लर को नियमित जमानत देने से इनकार कर दिया गया है।

पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के समक्ष चल रही कार्यवाही में हस्तक्षेप करने के लिए इच्छुक नहीं है और याचिका को खारिज करने के पक्ष में है। अदालत के रुख को भांपते हुए, अधिवक्ता चौधरी ने कहा कि वह याचिका वापस लेना चाहते हैं और उच्च न्यायालय में कानूनी उपाय अपनाना चाहते हैं।

पुलिस ने दावा किया था कि डीआईजी भुल्लर के आवास पर छापेमारी के दौरान लगभग 5 करोड़ रुपये नकद, 1.50 किलोग्राम आभूषण, अचल संपत्तियों के दस्तावेज, दो लग्जरी वाहनों की चाबियां, 22 लग्जरी घड़ियां, लॉकर की चाबियां, 40 लीटर आयातित शराब, दो बैरल वाली बंदूक, पिस्तौल, रिवॉल्वर और एयरगन सहित आग्नेयास्त्रों के साथ-साथ गोला-बारूद बरामद किया गया था।

फतेहगढ़ साहिब के मंडी गोबिंदगढ़ के एक कबाड़ व्यापारी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद उन्हें मोहाली स्थित उनके कार्यालय से हिरासत में लिया गया था। व्यापारी ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पर 2023 में उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को 'निपटाने' के लिए आवर्ती मासिक भुगतान की मांग करने का आरोप लगाया था

## संक्षिप्त ख़बरें

### बीएड टीईटी 2011 मामले में सुप्रीम कोर्ट सुनवाई से जगी उम्मीद, 22 जनवरी को होगी अहम पेशी



**लालगंज (रायबरेली)।** बीएड टीईटी 2011 से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में 22 जनवरी को होने वाली सुनवाई को लेकर अभ्यर्थियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। कोर्ट के हालिया सकारात्मक रुख से लंबे समय से संघर्ष कर रहे अभ्यर्थियों में नई उम्मीद जगी है। शनिवार को कस्बे के निराला नगर में बीएड टीईटी संघर्ष मोर्चा की एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता मान बहादुर सिंह ने की। बैठक में सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामले की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। मान बहादुर सिंह ने बताया कि संगठन बीते 14 वर्षों से नियुक्ति की मांग को लेकर संघर्ष कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बीएड टीईटी से जुड़े सभी संगठनों की याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की है और सरकार से पक्ष मांगा है, जो अभ्यर्थियों के लिए सकारात्मक संकेत है। उन्होंने जानकारी दी कि 22 जनवरी को जस्टिस संजय करोल और जस्टिस प्रसन्ना पी. वारले की पीठ में मामले की सुनवाई होगी। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से मामलों का वास्तविक और तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत करने को कहा है। इसी कारण अभ्यर्थी अपने-अपने संगठनों और नेताओं से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज और जानकारियां जुटा रहे हैं।

बैठक में अभ्यर्थियों ने एकजुट रहकर कानूनी लड़ाई को मजबूती से लड़ने का संकल्प लिया और तय किया कि अगली सुनवाई तक संगठन पूरी तरह सक्रिय रहेगा। बैठक में ज्योतिनिशांत पांडेय, रोहित सिंह, आशीष तिवारी, पवन द्विवेदी, विनोद, फूलचंद, हिमांशु, अजय, आशीष और वीरेंद्र तिवारी सहित कई अभ्यर्थी मौजूद रहे।





## डेढ़ करोड़ की सरकारी ज़मीन कब्जा मुक्त अवैध रूप से बनी दुकाने दो बुलडोजरो से किया ध्वस्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के लहरपुर तहसील क्षेत्र में प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ रविवार को सख्त कार्रवाई करते हुए बुलडोजर एक्शन किया है। इस दौरान करीब डेढ़ करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया। सरकारी बंजर भूमि पर अवैध रूप से बनी दुकानों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार लहरपुर तहसील क्षेत्र में शान मोहम्मद द्वारा सरकारी बंजर भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया था। आरोप है कि कब्जे वाली भूमि पर कई दुकानें बनवाकर वह लंबे समय से अवैध रूप से व्यवसायिक गतिविधियां संचालित कर रहा था इस संबंध में प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद मामले की जांच कराई गई। जांच में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा पाए जाने पर उप जिलाधिकारी (एसडीएम)



आकांक्षा गौतम ने अतिक्रमण हटाने का आदेश जारी किया आदेश के अनुपालन में तहसीलदार मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में राजस्व विभाग और प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल भी तैनात रहा। बुलडोजर की कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से बनी दुकानों को गिरा दिया गया और जमीन को पूरी तरह कब्जा मुक्त कराया गया। प्रशासन ने भूमि को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक अभिलेखों में दर्ज कर लिया है। अधिकारियों ने बताया कि कब्जा मुक्त कराई गई जमीन की अनुमानित कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए आंकी गई है। तहसीलदार मनीष त्रिपाठी ने बताया कि सरकारी जमीन पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन लोगों ने नियमों को ताक पर रखकर सरकारी भूमि पर कब्जा कर रखा है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी वहीं एसडीएम आकांक्षा गौतम ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह के अतिक्रमण हटाने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा!!

## बरेली में दो कारों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

**बरेली।** जिले के लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग के बाईपास पर घने कोहरे के कारण दो कारों की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि यह हादसा शनिवार रात को हुआ और दुर्घटना में जान गंवाने वाले शख्स की पहचान थाना बारादरी क्षेत्र के अशोक सम्राट नगर निवासी रूपेश कुमार अग्रवाल (45) के रूप में हुई। मिश्रा ने बताया कि फरीदपुर नगर पालिका परिषद में अकाउंटेंट के पद पर तैनात अग्रवाल शनिवार रात नगर पालिका से काम निपटाकर बरेली लौट रहे थे। उनके मुताबिक, जैसे ही उनकी कार नवदिया झादा और बिथरी चैनपुर पुल के नीचे पहुंची, सामने से आ रही एक अन्य कार से उनकी गाड़ी की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। मिश्रा ने बताया कि टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा हादसे में अग्रवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अग्रवाल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज गया है तथा पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## भवति ध्यान से सभी विकारों को मिटाया जा सकता है- कमलेश पाठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** भवति ध्यान से सभी विकारों को मिटाया जा सकता है। ध्यान दिवस के अवसर पर महर्षि महेश योगी आश्रम परिसर में रविवार को मुख्य अतिथि के तौर पर कमलेश पाठक न्यायाधीश इलाहाबाद हाईकोर्ट मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे इस अवसर पर विद्वान पंडितों के द्वारा भावातीत ध्यान के माध्यम से विश्व कल्याण के लिए बताया गया। आश्रम प्रभारी बसंत दास ने भवति ध्यान के बारे में बताते हुए कहा कि महर्षि महेश योगी के बताए हुए भवति ध्यान से जीवन में खुशियां एवं शारीरिक कष्ट से, शरीर कैमियोको दूर किया जा सकता है एवं शारीरिक कष्ट से निवृत्ति मिलती है। भवति ध्यान ही एक ऐसा सरल उपाय है जो मनुष्य के जीवन में खुशियां ला सकता है श्री कमलेश पाठक जी न्यायाधीश उच्च न्यायालय ने कहा कि आजकल के समय में दिनचर्या ठीक ना होने के कारण मनुष्य को अनेक प्रकार की बीमारियां ग्रसित होते हैं। इसका सरल उपाय महर्षि जी के बताए हुए भवति ध्यान से सरल जीवन को किया जा सकता है। हम



लोगों का सौभाग्य है कि हम लोग ऐसे देश में है जहां महर्षि महेश योगी ऐसे विद्वान दिव्य पुरुष अपने देश में पैदा हुए और विदेशों में जाकर भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा भारतीय संस्कृति के रक्षा का प्रचार प्रसार किया। इस अवसर पर आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के रूप में आए श्री कमलेश पाठक जी न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय का स्वागत अभिनंदन करते हुए उनका अंग वस्त्र,पुष्प देकर के सम्मानित किया। इस अवसर पर माधव मंदिर के महंत पंडित दामोदर प्रसाद तिवारी, ऋषि त्रिवेदी, विमल मिश्रा, रोहित तिवारी, सोनू पांडे, द्वारिका तिवारी, सुभाष शर्मा, जितेंद्र दास, सचिन बिछारिया कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव रहे।

## रेलवे ने बढ़ा दिया ट्रेन का किराया





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** नए साल से पहले रेल यात्रियों को बड़ा झटका दिया है. रेल यात्रियों के रेलवे ने अपने किराए में बदलाव करने का निर्णय लिया है. इसकी वजह से जनरल, मेल/एक्सप्रेस और एसी श्रेणियों के टिकट महंगे हो जाएंगे। रेलवे के मुताबिक किराए की ये बढ़ी हुई दरें 26 दिसंबर 2025 से लागू कर दी जाएंगी. हालांकि रेलवे ने स्पष्ट किया है कि लोकल ट्रेनों के अलावा मासिक सीजन टिकट (MST) के किराए में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।

रेलवे के अनुसार, 215 किमी से अधिक के सफर पर साधारण श्रेणी में 1 पैसा प्रति किमी की वृद्धि होगी.मेल/एक्सप्रेस में नॉन-एसी श्रेणी में 2 पैसा प्रति किमी किराया बढ़ जाएगा.एसी श्रेणी (AC क्लास) में भी 2 पैसा प्रति किमी की बढ़ोतरी की गई है.500 किमी की नॉन-एसी यात्रा पर यात्रियों को कुल मिलाकर सिर्फ 10 रुपये अधिक देने होंगे।

रेलवे के मुताबिक बीते 10 सालों में नेटवर्क और ट्रेनों की संख्या में काफी विस्तार हुआ है. वहीं सुरक्षा और बेहतर संचालन को लेकर भी रेलकर्मियों की संख्या में इजाफा किया गया है, जिनका वेतन और भत्ते का खर्च भी बढ़ा है. रेलवे के अनुसार, मैनपावर पर खर्च बढ़कर 1.15 लाख करोड़ हो गया है. साथ ही रेलकर्मियों के पेंशन पर खर्च सालाना 60,000 करोड़ है. वहीं रेलवे का कुल ऑपरेशन खर्च (2024-25) 2.63 लाख करोड़ रुपये रहा।

इस वजह से रेलवे ने इन खर्चों को संतुलित करने के लिए माल ढुलाई बढ़ाने के साथ-साथ सीमित यात्री किराए में सीमित बढ़ोतरी की घोषणा की है. साथ ही रेलवे का कहन है कि सुरक्षा उपायों की वजह से सेफ्टी में काफी सुधार हुआ है. वहीं भारत अब विश्व का दूसरा सबसे बड़ा माल ढोने वाला नेटवर्क बन चुका है जो त्योहारों के समय में 12 हजार से अधिक ट्रेनों का संचालन कर अपनी कार्यक्षमता का रिकॉर्ड बना चुका है।

## नशे में पिता ने चार वर्षीय पुत्र की हत्या की, गिरफ्तार

**भदोही।** थाना सुरियावां क्षेत्र के गुवाली गांव में नशे की हालत में चार वर्षीय मासूम की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना के बाद फरार चल रहे आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार की रात लगभग 11 बजे आरोपी रामजी वनवासी (32 वर्ष) पुत्र राधे, निवासी गुवाली, थाना सुरियावां, शराब के नशे में अपनी पत्नी से विवाद कर रहा था। इसी दौरान उसने अपने चार वर्षीय पुत्र विकास को उठाकर जमीन पर पटक दिया, जिससे बच्चे को गंभीर चोटें आईं। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा संख्या 419/25 धारा 105 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था।

पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देश एवं क्षेत्राधिकारी भदोही के पर्यवेक्षण में थाना सुरियावां पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर कनकपुर स्थित नागेंद्र सिंह के ईंट भट्ठे के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संजय सिंह व कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि दोषी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय भेजा जा रहा है।

## नोट गिनते-गिनते थक गई सीबीआई! लेफ्टिनेंट कर्नल के घर से मिला नोटों का पहाड़, पत्नी पर भी एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** रक्षा मंत्रालय के अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक शर्मा के घर नोटों का पहाड़ देख सीबीआई के भी पसीने छूट गए. दुबई की कंपनी से रिश्वत लेने के आरोप में हुई छापेमारी में 2.23 करोड़ कैश बरामद हुआ. आलम यह था कि नोट गिनते-गिनते अधिकारी थक गए. इस सनसनीखेज साजिश में उनकी पत्नी कर्नल काजल बाली का नाम भी शामिल है. फिलहाल आरोपी कर्नल 23 दिसंबर तक पुलिस रिमांड पर हैं।

दिल्ली के उस बंद कमरे में नोटों की गड्डियां इस कदर बिखरी थीं कि सीबीआई के अनुभवी अफसरों की भी आंखें फटी रह गई. अलमारियां खोली गई तो कपड़े कम और गुलाबी नोटों के बंडल ज्यादा थे. आलम यह था कि छापेमारी करने गई टीम नोट गिनते-गिनते थक गई, लेकिन खजाना खत्म होने का नाम नहीं ले रहा था. देश की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली वर्दी के पीछे भ्रष्टाचार का ऐसा वीभत्स चेहरा छिपा होगा, इसकी कल्पना शायद ही किसी ने की थी. सवा दो करोड़ रुपये का कैश, दुबई से जुड़े तार और पति-पत्नी दोनों ही कर्नल रैंक के अधिकारी. यह महज एक रिश्वत का मामला नहीं बल्कि भरोसे का कत्ल है. जब रक्षक ही करोड़ों के





लालच में भक्षक बन जाए तो पूरे सिस्टम की नींव हिल जाती है. सीबीआई की इस कार्रवाई ने रक्षा गलियारों में हलचल तेज हो गई इस सनसनीखेज कांड की शुरुआत 19 दिसंबर 2025 को हुई. सीबीआई को इनपुट मिला था कि रक्षा मंत्रालय के रक्षा उत्पादन विभाग में तैनात डिप्टी प्लानिंग ऑफिसर, लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा एक बड़ी साजिश का हिस्सा हैं. हैरानी की बात यह है कि इस खेल में उनकी पत्नी कर्नल काजल बाली का नाम भी एफआईआर में दर्ज है जो खुद राजस्थान के श्रीगंगानगर में कमांडिंग ऑफिसर (CO) हैं. आरोप है कि दुबई की एक कंपनी के इशारे पर रिश्वत का यह पूरा नेटवर्क काम कर रहा था।

जब सीबीआई की टीम दिल्ली स्थित दीपक शर्मा के आवास पर पहुंची तो वहां का नजारा किसी फिल्मी सीन जैसा था. घर के कोनों से कुल 2.23 करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई. नोटों की गिनती के लिए लाई गई मशीनें भी गर्म हो गई और अधिकारियों को घंटों तक पसीना बहाना पड़ा. श्रीगंगानगर से भी 10 लाख रुपये नकद और कई संदिग्ध दस्तावेज जब्त किए गए हैं. यह भारी भरकम रकम बता रही है कि यह खेल लंबे समय से चल रहा था।

सीबीआई ने लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा और रिश्वत देने वाले विनोद कुमार को गिरफ्तार कर लिया है. कोर्ट ने दोनों को 23 दिसंबर 2025 तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है. अब जांच का केंद्र वह दुबई बेस्ड कंपनी है जिसके लिए यह अधिकारी काम कर रहे थे. जांच एजेंसियां यह पता लगा रही हैं कि क्या इस रिश्वत के बदले देश की सुरक्षा से जुड़ी कोई संवेदनशील जानकारी भी लीक की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### मतपेटिका में पानी डालने के तीन दोषियों को सजा

**बलरामपुर।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनूप कुमार पांडेय ने शनिवार को मुकदमों की सुनवाई के दौरान मतपेटिका में पानी डालने का दोषी मानते हुए तीन दोषियों को जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई है। 30 वर्ष पहले पंचायत चुनाव में लाठी-डंडा लेकर तीनों बूथ में घुस गए और बवाल किया था। इस दौरान पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीनों को तीन दिन जेल में बंद रखा था। न्यायाधीश ने दोषियों पर 3500-3500 रुपये अर्थदंड भी लगाया है।पीठासीन अधिकारी अवध बिहारी निवासी सिरई थाना मोतीगंज जिला गोंडा ने 12 अप्रैल 1995 को कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि विपक्षी ननकऊ उर्फ योगेंद्र, झुल्लुर व पिंकू सिंह निवासी ग्राम सेखुईया लाठी-डंडा लेकर बूथ में घुस गए। मतपेटिका में पानी डालकर चुनाव में बाधा उत्पन्न की। पुलिस ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करके तीनों को जेल भेज दिया था। जेल में तीन दिन बिताने के बाद तीनों की जमानत मिल गई थी।विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावलियों का अवलोकन करने के बाद ननकऊ उर्फ योगेंद्र, झुल्लुर व पिंकू सिंह को पंचायत चुनाव की मतपेटिका में पानी डालने और बाधा पहुंचाने का दोषी मानते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई है। तीनों पर अर्थदंड भी लगाया है।

### जनजागरूकता और सामाजिक चेतना के लिए इण्टर नेशनल जादूगर मिस्टर इंडिया सम्मानित

**गोंडा, उत्तर प्रदेश-** शान्ति फाउंडेशन आशोकपुर टकिया वजीरगंज गोंडा प्रतिवर्ष समाज के उन व्यक्तियों को सम्मानित करता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। 'पर्सनालिटी ऑफ द ईयर' अवार्ड का उद्देश्य समाज में सकारात्मक प्रभाव डालने वाले व्यक्तियों को प्रेरित करना और उनका सम्मान करना है। इस अवार्ड के माध्यम से शान्ति फाउंडेशन समाज में शांति, एकता और प्रगति को बढ़ावा देना चाहता है। संस्था की अध्यक्ष श्रीमती पिंकी देवी ,सचिव राम प्रसाद आनन्द,संयोजक सुनील कुमार आनन्द स्टेट अवार्डी टीचर,संरक्षक पद्मश्री डॉ विजय कुमार शाह,मीडिया प्रभारी संजय कुमार,संस्थापक शिव प्रसाद आनन्द,प्रधानाचार्य शान्ती मेमोरियल स्कूल रमेश आनन्द ने बताया कि प्रतिवर्ष यह अवार्ड विशेष कार्य करने वाली हस्तियों को दिया जाता है जो पर्यावरण, शिक्षा,सामाजिक एकता,नशा मुक्ति, राष्ट्रीय प्रेम ,बेटी बचाओ,स्वच्छता आदि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर समाज सेवियों को संस्था शान्ती फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया जाता है।जिसमें गोंडा से जादूगर मिस्टर इंडिया,गुजरात से हर्षाबेन हिम्मतसिंह पढीयार, नेपाल से उमेश यादव,उत्तराखंड से भुवन विष्ट, प्राची यादव बाराबंकी,नैनीताल से कमल चंद्र लोहनी,प्रोफसर डॉ शैलेन्द्र सिंह सहित कई हस्तियां शामिल हैं।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय नचौरा में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का निरीक्षण



**बलरामपुर।** रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, नचौरा (गैंसड़ी) में आयोजित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने कैंप में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया । स्वास्थ्य परीक्षण कैंप में बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच, एनीमिया स्क्रीनिंग, आंख, दांत, त्वचा एवं पोषण संबंधी परीक्षण किए जा रहे थे। सीएमओ ने बच्चों से संवाद कर उनके स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी ली और आवश्यकतानुसार उपचार व परामर्श उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंसड़ी के अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सीएमओ ने कहा कि विद्यालयों में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण से बच्चों की बीमारियों की समय पर पहचान संभव होती है, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को मजबूती मिलती है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि सभी बच्चों का परीक्षण गंभीरता से किया जाए और जिन बच्चों में किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या पाई जाए, उन्हें समय से उचित उपचार व रेफरल सुविधा सुनिश्चित की जाए।

# नगर पंचायत नगर के पांचवे स्थापना दिवस पर 10 करोड़ की 47 परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** शनिवार को नगर पंचायत नगर के पांचवे स्थापना दिवस पर भव्य समारोह आयोजित किये गये। नगर पंचायत कार्यालय पर अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने लगभग दस करोड़ की सैंतालिस परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इन्होंने उत्कृट योगदान के लिए क्षेत्र के पांच व्यापारियों गीता देवी, राधेश्याम सोनकर, बाबूराम गुप्ता, मंगल प्रसाद सोनी और राम बिलास कसौधन को दानवीर भामाशाह सम्मान प्रदान किया। नगर पंचायत के पांच स्वच्छता साथी कर्मियों योगेंद्र प्रसाद,अमित चौरसिया, राज कुमार वर्मा, शैलेश उपाध्याय और भरत राम को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। इसके पूर्व अध्यक्ष ने अमर शहीद राजा उदय प्रताप नारायण सिंह और स्वाधीनता सेनानी सरजू भगत निषाद के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर समारोह का विधिवत शुभारम्भ किया। श्रीमती राना ने कहा कि आदर्श नगर पंचायत नगर को भारत के नक्शे पर सर्वोच्च स्थान दिलाना उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि भेदभाव रहित विकास और गरीबों का उत्थान हमारी प्राथमिकता है। सेवा और विकास की गति धीमी नहीं पड़ने पाएगी। उत्तर प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख राना दिनेश प्रताप सिंह ने महापुरुषों और शहीदों की पावन भूमि को नमन करते हुए कहा कि नगर के विकास के बिना विकसित भारत की कल्पना साकार नहीं हो सकेगी। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ जी की भाजपा सरकार में तत्कालीन सांसद श्री हरीश द्विवेदी और तत्कालीन विधायक श्री रवि सोनकर के प्रयासों से नगर पंचायत की स्थापना हुई थी। उन्होंने स्वच्छ, स्वस्थ, समृद्ध और सुन्दर नगर बनाने के लिए सभी को मिलकर कदम उठाने की सलाह दिया।

अधिशासी अधिकारी सृष्टि सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि शासन की मंशा और जनहित के अनुरूप योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व मेजर चंद्र शेखर शुक्ल, सूर्य नारायण उपाध्याय, सभासद राजेश पाण्डेय, राम सजन यादव, संजय सोनकर, वीरेन्द्र कुमार, दिनेश चौरसिया, राजकुमार चौधरी, तुलसी राम,अखिलेश यादव, विजय साहनी, विजय जायसवाल, यशराज के के, नियाज अहमद, सत्यराम निषाद, बिन्दू लाल, संदीप कुमार, जगदीश पांडेय, मोहंती दूबे, प्रेम प्रकाश चौधरी,राकेश पाण्डेय, श्रुति अग्रहरि, शतीश मिश्रा, मोनू पाण्डेय, देवेश धर द्विवेदी, राधेश्याम पाण्डेय, चंद्र मणि मिश्र, पप्पू सिंह, मंटू सिंह राम नारायन यादव, बिपिन पाण्डेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### रंजिशन मारपीट को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर पीड़िता तथा उसके पति पर जानलेवा हमले को लेकर लालगंज पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के शीतलमउ निवासी सुभाष कुमार कोरी की पत्नी आरती ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती बीस दिसम्बर को ग्यारह बजे दिन वह अपने पति सुभाष के साथ सराय अवसान सिंह गांव में साफ सफाई करने गयी थी। पड़ोस के धर्मेन्द्र कोरी सुत मेवा लाल व उसकी मां प्रेमा देवी ने एक राय होकर दरवाजे पर पहुंचकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। धर्मेन्द्र ने पीड़िता का मंगल सूत्र तोड़ दिया। चीख पुकार सुनकर पीड़िता का पति बीच बचाव को पहुंचा तब आरोपी धर्मेन्द्र ने उसके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। चीखपुकार सुनकर आस पास के लोग दौड़े तब आरोपी जानलेवा धमकी देते भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी धर्मेन्द्र समेत दो के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज व जानलेवा धमकी का केस दर्ज किया है।

## बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र 12 साल की नाबालिग 6 माह की गर्भवती, नाबालिग आरोपी हिरासत मे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर बाजार थाना क्षेत्र में नाबालिग के साथ दुष्कर्म के एक मामले में पुलिस ने नाबालिग लड़के के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। चिकित्सकीय जांच में उसे छह माह की गर्भवती बताया गया है। पुलिस ने मामले की पुष्टि करते हुए इसे गंभीर अपराध बताया है। पिता ने नगर बाजार थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी नाबालिग बेटी के साथ गांव के ही एक नाबालिग लड़के ने दुष्कर्म किया है। बच्ची ने डर और सामाजिक दबाव के कारण काफी समय तक इस घटना के बारे में किसी को कुछ नहीं बता सकी। समय बीतने के साथ उसकी तबीयत बिगड़ती चली गई। शुक्रवार को जब बच्ची के पेट में असहनीय दर्द हुआ तो परिजन उसे डाक्टर के पास ले जाया गया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने बताया कि वह करीब छह माह की गर्भवती है। यह सुनते ही परिजनों के होश उड़ गये। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विश्व मोहन राय पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे और घटना के संबंध में प्राथमिक जांच की। उन्होंने पीड़िता व परिजनों से पूछताछ कर तथ्यों की पुष्टि की। बताया कि वादी की तहरीर के आधार पर आरोपी नाबालिग के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरसत मे लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गहन छानबीन की जा रही है और आगे विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

# सुशासन सप्ताह के तहत ग्राम सभा इक्का ताजपुर में चौपाल का आयोजन, 16 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

### ●प्रशासन गांव की ओर अभियानः इक्का ताजपुर में एंटी रेबीज वैक्सीन शिविर आयोजित



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अमेठी।** विकासखंड शुकुलबाजार अंतर्गत ग्राम सभा इक्का ताजपुर में भारत सरकार द्वारा संचालित 'सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम के तहत चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करना रहा। चौपाल के दौरान ग्रामीणों द्वारा कुल 16 शिकायतें प्रस्तुत की गई, जिनका संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया गया। शिकायतों के समाधान से ग्रामीणों में संतोष और विश्वास का माहौल देखने को मिला। इसी क्रम में ग्राम सभा इक्का ताजपुर के पांडेय का पुरवा में हाल ही में 9 लोगों को कुत्ते के काटने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह के निर्देशन में मौके पर एंटी रेबीज वैक्सीन (ऋङ्क) का विशेष शिविर आयोजित किया गया, जिसमें प्रभावित व्यक्तियों का समय से टीकाकरण किया गया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्रामीणों को रेबीज से बचाव, कुत्ते के काटने पर तत्काल किए जाने वाले उपाय, घाव की सफाई तथा समय पर टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही जनसामान्य को सतर्कता बरतने और किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की अपील की गई। कार्यक्रम के माध्यम से शासन की मंशा के अनुरूप प्रशासन को गांव तक पहुंचाकर जन समस्याओं का समाधान करने एवं स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक सार्थक पहल की गई।

# मदरसे के आठ तलबा ने मुकम्मल किया हिफ़्ज़-ए-क़ुरान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर/महराज गंज तराई -** मदरसा नूरुल उलूम अतीकिया में एक ख़ास और रुहानी माहौल में 'ख़तम-ए-क़ुरान' की तक़रीब आयोजित हुआ। जिसमें आठ तलबा ने पूरा कुरआन याद करने की कामयाबी हासिल की। जिन छात्रों ने कुरान मुकम्मल किया उनमे हाफिज गुलबार हाफिज साहिल,मेराज, अशरफ, मोहम्मद सुफयान,ने कुरान हासिल किया ।कार्यक्रम की सदारत मौलाना ज़ाकिर मिस्बाही ने फरमाया और मेहमान-ए-ख़ास के तौर पर मौलाना नूर मोहम्मद नईमुल कादरी और हाफिज रियाज़ अख़्तर मिस्बाही ने शिरकत किया। उलेमा-ए-किराम ने अपने बयानात में कहा कि क़ुरान को याद करना सबसे बड़ी नेमत और इबादत है। हाफ़िज़ बनने वाला अल्लाह के करम से उम्मत का रहनुमा होता है। नेक दिल से इबादत करने से उसके लिए जन्नत का दरवाजा खुला रहता। कुरान का अमल करने वाला ही अल्लाह का सच्चा बंदा है।

बच्चों को इनामात और दुआएं दी गई। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक दुआ में इलाक़े में इल्मी तरक़्क़ी और अमन-ओ-चैन की दुआ की गई। कार्यक्रम में मदरसे अध्यापक गण मुफ़्ती अब्दुर्रक़ीब मिस्बाही , मौलाना फैयाज अहमद मिस्बाही , मौलाना मोहिब्बुर्रसूल अशरफ़ी, क़ाई शहादत अली, कारी नूरुद्दीन रज़वी, मौलाना मोहम्मद शमीम , मौलाना खुर्शीद अहमद, मौलना मोहम्मद फारूक, मौलाना मोहम्मद फ़ारूक , मौलाना शेर अली सकाफ़ी, कारी शफ़ातुल्लाह रज़वी, रजब अली नईमी, सलमान रज़ा अशरफी, ग़ुलाम रब्बानी, मास्टर अब्दुल क़ादिर, मास्टर ग़ुलाम जिलानी, मास्टर राशिद नईम आदि स्थानीय समाज के कई मौअज्ज़ज़ अफराद ने बड़ी तादाद में शिरकत किया ।

# गरीबों में निःशुल्क वितरण किया कम्बल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** विधानसभा शोहरतगढ़ के विकास खण्ड नौगढ़ अन्तर्गत थाना क्षेत्र चिल्हिया के शाहा करौंदा चौराहे पर रविवार को गरीब कल्याण संस्था के तत्वावधान में संस्था द्वारा गरीब, लाचार, जरूरतमन्द, असहाय, विकलांगों तथा माता-पिता तुल्य बुजुर्ग पुरुषों व महिलाओं में रमेश चौहान की अध्यक्षता में सैकड़ों गरीबों में निःशुल्क कम्बल वितरण किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल यादव रहें। मंच संचालाक विधानसभा अध्यक्ष गौरव कुमार राजन विशिष्ट अतिथि के रुप उपस्थित रहें । कम्बल वितरण कार्यक्रम में सन्तोष चौधरी, सर्वजीत यादव, लक्ष्मण गुप्ता, फूलचन्द प्रजापति, बजरंगी प्रजापति, रामू कसौधन, अभिनव उपाध्याय, शिवपूजन विश्वकर्मा, सुनील गुप्ता, गिरीश रावत, दुर्गेश मौर्य, राहुल, विकास, दीपक मिश्रा सहित अन्य सैकड़ों जनमानस मौजूद रहें।

# पर्ची न मिलने से गन्ना किसानों का हंगामा, तौल केंद्र बंद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** जिले के विक्रमजोत सहकारी गन्ना समिति के अंतर्गत शुगर मिल रौजागांव के गन्ना क्रय केंद्र घेनुगांव में तौल टिकट न मिलने से आक्रोशित गन्ना किसानों ने हंगामा मचाते हुए गन्ने का तौल बंद करा दिया और जमकर प्रदर्शन किया। शुक्रवार को रघुनंदन सिंह, कृष्ण जीवन सिंह, सर्वजीत सिंह, सूबेदार, जिलेदार, रामदीर पासवान, रामस्वरूप मौर्य, रघुनाथ तिवारी सहित सैकड़ों किसान तौल कांटे पर चढ़ गए और नारेबाजी करने लगे। किसानों का कहना है कि जिनके पास खेती का रकबा ही नहीं, उनकी पर्चियां लगातार आ रही हैं और गरीब किसानों के गन्ने औने-पौने दामों पर नगद खरीदकर बेचे जा रहे हैं। वहीं पर्ची न मिलने पर किसान बेबस हैं और शोषण का शिकार बन रहे हैं।गन्ना तौल बंद होने की सूचना पर मौके पर पहुंचे रौजागांव चीनी मिल के सीडीओ विनोद कुमार सिंह ने किसानों से बातचीत की और उनकी समस्या सुनकर समाधान का आश्वासन भी दिया, पर किसानों का आक्रोश कम नहीं हुआ और तौल शुरू नहीं हो पाई। इस संबंध में सरकारी गन्ना समिति विक्रमजोत के सचिव अंगद वर्मा का कहना है कि घेनुगांव क्रय केंद्र के किसानों द्वारा शिकायत मिली है, जिसके संबंध में आरोपित किसानों को नोटिस दिया गया है। समय पर अभिलेख उपलब्ध न कराने पर उनके सट्टे को लॉक कर कार्यवाही की जाएगी। जल्द ही किसानों की समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा और पर्ची हर किसानों के यहां उपलब्ध होगी जिनका कोटा जैसा बना होगा उसी तरीके से उनकी समस्याएं हल करते हुए पर्ची दिया जाएगा।

### पुरानी रंजिश के चलते महिला को पीटा, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** पुरानी रंजिश के चलते महिला को गालियां देकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रकरण में महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्र के मोहल्ला विष्णुपुरा में रहने वाली रामरती पत्नी हरगोविन्द ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पड़ोस के गौरीशंकर, प्रमोद उर्फ भूरा, गजेन्द्र पुत्र छक्कीलाल के साथ महरौनी के इन्द्रा चौराहा निवासी अन्य व्यक्ति कमलेश ने पुरानी रंजिश के चलते बीते शनिवार को उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट की, जिससे वह घायल हो गयी। पीड़िता का आरोप है कि उक्त व्यक्ति आपराधिक किस्म का है और आये दिन उसे डराता-धमकाता रहता है, जिससे उसका अब घर से निकलना मुश्किल हो गया है। इस हमले में उसे बचाने आयी पुत्री के साथ भी मारपीट करते हुये उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत जनपद भर में बहु-बेटी सम्मेलन आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलरामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में मिशन शक्ति टीम एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा गांवों व कस्बों में 'बहु-बेटी सम्मेलन' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, बालिकाओं, आशा कार्यकत्रियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सम्मेलनों के दौरान महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, एम्बुलेंस सेवा 108, मिशन शक्ति केंद्र तथा वन स्टॉप सेंटर की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं को आत्मरक्षा के उपायों के साथ-साथ साइबर अपराध से बचाव के प्रति भी जागरूक किया गया। प्रतिभागियों को पंपलेट वितरित कर आवश्यक जानकारियां साझा की गई।

थानावार आयोजन इस प्रकार रहे– थाना तुलसीपुर क्षेत्र के ग्राम रमवापुर, थाना रेहरा बाजार क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर, थाना हरैया क्षेत्र के ग्राम गनवरिया, गुलरिहा व हिसामपुर, कोतवाली नगर क्षेत्र के ग्राम विशुनीपुर, थाना गौरा चौराहा क्षेत्र के ग्राम सोनपुर, थाना महराजगंज तराई क्षेत्र के ग्राम बालापुर, कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम समदा, थाना गैड़ास बुजुर्ग क्षेत्र के ग्राम नगवा, महिला थाना क्षेत्र के ग्राम समदा, थाना ललिया क्षेत्र के मथुरा बाजार, थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र के मुजहनी चौकी महदेइया तथा थाना पचपेड़वा क्षेत्र के ग्राम आजमडीह में बहु-बेटी सम्मेलन आयोजित किए गए। इन आयोजनों में ग्राम प्रधानों, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों तथा क्षेत्र की संभ्रांत महिलाओं की उपस्थिति रही। महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और स्वावलंबन के साथ-साथ विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित बहु-बेटियों को सुरक्षा जागरूकता की शपथ दिलाई गई और किसी भी समस्या या अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन से संपर्क करने का संदेश दिया गया। बलरामपुर पुलिस मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

## प्रवक्ता पूजा पाण्डेय ने संस्था के माध्यम से सात अति जरुरतमंदों मे भेंट किए कम्बल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**जगदीशपुर अमेठी।** सर्दी के मौसम के दृष्टिगत प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी प्रबुद्धजनों के सौजन्य से विभिन्न क्षेत्रों मे पहुंचकर अति जरुरतमंदो मे सर्दी से बचाव हेतु शाल/कम्बल भेंट कर रहे हैं उसी क्रम मे राजकीय बालिका इंटरकालेज जगदीशपुर मे प्रवक्ता पद पर कार्यरत शिक्षा क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली पूजा पाण्डेय के सौजन्य से संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर सात अति जरुरतमंदों मे कम्बल भेंट किए वहीं पात्रों ने प्रवक्ता पूजा पाण्डेय एवं संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी को दुआंए देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की बताते चलें कि संस्था प्रबंधक स्वयं जरुरतमंदों की लिस्ट बनाकर जरुरतमंदों के बीच पहुंचकर यथासंभव उनकी सेवा करने का प्रयास करते हुए देखे जाते हैं वहीं सर्दी से बचाव हेतु गौ आश्रय केन्द्रों पर पहुंचकर यथासंभव जूट कोट पहनाने का भी कार्य करते हुए देखे जाते हैं जिससे समाज का प्रत्येक वर्ग उनकी निस्वार्थ भावना एवं कुशल नेतृत्व मे संस्था द्वारा कराए जा रहे पुनीत कार्यो की सराहना कर रहा है और उनका सहयोग भी कर रहा है समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि पूजा पाण्डेय संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यो मे सहयोग करती रहती हैं जिससे संस्था को बल मिलता है संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि अब तक प्रबुद्धजनो के सहयोग से दो सौ से अधिक कम्बल/शाल का वितरण किया जा चुका है संस्था सभी सम्मानित प्रबुद्धजनो का हार्दिक आभार व्यक्त करती है और भविष्य मे भी इसी तरह से सहयोग मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन की अपेक्षा रखती है।

# दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों के लिये शिविर का होगा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय वयोश्री योजना एवं एडिप योजना के तहत आगामी 23 दिसम्बर को लालगंज एवं सांगीपुर ब्लाक मुख्यालय पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ जनों की सुविधाओं के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। वहीं अगले दिन 24 दिसम्बर को यह शिविर रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक में लगेगा। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा लगाये जाने वाले शिविर में दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों को जीवन सहायक उपकरण वितरित किये जाने हेतु चयनित किया जायेगा। शिविर के संयोजक सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि निःशुल्क परीक्षण शिविर में चयनित लाभार्थियों को पात्रता के अनुरूप प्रमाण पत्र, ट्राईसाइकिल, मोटराइज्ड साइकिल, ब्हील चेयर, बैसाखी, नेत्र विकलांग स्मार्ट स्टिक, इयर मशीन आदि के वितरण हेतु चयनित किया जायेगा। शिविर के आयोजन को लेकर रविवार को हुई तैयारी बैठक में केडी मिश्रा, ब्लाक प्रमुख अमित प्रताप सिंह, चेयर पर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, डॉ. अमिताभ शुक्ल, छोटे लाल सरोज, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी आदि मौजूद रहे।

# प्राकृतिक व जैविक खेती में सहायक है नंदबाबा दुग्ध मिशन योजना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** नंदबाबा दुग्ध मिशन योजना प्राकृतिक एवं जैविक खेती को सीधे तौर पर बढ़ावा देने वाली एक महत्वपूर्ण योजना है। यह योजना उच्च उत्पादकता वाली स्वदेशी गायों की नस्लों जैसे गिर एवं साहीवाल के संरक्षण और संवर्धन को प्रोत्साहित करती है। इस संबंध में विकास खंड बैतालपुर के पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी ने बताया कि नंदबाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत संचालित गो-संवर्धन योजना, मिनी नंदिनी एवं नंदिनी योजना में गिर एवं साहीवाल जैसी देशी नस्ल की गायों की खरीद पर 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि इन देशी गायों से प्राप्त गोबर एवं गौमूत्र प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले जीवामृत, घन जीवामृत एवं बीजामृत जैसे महत्वपूर्ण जैविक खाद एवं जैव-कीटनाशकों का मुख्य स्रोत हैं। इससे खेतों में रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम होती है और मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है। श्री तिवारी ने आगे बताया कि यह योजना पशुपालन को खेती से जोड़ती है, जिससे पशुधन से प्राप्त संसाधन सीधे खेतों के लिए उपयोगी बनते हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत देसी नस्ल की उच्च दुग्ध उत्पादन करने वाली गायों के लिए 10,000 से 15,000 प्रति पशु तक प्रोत्साहन राशि दी जाती है, जिससे बेहतर नस्लों का संरक्षण होता है और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिलता है।

# युवाशक्ति संवाद कार्यक्रम में आज शामिल होंगे प्रमोद तिवारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज सोमवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी दिन में बारह बजे लालगंज के समीप वर्मानगर स्थित जमुना प्रसाद यादव माध्यमिक विद्यालय में युवा शक्ति संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके बाद वह दिन में डेढ़ बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई व कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। अपरान्ह तीन बजे सांसद प्रमोद तिवारी बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगे। वह इसके बाद पूरे मना रेहुआ लालगंज व मनौती में भी आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी है।

# संक्षिप्त खबरें

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली पर ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के समीप स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष है। बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव से परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपकर सुधार की मांग की है। ऐहार गांव निवासी वीरेंद्र, हरिशंकर, रमेष तिवारी, रामबाबू, पवन यादव, रामस्वरूप, रीना सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र में बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते कई वर्षों से एमबीबीएस चिकित्सक की तैनाती नहीं की गई है। वर्तमान में केवल आयुष चिकित्सक के भरोसे मरीजों का उपचार किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि आयुष चिकित्सक भी समय से अस्पताल नहीं पहुंचतीं। इससे मरीजों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। मरीजों को घंटों गेट के बाहर इंतजार करना पड़ता है। कई बार गंभीर रोगी बिना इलाज लौटने को मजबूर हो जाते हैं।आरोप है कि अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट और वार्ड बॉय मरीजों को दवाइयां दे रहे हैं। वार्ड बॉय ही इंजेक्शन भी लगाते है। इस स्थिति में मरीजों के जीवन के लिए खतरा बना हुआ है। प्रशिक्षित चिकित्सक के अभाव में मरीजों का सही इलाज नहीं हो रहा है। बताया कि बीते दो वर्षों से अस्पताल के भंडार में आयुष की दवाइयां उपलब्ध नहीं हैं। इसके बावजूद आयुष चिकित्सक एलोपैथिक दवाओं से इलाज कर रही है। इससे मरीजों के स्वास्थ्य के साथ गंभीर खिलवाड़ हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शीघ्र एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति की जाए। ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

## दोहरी हत्या से गांव में पसरा सन्नाटा, महिला का अंतिम संस्कार पति के आने तक टला

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के जगतपुर भिचकौरा गांव में शनिवार को हुई दोहरी हत्या की घटना के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। नृशंस वारदात से ग्रामीण सहमे हुए हैं और हर चेहरा गमगीन नजर आ रहा है। रविवार शाम पंचायत मित्र सीमा का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा, जबकि आरोपी राम सुमेर रैदास का शव उसके ससुरालीजन अंबरपुर गांव ले गए, जहां परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। पंचायत मित्र सीमा का अंतिम संस्कार रविवार को नहीं हो सका। परिजनों ने बताया कि सीमा का पति राजेंद्र अभी पुणे से घर नहीं पहुंचा है। पति के आने के बाद ही अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस कारण सीमा का शव गांव में ही रखा गया है, जिससे गांव का माहौल और भी शोकाकुल हो गया।

पूरे दिन गांव में सन्नाटा छाया रहा। लोग घरों से कम ही बाहर निकले और घटना को लेकर आपस में तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं। हर कोई इस दोहरी मौत की घटना से स्तब्ध है। गौरतलब है कि शनिवार दोपहर गांव निवासी राम सुमेर रैदास ने पंचायत मित्र सीमा की गड़ासे से काटकर हत्या कर दी थी। इसके कुछ समय बाद राम सुमेर का शव गांव के ही प्राथमिक विद्यालय के पास सरसों के खेत में पड़ा मिला था। दोहरी मौत की इस घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के निष्कर्षों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से 30 वर्षीय की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

दुर्घटना/हादसा

**महराजगंज/रायबरेली।** क्षेत्र के पूरे सुब्बा मजरे सीवन गांव निवासी बाइक सवार लवलेश 30 वर्ष पुत्र रामनरायन की शुक्रवार देर शाम रायबरेली से घर आते समय थुलवांसा के पास अज्ञात वाहन से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी महराजगंज पहुंचाया गया। जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया था। शनिवार देर रात जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही क्षेत्र में शोक की लहर है। महराजगंज कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि मृतक बाइक सवार लवलेश के पिता राम नरायन सिंह की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। टक्कर मारने वाले वाहन चालक की तलाश कर कार्यवाही की जाएगी।

# ऑपरेशन के बाद प्रसूता की हुई दर्दनाक मौत, लापरवाही के आरोप में निजी अस्पताल सीज, जांच जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीतापुर** जनपद सीतापुर के बिसवा कोतवाली क्षेत्र के सांडा इलाके में एक प्रसूता की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग और निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। आरोप है कि निजी आयुष्मान हेल केयर हॉस्पिटल में ऑपरेशन के दौरान लापरवाही के चलते महिला की हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई मामले की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया और अस्पताल को सीज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इमरान अपनी पत्नी शहनूर बानो को शनिवार देर रात प्रसव पीड़ा होने पर सीतापुर स्थित आयुष्मान हॉस्पिटल लेकर पहुंचा था परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में मौजूद डॉक्टर अभिषेक मिश्रा ने बिना अधिक जांच के तत्काल ऑपरेशन करने की बात कही ऑपरेशन के दौरान महिला की हालत अचानक बिगड़ गई और अत्यधिक रक्तस्त्राव होने लगा। आरोप है कि स्थिति संभालने के बजाय डॉक्टर ने महिला को लखनऊ रेफर कर दिया। परिजनों का कहना है कि जब तक रेफर किया गया, तब तक महिला की हालत बेहद नाजुक हो चुकी थी लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही शहनूर बानो ने दम तोड़ दिया महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और अस्पताल के बाहर हंगामा शुरू हो गया। परिजनों ने डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है घटना की सूचना मिलने पर सीएचसी अधीक्षक मौके पर पहुंचे और अस्पताल का निरीक्षण किया प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर आयुष्मान हॉस्पिटल को तत्काल सीज कर दिया गया स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल से संबंधित दस्तावेज और रिकॉर्ड भी कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सीएचसी अधीक्षक ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने पर संबंधित डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी वहीं पुलिस भी पूरे मामले की जांच कर रही है पीड़ित परिवार ने थाने में तहरीर दी है!!

# चलती XUV कार बनी आग का गोला, धुआं उठते ही चालक और साथी कार छोड़कर निकले बाहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के विकास खंड पहला क्षेत्र के ग्राम सिरकोहिया मजरा भरथर में शनिवार देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक चलती महिंद्रा ङ्कङ्क कार अचानक आग का गोला बन गई घटना के दौरान चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। आग लगते ही सड़क पर हड़कंप मच गया और आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। वीर बहादुर सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी अरसेना मजरा अपनी XUV कार संख्या UP32 MW 5812 से देर रात घर से खेत देखने जा रहे थे। जैसे ही वह अपने खेत की मेड़ के पास पहुंचे, तभी अचानक कार के इंजन के आगे बोनट से धुआं निकलने लगा। स्थिति भांपते हुए चालक ने तत्काल गाड़ी रोक दी और अपने साथियों के साथ बाहर निकल आया। कुछ ही पलों में धुआं आग की ऊंची-ऊंची लपटों में तब्दील हो गया और कार देखते ही देखते आग का गोला बन गई घटना की सूचना ग्रामीणों द्वारा तुरंत डायल 112 और फायर ब्रिगेड को दी गई सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी घटना के दौरान राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। चालक और उसके साथी समय रहते कार से बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, कार के पूरी तरह जल जाने से वाहन स्वामी को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। प्राथमिक तौर पर इंजन में शॉर्ट सर्किट या तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मौके का मुआयना किया और घटना की जानकारी ली। वहीं अचानक हुई इस घटना से ग्रामीणों में कुछ समय के लिए दहशत का माहौल बन गया पुलिस व प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है!!

## ब्लैकमेल करके छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी छात्र को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




**महराजगंज, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के एक कॉलेज के सीनियर ने अपने ही कॉलेज की बीए की छात्रा के साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बनाकर उसे लंबे समय तक ब्लैकमेल किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पीड़ित छात्रा द्वारा शुक्रवार को पुलिस को दी गई तहरीर में कॉलेज के ही सीनियर छात्र सौरभ मौर्य ने पहले उसे अपने जाल में फंसाया और फिर उसकी अश्लील वीडियो बना ली। आरोपी उस वीडियो के जरिए छात्रा को डरा-धमकाकर ब्लैकमेल करते हुए कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। छात्रा की शिकायत के बाद हरकत में आई पुलिस ने आरोपी छात्र सौरभ मौर्य और उसके पिता के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया था। रविवार को पुलिस टीम ने आरोपित छात्र को कैर नइया नाले के पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# मलिहाबाद में ज्वेलरी शॉप पर फिल्मी अंदाज़ में धावा: शटर तोड़ा, वाई-फाई काटा, DVR ले उड़े चोर, 30 किलो चांदी व 150 सोने के जेवर साफ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मलिहाबाद।** राजधानी के मलिहाबाद क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं। यहाँ मिर्जागंज मुख्य बाजार में बीती देर रात चोरों ने पुलिस गश्त की पोल खोलते हुए फ़ज़ल ज्वेलर्स की दुकान में बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। चोर दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपये के जेवर पर हाथ साफ़ कर गए।शटर तोड़ा वाईफाई काटा और डीवीआर भी ले उड़े घटना के तरीके से जाहिर होता है कि चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे। चोरों ने दुकान के वाईफाई कनेक्शन काट दिए और सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी उखाड़ कर अपने साथ ले गए।30 किलो चांदी और सोने के जेवरात गायब पीड़ित दुकानदार यूसुफ वली बेग जब उन्होंने सुबह दुकान की हालत देखी तो आवाक रह गए। उन्होंने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि चोर दुकान में रखे लगभग 30 किलो चांदी और करीब 150 सोने के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। इस चोरी की कुल कीमत लाखों में है।

मौके पर पहुंची पुलिस और डॉग स्क्वायड करोड़ों की चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में एडीसीपी और स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने डॉग स्क्वायड और सर्विलांस टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अब आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग मिल सके। अधिकारियों ने पीड़ित को जल्द से जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है। वारदात के बाद मलिहाबाद व्यापार मंडल में गहरा आक्रोश है। व्यापारियों ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। व्यापार मंडल ने इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी को ज्ञापन सौंपते हुए बाजार में रात की गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया घटनाक्रम के खुलासे के लिए सर्विलांस टीम,डॉग,फिगर प्रिंट,क्राइम ब्रांच सहित 3 टीमें लगाई गई है जल्द ही घटना का अनावरण किया जाएगा।

# शिक्षा के साथ संस्कार जरुरी- शैलेन्द्र अग्निहोत्री

**जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न**

**रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से बच्चों ने मोहा मन, प्रतिभाओं का हुआ सम्मान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र स्थित जेपीएस किड्स प्ले पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय हिंदू महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रख्यात समाजसेवी शैलेंद्र अग्निहोत्री उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री अग्निहोत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके उपरांत विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य और नाट्य मंचन ने समारोह को अत्यंत आकर्षक एवं यादगार बना दिया।नाटकों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करते हुए जागरूकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के मेधावी एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय से पास आउट होकर विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों में चयनित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र- छात्राओं के अभिभावक, गुरुबक्शगंज क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग समारोह स्थल पर उपस्थित रहे और बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। मुख्य अतिथि शैलेंद्र अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों की भूमिका सबसे अहम होती है।उन्होंने कहा कि शिक्षक यदि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कार भी दें,तो बच्चे जीवन में ऊंचाइयों को अवश्य छूते हैं। विद्यालय की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियां यह दर्शाती हैं कि शिक्षक और विद्यार्थी दोनों ही पूरी निष्ठा और मेहनत से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां अत्यंत आवश्यक हैं।ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और कौशल विकास में सहायक होते हैं। अंत में उन्होंने छात्रों से जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन तालियों की गड़गड़ाहट और बच्चों के उत्साह के साथ हुआ। उल्लेखनीय है कि समस्त कार्यक्रम बब्बी शुक्ला जागरण पार्टी रायबरेली द्वारा प्रस्तुत किए गए।वहीं डॉ तहसीलदार सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। इस मौके पर शिवाकांत शुक्ला मैनेजर, मोहित शुक्ला प्रेसिडेंट, रोहित शुक्ला डायरेक्टर, अशोक शुक्ला, राजेश श्रीवास्तव अध्यक्ष पहलवान वीर बाबा मंदिर, राजेश सिंह अखिल भारतीय जिला उपाध्यक्ष, महेंद्र अग्रवाल संरक्षक अखिल भारतीय हिंदू महासभा, जितेंद्र पटेल, संजय बाजपेई, उपेंद्र सिंह, लाल गुप्ता, प्रेम नारायण पांडेय, राजन मिश्रा, विजय दीक्षित, गिरीश दादा, अजय प्रकाश सिंह, आशुतोष आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, चालक फरार

दुर्घटना/हादसा

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के घोसियाना मोहल्ला निवासी मनीष सोनी (32) पुत्र उदय नारायण सोनी शनिवार की शाम बाइक से रायबरेली से लालगंज की ओर आ रहे थे। इसी दौरान टोल टैक्स के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में मनीष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मनीष की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक की मां सुमन, भाई आशीष तथा बहनें प्रियंका, नेहा और प्रिया का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी परिजनों की ओर से तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## लापता युवती की मौत का रहस्य सुलझा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की आशंका ख़ारिज, डूबने से हुई थी मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दुर्घटना/हादसा

**सीतापुर** जनपद सीतापुर के हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बलरामपुर मजरा गुरधपा में लापता युवती का शव तालाब में मिलने के मामले में पुलिस की उलझन को पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने उलझा दिया है। डॉक्टरों के पैनल द्वारा वीडियोग्राफी के साथ किए गए पोस्टमार्टम में युवती की हत्या की आशंका को खारिज करते हुए उसकी मौत तालाब में डूबने से होना बताया गया है रिपोर्ट सामने आने के बाद मामले की तस्वीर काफी हद तक साफ हो गई है। गौरतलब है कि शिवानी (19 वर्ष) पुत्री शिशुपाल यादव गुरुवार दोपहर से लापता थी। परिजनों की सूचना पर हरगांव थाने में गुमशुदगी दर्ज की गई थी शुक्रवार देर रात गांव के पास स्थित घर से करीब 500 मीटर दूर तालाब से उसका शव बरामद हुआ था वहीं कुछ दूरी पर उसकी चप्पले बरामद हुई थी शव मिलने के बाद पिता शिशुपाल यादव ने अज्ञात लोगों पर हत्या कर शव तालाब में फेंके जाने की आशंका जताई थी, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शनिवार को डॉक्टरों के एक पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार युवती के शरीर पर किसी भी प्रकार की चोट के निशान नहीं पाए गए हैं रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि युवती के शरीर के अंदर पानी पाया गया जो डूबने से मौत की पुष्टि करता है डॉक्टरों के अनुसार शव पर संघर्ष या हिंसा के कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि युवती की मौत किसी बाहरी हमले के कारण नहीं, बल्कि तालाब में डूबने से हुई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है हरगांव थाना पुलिस का कहना है कि मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही थी पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्थिति स्पष्ट हो गई है, फिर भी पुलिस अन्य आवश्यक जांच औपचारिकताएं पूरी कर रही है एएसपी आलोक सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है!!

# पंपिंग सेट से पानी निकाल रहे किसान, माइनर फटने से खेतों में भरा था पानी, फसल को भारी नुकसान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीतापुर** जनपद सीतापुर के महमूदाबाद क्षेत्र में नहर की माइनर फटने से हड़कंप मच गया नहर कॉलोनी से लेकर बन्नी और रमुवापुर तक के खेतों में पानी भर गया। रविवार सुबह हुई इस घटना से किसानों की खड़ी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं अचानक पानी आने से खेत तालाब में बदल गए, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है स्थानीय किसानों के अनुसार, माइनर फटने के बाद तेज बहाव के साथ पानी खेतों में घुस गया इससे सरसों, गेहूं और अन्य रबी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। किसान कई घंटों से मोटर पंप लगाकर खेतों से पानी निकालने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पानी की अधिक मात्रा के कारण उन्हें राहत नहीं मिल पा रही है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द जल निकासी नहीं हुई तो फसलें पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगी सूचना मिलने पर शनिवार को सिंचाई विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कटान वाली जगहों पर मिट्टी डालकर भराव कराने का प्रयास किया।

हालांकि, ग्रामीणों का आरोप है कि मरम्मत कार्य आधा-अधूरा होने के कारण कुछ स्थानों पर दोबारा कटान शुरू हो गया है फिलहाल माइनर से पानी का बहाव कुछ कम हुआ है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि खतरा अभी टला नहीं है और माइनर किसी भी समय फिर से फट सकती है। माइनर फटने का असर केवल खेतों तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि आसपास के कई घरों के सामने भी पानी भर गया है। इससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए स्थिति और भी कठिन हो गई है ग्रामीणों और प्रभावित किसानों ने प्रशासन से माइनर की स्थायी मरम्मत कराने और उन्हें मुआवजा देने की मांग की है वहीं, सिंचाई विभाग का कहना है कि वे स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं और जल्द ही स्थायी समाधान किया जाएगा!!

# योगासना स्पोर्ट्स फाउंडेशन की कार्यकारिणी बैठक सम्पन्न, पारंपरिक भारतीय खेलों को पुनर्जीवित करने का लिया संकल्प

● ......2026 में योग के साथ मल्लखम्भ, कबड्डी, खो-खो, गटका समेत कई खेलों की राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर होंगी बड़ी प्रतियोगिताएं।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विजय नगर क्षेत्र में रविवार को योगासना स्पोर्ट्स फाउंडेशन ऑफ उत्तर प्रदेश की एक महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। 'योगेन सह पारम्परिक क्रीड़ा' के ध्येय वाक्य के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में योगासन के साथ-साथ भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली खेल परंपरा के संरक्षण और संवर्धन पर गहन विचार-विमर्श हुआ। मुख्य संरक्षक एवं पूर्व प्रशासनिक अधिकारी अजय दीप सिंह के निवास पर सम्पन्न हुई इस बैठक में वर्ष 2026 के खेल कैलेंडर पर विस्तृत चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि फाउंडेशन अपनी गतिविधियों को केवल योगासन तक सीमित न रखकर मल्लखम्भ, खो-खो, कबड्डी, गटका, दंगल, लाठी-कला और शूट बॉक्सिंग जैसे पारंपरिक भारतीय खेलों के प्रचार-प्रसार के लिए जमीनी स्तर पर ठोस कार्य करेगा। बैठक में वर्ष 2026 के दौरान इन खेलों के लिए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की बड़ी प्रतियोगिताओं के आयोजन की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

विशेष रूप से एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी अवनीश पाण्डेय को उनके सराहनीय कार्यों के लिए अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया, जिनकी संगठन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष युसूफ बेग ने कहा कि भारत की असली पहचान योग और पारंपरिक खेलों में निहित है और संगठन इन विधाओं में छिपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उत्तर प्रदेश को खेल जगत में अग्रणी बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं जनरल सेक्रेटरी डॉ. महेश लाल एवं कोषाध्यक्ष आचार्य सुरेश कुमार ने वर्ष 2026 की प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी देते हुए ग्रामीण अंचलों के खिलाड़ियों को मुख्यधारा से जोड़ने को संगठन का प्रमुख लक्ष्य बताया। बैठक के समापन पर सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन इस बात का स्पष्ट संकेत है कि योगासना स्पोर्ट्स फाउंडेशन आने वाले समय में उत्तर प्रदेश में भारतीय पारंपरिक खेलों को नई पहचान और नई ऊंचाइयां देने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से साइकिल सवार छात्रा की मौत

● पिता की मौत के बाद मां मिथलेश का सहारा बनी बेटी सड़क हादसे में खोई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के डलमऊ रोड स्थित बहाई गांव के पास रविवार दोपहर तेज रफ्तार और बेकाबू कार ने साइकिल सवार छात्रा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

बहाई गांव निवासी रिया (15) पुत्री स्वर्गीय पवन मौर्य दोपहर करीब दो बजे अपनी दादी रामश्री को गांव की बाजार छोड़कर साइकिल से घर लौट रही थी। जैसे ही वह मुख्य सड़क पर पहुंची, डलमऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रिया सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई।

मौके पर मौजूद लोगों ने उसे ई-रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। रिया चांदा टीकर स्थित एक निजी विद्यालय में कक्षा 10 की छात्रा थी और पढ़ाई में होनहार बताई जा रही है। वह दो बहनों में छोटी थी। बड़ी बहन प्रिया का विवाह हो चुका है। करीब दस वर्ष पहले लंबी बीमारी के चलते उसके पिता का निधन हो गया था।

हादसे की सूचना मिलते ही मां मिथलेश



और दादी रामश्री का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतका की मां ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। पंचायतनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# जंगल से जुड़ती सड़कें: प्रगति और संरक्षण का मध्य प्रदेश मॉडल

**[ इको-हाईवे से इको-भविष्य तक: बाघों के साथ चलता भारत ]**

**[ प्रकृति के साथ प्रगति: भारत का पहला वन्यजीव-सुरक्षित राजमार्ग ]**

भारत के हृदय में बसा मध्य प्रदेश आज विकास और संरक्षण के अद्भुत संतुलन की मिसाल बनकर उभर रहा है। यह वही भूमि है जिसे 'टाइगर स्टेट' के रूप में जाना जाता है, और जो अब बाघों के प्राचीन वन-पथों को सुरक्षित रखने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठा रही है। यहां सड़कें केवल मनुष्यों की यात्रा का साधन नहीं रहीं, बल्कि जंगल के राजा को निर्बाध और सुरक्षित आवागमन का भरोसा भी देती हैं। देश का पहला राज्य-स्तरीय मल्टी-नेशनल पार्क टाइगर कॉरिडोर और भारत का पहला वन्यजीव-सुरक्षित राजमार्ग इस सोच को साकार करते हैं। ये पहलें केवल बढ़ती बाघ आबादी के संरक्षण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि उस दूरदर्शी दृष्टिकोण का प्रतीक हैं जहां विकास और प्रकृति साथ-साथ चलते हैं, और इंसान व जंगल एक-दूसरे के सहयात्री बनते हैं।

मध्य प्रदेश में बाघों की दुनिया सदैव सशक्त और जीवंत रही है। कान्हा, बांधवगढ़, पेंच और पन्ना जैसे टाइगर रिजर्व राज्य की पहचान और गौरव हैं। लेकिन जैसे-जैसे बाघों की संख्या बढ़ी–2022 की गणना में 785 बाघों के साथ राज्य देश में शीर्ष पर रहा–वैसे-वैसे उनके सुरक्षित आवागमन की आवश्यकता और भी गंभीर हो गई। जंगल खंडों में बंट चुके हैं और राजमार्ग उन्हें चीरते हुए गुजरते हैं। ऐसे में हाल ही में घोषित टाइगर कॉरिडोर एक ऐतिहासिक पहल बनकर सामने आया है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अगस्त 2025 में 961 किलोमीटर लंबे चार-लेन कॉरिडोर की घोषणा की, जो कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना और पेंच को आपस में जोड़ेगा। 5,500 करोड़ रुपये की यह परियोजना न केवल पर्यटन को नई ऊंचाई देगी, बल्कि सुबह कान्हा और शाम बांधवगढ़ में सफारी का सपना भी साकार करेगी।

लेकिन यह कॉरिडोर महज़ एक सड़क नहीं, बल्कि वन्यजीवन की जीवनरेखा है। दिसंबर 2025 में सार्वजनिक कार्य विभाग मंत्री राकेश सिंह ने घोषणा की कि मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य-स्तरीय टाइगर कॉरिडोर विकसित कर रहा है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) और पीडब्ल्यूडी के सहयोग से बनेगा। इसमें वन क्षेत्रों में अंडरपास, धीमी गति वाले जोन और वन्यजीव-सुरक्षित डिजाइन शामिल होंगे। यह मल्टी-नेशनल पार्क कॉरिडोर बाघों की गति, पर्यटन और स्थानीय कनेक्टिविटी के बीच संतुलन साधेगा। इको-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, स्थानीय अर्थव्यवस्था सशक्त होगी और गांवों तक पहुंच सुगम बनेगी। यह गलियारा केवल बाघों के लिए नहीं, बल्कि हिरण, सांभर, जंगली सूअर और अन्य प्रजातियों के लिए भी सुरक्षित मार्ग बनेगा।

इसी दिशा में एनएच-45 पर विकसित भारत का पहला वन्यजीव-सुरक्षित राजमार्ग एक अनूठा प्रयोग है। भोपाल-जबलपुर को जोड़ने वाली इस सड़क का 12 किलोमीटर लंबा हिरन-सिंदूर खंड नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य और वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व से होकर गुजरता है। यहां 122 करोड़ रुपये की लागत से टेबल-टॉप लाल रोड मार्किंग्स लगाई गई हैं–जो भारत में पहली बार हैं। ये लाल पट्टियां ऊंची नहीं हैं, लेकिन इतनी उभरी हुई हैं कि वाहन स्वाभाविक रूप से धीमे हो जाते हैं। लाल रंग का चयन सोच-समझकर किया गया, क्योंकि यह तुरंत ध्यान आकर्षित करता है और चालकों को चेतावनी देता है कि वे वन्यजीव क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। पारंपरिक स्पीड ब्रेकरों की तरह झटका नहीं लगता, बल्कि गति सहज रूप से नियंत्रित हो जाती है।



इसके साथ 25 वन्यजीव अंडरपास बनाए गए हैं, जिनसे जानवर सड़क के नीचे से सुरक्षित आवागमन कर सकें। दोनों ओर आठ फीट ऊंची लोहे की बाड़ लगाई गई है, जो उन्हें स्वाभाविक रूप से अंडरपास की दिशा में मार्गदर्शित करती है। छोटे पुलों पर लगाए गए कैमरे वन्यजीवों की गतिविधियों पर निरंतर नजर रखते हैं। मध्य प्रदेश में पशु-वाहन टक्करें एक बड़ी समस्या रही हैं–पिछले दो वर्षों में ऐसे 237 मामले दर्ज हुए, जिनमें 94 मौतें हुईं। ये आंकड़े स्पष्ट करते हैं कि ऐसी पहल कितनी अनिवार्य थी। ग्रीन हाईवे पॉलिसी 2015 के तहत यदि यह प्रयोग सफल रहता है, तो इसे देशभर के जंगली राजमार्गों पर लागू किया जा सकता है।

ये पहलें केवल इंजीनियरिंग की उपलब्धि नहीं, बल्कि एक सोच का परिवर्तन हैं। जहां कभी विकास और संरक्षण आमने-सामने खड़े दिखते थे, आज वे एक-दूसरे के सहायक बनते नजर आ रहे हैं। बाघों की बढ़ती संख्या–जो अब 3,682 तक पहुंच चुकी है और विश्व की 75% आबादी का प्रतिनिधित्व करती है–इस बात का प्रमाण है कि 1973 से चला आ रहा प्रोजेक्ट टाइगर सफल रहा है। फिर भी चुनौतियां कम नहीं हैं। केवल 2025 में ही राज्य में 54 बाघों की मौत हुई, जो अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। क्षेत्रीय संघर्ष, अवैध शिकार और कभी-कभी खनन परियोजनाएं अब भी खतरा बनी हुई हैं। इसके बावजूद, ये नए कॉरिडोर और सुरक्षित सड़कें भविष्य के प्रति आशा जगाती हैं।

स्थानीय समुदायों की भागीदारी इस प्रयास को और भी अर्थपूर्ण बनाती है। इको-टूरिज्म से रोजगार के अवसर सृजित होंगे और गांववाले ग्रीन कॉरिडोर के संरक्षक बनेंगे। बच्चे स्कूल जाते हुए लाल सड़क पर देखेंगे कि इंसान किस तरह जंगल के साथ सहअस्तित्व सीख रहा है। एक बाघ का सुरक्षित गुजरना केवल उसकी जान नहीं बचाता, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करता है–क्योंकि जहां बाघ होते हैं, वहां जंगल जीवित रहते हैं।

यह कहानी केवल मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे भारत की है। यहां लाल रंग की सड़कें अब खतरे का नहीं, बल्कि जीवन का संकेत बन रही हैं। यहां टाइगर कॉरिडोर बाघों को नहीं, हमें यह याद दिलाता है कि हम प्रकृति के स्वामी नहीं, उसके मेहमान हैं। यदि इन पहलों को आगे बढ़ाया गया, तो आने वाली पीढ़ियां न केवल बाघों की दहाड़ सुनेंगी, बल्कि एक संतुलित और स्वस्थ दुनिया में सांस भी लेंगी। यह एक नई शुरुआत है–जंगल और सड़क का अनोखा संगम, जहां विकास की गति प्रकृति के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत',**

# अनंत के स्वामी: रामानुजन और गणित का अविचल दीप

**[ रामानुजन: संख्याओं का ऋषि, जिसने अनंत को शब्द दिया ]**

**[ सूत्रों के साधक रामानुजन: जिसकी सोच ने अनंत को आकार दिया ]**

जब मानवीय चेतना अपनी सीमाओं को लाँघकर अनंत से संवाद करने लगती है, तब इतिहास ऐसे महामानव को जन्म देता है जो गणित को केवल गणना नहीं, बल्कि साधना, दर्शन और आत्मानुभूति का शिखर बना देता है। ऐसे ही संख्याओं के द्रष्टा थे श्रीनिवास रामानुजन–सूत्रों के तपस्वी और अनदेखे सत्य के उद्घोषक। 22 दिसंबर उस दिव्य अवसर का स्मरण कराता है जब भारत की धरती पर ऐसी विलक्षण प्रतिभा का अवतरण हुआ, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि मानवीय मस्तिष्क की कोई सीमा नहीं होती, उसकी संभावनाएँ अनंत होती हैं। रामानुजन केवल गणितज्ञ नहीं थे; वे संख्याओं के द्रष्टा थे–ऐसे द्रष्टा जिन्होंने अनंत को केवल अनुभूत ही नहीं किया, बल्कि उसे सूत्रों, प्रतीकों और विचारों के माध्यम से संपूर्ण मानवता के लिए साकार कर दिया। रामानुजन का जीवन इस सत्य का जीवंत प्रमाण है कि प्रतिभा सुविधाओं की दासी नहीं होती। तमिलनाडु के इरोड नगर में जन्मे उस बालक के पास न धन था, न प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान, न ही कोई अकादमिक संरक्षण। फिर भी उसके भीतर एक ऐसी अग्नि जल रही थी, जो किसी भी बाधा से बुझने वाली नहीं थी। आर्थिक तंगी, सामाजिक सीमाएँ और औपचारिक शिक्षा की कमी–ये सब उसके मार्ग की कठिनाइयाँ थीं, पर उसकी जिज्ञासा, उसका विश्वास और उसकी एकाग्रता उससे कहीं अधिक प्रबल थे। जहाँ सामान्य मनुष्य परिस्थितियों के आगे झुक जाता है, वहीं रामानुजन ने परिस्थितियों को अपने सामने झुकने पर विवश कर दिया।

बचपन से ही संख्याएँ उनके लिए मात्र अंक नहीं थीं। वे उनके मित्र थीं, उनके स्वप्न थीं, उनका संसार थीं। जहाँ अन्य बच्चे खेल-कूद में मग्न रहते, वहीं रामानुजन संख्याओं की आंतरिक संरचना को समझने में लीन रहते। स्कूल की गणित उनके लिए शीघ्र ही अपर्याप्त सिद्ध हुई, और उन्होंने स्वयं ज्ञान की खोज आरंभ की। पंद्रह वर्ष की आयु में जब उन्हें जी. एस. कार की प्रसिद्ध गणितीय पुस्तक प्राप्त हुई, तो वह उनके लिए केवल पुस्तक नहीं रही–वह उनके जीवन का मार्गदर्शक ग्रंथ बन गई। उसी क्षण से उनकी नोटबुक्स में ऐसे सूत्र उतरने लगे, जिन्हें समझने में विश्व को आने वाले दशकों तक संघर्ष करना पड़ा।

रामानुजन के लिए गणित एक आध्यात्मिक अनुभूति थी। वे मानते थे कि उनके सूत्र किसी बौद्धिक प्रयास का परिणाम नहीं, बल्कि ईश्वरीय अनुकंपा का प्रसाद हैं। उनकी कुलदेवी नमगिरि उनके लिए प्रेरणा का स्रोत थीं। वे गणित और ईश्वर को अलग-अलग नहीं देखते थे; उनके लिए दोनों एक ही सत्य के दो रूप थे। अनंत श्रेणियाँ, निरंतर भिन्न, विभाजन फलन, मॉड्यूलर समीकरण और मॉक थीटा फलन–ये सब उनके लिए केवल गणितीय संरचनाएँ नहीं थीं, बल्कि ब्रह्मांड की उस भाषा के अक्षर थे, जिनमें सृष्टि स्वयं संवाद करती है। श्व (पाई) के लिए दी गई उनकी श्रृंखलाएँ आज भी आधुनिक गणना प्रणालियों का आधार हैं, और उनके सिद्धांत आधुनिक भौतिकी से लेकर ब्रह्मांड विज्ञान तक में प्रयुक्त हो रहे हैं।

1913 में लिखा गया उनका पत्र गणित के इतिहास की दिशा बदल देने वाला सिद्ध हुआ। जब यह पत्र कैम्ब्रिज के महान गणितज्ञ जी. एच. हार्डी के हाथ लगा, तो वे पहले चकित हुए, फिर विस्मित और अंततः नतमस्तक। दर्जनों मौलिक सूत्रों से भरे उस पत्र ने यह स्पष्ट कर दिया कि प्रतिभा किसी भौगोलिक सीमा की मोहताज नहीं होती। कैम्ब्रिज में हार्डी और रामानुजन की जोड़ी ने संख्या सिद्धांत




को नई ऊँचाइयाँ दीं। हार्डी-रामानुजन सूत्र आज भी गणित की आधारशिला माने जाते हैं। स्वयं हार्डी ने स्वीकार किया कि रामानुजन जैसी प्रतिभा जीवन में एक बार मिलती है–या शायद कभी नहीं। रामानुजन की नोटबुक्स केवल काग़ज़ों का संग्रह नहीं, बल्कि गणित के भविष्य का उद्घोष हैं। उनमें संचित हजारों सूत्र इस सत्य की साक्षी हैं कि उनकी दृष्टि अपने युग की सीमाओं से बहुत आगे तक पहुँच चुकी थी। उनकी मॉक थीटा फलन जैसी गूढ़ अवधारणाएँ इक्कीसवीं सदी में जाकर अपनी सम्पूर्ण अर्थवत्ता में समझी जा सकीं, जो इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि रामानुजन किसी एक कालखंड के गणितज्ञ नहीं थे। वे गणित के आने वाले युगों के शिल्पकार थे–ऐसे दूरदर्शी जिनका सृजन समय से आगे चल रहा था। उनका कार्य आज भी विश्वभर के शोधकर्ताओं को नई दिशाएँ प्रदान करता है और यह सिद्ध करता है कि सच्ची प्रतिभा घड़ी की सुइयों से नहीं बँधती, वह समय को स्वयं दिशा देती है।

इसी असाधारण योगदान के सम्मान में 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस घोषित किया गया। यह निर्णय केवल एक महान व्यक्ति को सम्मान देने का औपचारिक कार्य नहीं, बल्कि उस दृष्टिकोण का सार्वजनिक स्वीकार है जो गणित को भय का विषय नहीं, बल्कि संभावनाओं का संसार मानता है। यह दिन विद्यार्थियों को यह संदेश देता है कि गणित याद करने का नहीं, बल्कि सोचने, प्रश्न करने और खोजने का विषय है। रामानुजन का जीवन हमें सिखाता है कि साधन सीमित हो सकते हैं, परिस्थितियाँ कठिन हो सकती हैं, किंतु यदि संकल्प असीम हो, तो असंभव जैसा कुछ भी नहीं रह जाता।

आज, 22 दिसंबर को, जब हम श्रीनिवास रामानुजन की जयंती का स्मरण करते हैं, तब हम केवल एक महान गणितज्ञ को याद नहीं करते–हम उस चेतना को नमन करते हैं जिसने संख्याओं को आत्मा दी। हम उस अनंत दीप के सम्मुख नतमस्तक होते हैं, जो गणित के मंदिर में युगों से प्रज्वलित है और युगों तक प्रज्वलित रहेगा। समय बदलेगा, सिद्धांत विकसित होंगे, तकनीक नई ऊँचाइयों को छुएगी, किंतु रामानुजन की साधना, उनका तेज और उनकी प्रेरणा कभी क्षीण नहीं होगी। जब तक संख्याएँ जीवित रहेंगी, जब तक समीकरण गूँजते रहेंगे, श्रीनिवास रामानुजन अमर रहेंगे–अनंत को स्पर्श कर उसे संपूर्ण मानवता को अर्पित करने वाले महामानव के रूप में।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत',**

# आतंकवाद का नया पनाहगार बनता - बांग्लादेश

बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद बनी अंतरिम सरकार पर कट्टरपंथी और चरमपंथी ताकतों का प्रभाव लगातार बढ़ता दिखाई दे रहा है । इसके परिणामस्वरूप वहां रह रहे अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर अत्याचार की घटनाएं चिंताजनक स्तर तक पहुंच गई हैं। आए दिन हिंदुओं की हत्या, उनके घरों पर हमले तथा महिलाओं और बच्चियों की अस्मिता से खिलवाड़ की खबरें सामने आ रही हैं। विरोध करने पर पूरे परिवार को निशाना बनाया जाना यह दर्शाता है कि स्थिति कितनी भयावह हो चुकी है। अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के शासनकाल में हिंदुओं पर हिंसा की बढ़ती घटनाएं वहां की कट्टरपंथी मजहबी मानसिकता को उजागर करती हैं। यह स्थिति किसी से छिपी नहीं है, इसके बावजूद वैश्विक शांति की बात करने वाले अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र और मानवाधिकार संगठनों की चुप्पी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है । विडंबना यह है कि यदि भारत में अल्पसंख्यकों के विरुद्ध कोई छोटी-सी घटना भी होती है तो यही देश और संगठन मुखर होकर भारत की आलोचना करते हैं और प्रतिबंधों तक की बात करने लगते हैं।

पाकिस्तान वर्षों से आतंकवाद के सहारे भारत को अस्थिर करने का प्रयास करता रहा है और आज भी उसकी नापाक गतिविधियां जारी हैं। अब बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता और कट्टरपंथी सोच के चलते वह भी आतंकवाद का नया केंद्र बनता जा रहा है। अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध भारत की सख्ती से वहां के कट्टरपंथी तत्वों में आक्रोश बढ़ा है, जिसका बदला वे हिंदुओं पर अत्याचार करके निकाल रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद बांग्लादेश को परोक्ष रूप से कुछ वैश्विक शक्तियों का समर्थन मिल रहा है, जिसके कारण वहां की भारत-विरोधी ताकतें खुलकर बोलने लगी हैं । भारत आज विश्व की उभरती आर्थिक महाशक्ति है और एक विशाल बाजार के रूप में स्थापित हो चुका है। इसी कारण कुछ वैश्विक शक्तियां आतंकवाद को परोक्ष समर्थन देकर भारत की प्रगति को बाधित करना चाहती हैं।

भारत सरकार को बांग्लादेश सहित सभी पड़ोसी देशों की गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखनी होगी। अवैध घुसपैठियों के प्रति किसी भी प्रकार की नरमी देश की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। देश के नागरिकों को भी यह स्पष्ट संदेश देना होगा कि अवैध घुसपैठ का समर्थन करने वाली राजनीति अब स्वीकार्य नहीं है। आज आतंकवाद केवल भारत की नहीं, बल्कि पूरे विश्व की समस्या बन चुका है।



जब तक वैश्विक शक्तियां अपने व्यापारिक हितों से ऊपर उठकर आतंकवाद के खात्मे के लिए एकजुट नहीं होंगी, तब तक वैश्विक शांति एक सपना ही बनी रहेगी। अब समय आ गया है कि दुनिया दोहरे मापदंड छोड़कर आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक और ईमानदार पहल करे।

**अरविंद रावल**

# संपादकीय

## राजा की वापसी अकेलेपन, अपमान और आत्मविश्वास से फिर नीली जर्सी तक, अक्षर पटेल उपकप्तान



भारतीय क्रिकेट में वापसी की कहानियां नई नहीं हैं, लेकिन इशान किशन की वापसी साधारण नहीं कही जा सकती। यह सिर्फ एक खिलाड़ी का टीम में लौटना नहीं है, बल्कि उस मानसिक संघर्ष, चुपचाप की गई मेहनत और आत्मसम्मान की जीत की कहानी है, जिसे अक्सर स्कोरकार्ड नहीं माप सकता। जब चयन समिति ने दो साल बाद इशान किशन का नाम टी20 वर्ल्ड कप टीम में लिया, तो यह फैसला जितना चौंकाने वाला था, उतना ही प्रतीकात्मक भी। यह संदेश था कि क्रिकेट में दरवाजे बंद जरूर होते हैं, लेकिन अगर भीतर आग बाकी हो तो वे दोबारा खुल भी सकते हैं।

2023-24 का दौर इशान किशन के करियर का सबसे कठिन समय था। दक्षिण अफ्रीका दौरे से उन्होंने 'मानसिक थकान' का हवाला देकर नाम वापस लिया। उस एक फैसले ने उनके पूरे करियर की दिशा बदल दी। भारतीय क्रिकेट में, जहां निरंतरता और उपलब्धता को सबसे बड़ा गुण माना जाता है, वहां यह कदम मैनेजमेंट को रास नहीं आया। नतीजा यह हुआ कि वह न सिर्फ टीम से बाहर हो गए, बल्कि सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट भी हाथ से चला गया। जिन मैदानों पर कभी उनकी आक्रामक बल्लेबाजी की चर्चा होती थी, वहां अचानक सन्नाटा छा गया। आलोचनाएं शुरू हुईं, सवाल उठे, और यह तक कहा जाने लगा कि इशान किशन का अध्याय अब समाप्त हो चुका है।

लेकिन क्रिकेट सिर्फ आंकड़ों और चयन सूचियों का खेल नहीं है, यह धैर्य और आत्मविश्वास की परीक्षा भी है। इशान ने उस दौर में शोर नहीं मचाया। उन्होंने कोई सार्वजनिक सफाई नहीं दी, न ही चयनकर्ताओं पर निशाना साधा। वह बस चुपचाप मैदान पर लौटे, घरेलू क्रिकेट खेला, फिटनेस पर काम किया और सबसे अहम, अपने मन को संभाला। एक इंटरव्यू में उन्होंने फिल्म बाहुबली का डायलॉग याद किया। राजा जहां भी जाता है, राजा ही रहता है। यह कोई फिल्मी लाइन भर नहीं थी, बल्कि उनके लिए मानसिक संबल बन गई। जब चारों तरफ से संदेह था, तब यही विश्वास उन्हें आगे बढ़ाता रहा।

इशान किशन की खासियत हमेशा उनकी निडरता रही है। विकेटकीपर-बैटर के तौर पर वह पावरप्ले में मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। भारतीय टीम मैनेजमेंट इस समय ओपनिंग में ऐसे विकेटकीपर की तलाश में है, जो बल्लेबाजी में आक्रामक हो और टीम को संयोजन में लचीलापन दे सके। यही वजह है कि शुभमन गिल जैसे स्थापित खिलाड़ी को बाहर रखा गया। यह फैसला फॉर्म से ज्यादा भूमिका से जुड़ा था। इशान इस भूमिका में फिट बैठते हैं। उनके होने से टीम को अतिरिक्त बल्लेबाज या ऑलराउंडर खिलाने की आजादी मिलती है, जो टी20 क्रिकेट में निर्णायक साबित हो सकती है।

इशान की वापसी इसलिए भी खास है क्योंकि यह उस दौर में हुई है, जब भारतीय टीम प्रतिभा से ज्यादा विशेष भूमिका पर भरोसा कर रही है। चयन समिति के फैसले साफ संकेत देते हैं कि अब नाम नहीं, जरूरत अहम है। इशान ने खुद को उसी जरूरत के मुताबिक ढाला। उन्होंने अकेले अभ्यास किया, अपनी कमजोरियों पर काम किया और खुद को फिर से उसी आक्रामक रूप में तैयार किया, जिसके लिए वह जाने जाते हैं। यह वापसी किसी एक सीरीज या टूर्नामेंट की बदौलत नहीं हुई, बल्कि महीनों की चुप मेहनत का नतीजा है।

टी20 वर्ल्ड कप से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में यही टीम मैदान पर उतरेगी। यह सीरीज इशान के लिए खुद को साबित करने का मंच होगी। दबाव जरूर होगा, लेकिन शायद वही दबाव उन्हें सबसे ज्यादा रास आता है। उन्होंने पहले भी दिखाया है कि बड़े मंच पर वह पीछे नहीं हटते। इस बार कहानी अलग है। अब वह युवा सनसनी नहीं, बल्कि अनुभव से निकला हुआ खिलाड़ी हैं, जिसने गिरकर उठना सीखा है। इशान किशन की कहानी आज के युवा खिलाड़ियों के लिए भी सबक है। असफलता या ब्रेक का मतलब अंत नहीं होता। कभी-कभी पीछे हटना भी आगे बढ़ने की तैयारी होती है। मानसिक थकान को स्वीकार करना कमजोरी नहीं, बल्कि ईमानदारी है। इशान ने उस ईमानदारी की कीमत चुकाई, लेकिन हार नहीं मानी। उन्होंने यह साबित किया कि आत्मसम्मान के साथ किया गया संघर्ष आखिरकार रंग लाता है।

भारतीय क्रिकेट के इतिहास में कई वापसी की कहानियां हैं, लेकिन इशान की वापसी इसलिए अलग है क्योंकि इसमें शोर नहीं था। यह कहानी सुर्खियों में नहीं, बल्कि नेट्स के कोने में, अकेली प्रैक्टिस में और खुद से की गई लड़ाई में लिखी गई। आज जब वह फिर नीली जर्सी में नजर आएंगे, तो यह सिर्फ एक खिलाड़ी की जीत नहीं होगी, बल्कि उस सोच की भी जीत होगी, जो कहती है कि राजा हालात से नहीं, अपने विश्वास से बनता है। और शायद यही वजह है कि इशान किशन की वापसी सिर्फ चयन सूची की एक पंक्ति नहीं है। यह याद दिलाती है कि क्रिकेट में, और जिंदगी में भी, अगर आप खुद पर भरोसा रखना जानते हैं, तो समय चाहे कितना भी कठिन क्यों न हो, अंत में मैदान आपका ही इंतजार करता है।

**कांतिलाल मांडोत**

# सहकारिता का नया दौर: भारत टैक्सी से ओला-उबर को चुनौती

भारत टैक्सी का अमूल-आधारित सहकारी मॉडल भारत की ऐप-आधारित टैक्सी अर्थव्यवस्था में सिर्फ एक नया स्टार्ट-अप नहीं, बल्कि एक वैचारिक हस्तक्षेप के रूप में सामने आ रहा है। पिछले एक दशक में ओला-उबर जैसे प्लेटफॉर्मों ने शहरी मोबिलिटी को तेज़, सुलभ और तकनीक-संचालित बनाया, लेकिन इसके साथ ही गिग-इकोनॉमी का एक ऐसा चेहरा भी उभरा जिसमें ड्राइवर ऊँचे कमीशन, अस्थिर आय, एल्गोरिद्मिक दंड और सर्ज प्राइसिंग की मार झेलते रहे। यात्रियों को भी कभी-कभी सुविधा के बदले अनियंत्रित किराया और सुरक्षा को लेकर असहजता स्वीकार करनी पड़ी। इसी पृष्ठभूमि में भारत टैक्सी एक ऐसे विकल्प के रूप में प्रस्तुत हो रही है, जो लाभ अधिकतमकरण की जगह सहकार, स्वामित्व और न्याय की भाषा बोलती है।

भारत टैक्सी का मूल विचार अमूल मॉडल से प्रेरित है–हज़ारों छोटे-छोटे हितधारकों को जोड़कर एक बड़ा, भरोसेमंद और सामूहिक ब्रांड खड़ा करना। जिस तरह अमूल ने दूध उत्पादकों को बाज़ार की ताक़त दी, उसी तरह भारत टैक्सी ड्राइवरों को सिर्फ सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि सहकारी संस्था के सदस्य-साझेदार के रूप में देखती है। 'सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड' के ज़रिये संचालित यह पहल ड्राइवरों को साझा टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म, साझा मार्केटिंग और साझा मुनाफे का हिस्सा बनाती है। सहकारिता मंत्रालय के समर्थन और अमूल, इफको, नाबार्ड, एनसीडीसी जैसी संस्थाओं की भागीदारी इसे एक हद तक संस्थागत विश्वसनीयता भी देती है। दिल्ली और सौराष्ट्र क्षेत्र में पायलट के दौरान ही हज़ारों ड्राइवरों के जुड़ने का दावा बताता है कि यह विचार ज़मीन पर कुछ हद तक स्वीकार्यता पा रहा है।

ड्राइवर-केंद्रित दृष्टिकोण भारत टैक्सी की सबसे बड़ी विशिष्टता है। मौजूदा एग्रीगेटर प्लेटफॉर्मों पर 20 से 30 प्रतिशत तक कमीशन, जटिल इंसेंटिव संरचना और अकसर मनमाने बैन ड्राइवरों की सबसे बड़ी शिकायत रही है। भारत टैक्सी इन शिकायतों का जवाब न्यूनतम या शून्य कमीशन, नाममात्र प्लेटफॉर्म फीस और मुनाफे के सहकारी वितरण के ज़रिये देने का दावा करती है। प्रति राइड मिलने वाली आय का बड़ा हिस्सा सीधे ड्राइवर तक पहुँचना, और अतिरिक्त अधिशेष का सदस्य-लाभांश के रूप में लौटना, इस मॉडल को रोज़गार से




आगे बढ़ाकर साझा स्वामित्व की दिशा में ले जाता है। प्रतीकात्मक रूप से ड्राइवरों को 'सारथी' कहा जाना भी इसी सोच को रेखांकित करता है कि वे सिर्फ ऐप पर लॉग-इन करने वाले गुमनाम कर्मी नहीं, बल्कि नीति और दिशा तय करने वाले भागीदार हैं।

यात्रियों के लिए भारत टैक्सी का आकर्षण पारदर्शिता और स्थिरता में निहित है। सर्ज प्राइसिंग पर रोक और पहले से तय किराया-ब्रैकेट इस वादे के साथ आते हैं कि पीक ऑवर, बारिश या किसी आपात स्थिति में किराया अचानक कई गुना नहीं बढ़ेगा। न्यूनतम किराया, प्रति किलोमीटर दर और दूरी के हिसाब से घटती कीमतें एक ऐसे ढांचे का संकेत देती हैं जिसमें सेवा को सार्वजनिक उपयोगिता के करीब लाने की कोशिश है, न कि केवल अधिकतम मुनाफे का साधन बनाने की। मल्टीलिंगुअल इंटरफेस, रियल-टाइम ट्रैकिंग, 24×7 कस्टमर सपोर्ट और भविष्य में मेट्रो जैसे ट्रांज़िट सिस्टम से इंटीग्रेशन का वादा यह दिखाता है कि यह पहल तकनीकी अनुभव में निजी कंपनियों से पीछे नहीं रहना चाहती।

फिर भी, इस सहकारी सपने के सामने चुनौतियाँ कम नहीं हैं। तकनीकी स्तर पर ओला-उबर जैसे दिग्गजों के पास वर्षों का डेटा, परिष्कृत एल्गोरिद्म और विशाल सर्वर इंफ्रास्ट्रक्चर है। दो मिनट के भीतर पिक-अप, कम कैंसिलेशन और निर्बाध ऐप अनुभव देना केवल विचारधारा से संभव नहीं, इसके लिए भारी तकनीकी निवेश और दक्ष प्रबंधन चाहिए।

जैसे-जैसे भारत टैक्सी अधिक शहरों और भौगोलिक क्षेत्रों में फैलेगी, सहकारी शासन की जटिलताएँ भी बढ़ेंगी–निर्णय-प्रक्रिया की गति, स्थानीय हितों का टकराव और पेशेवर प्रबंधन व सदस्य-लोकतंत्र के बीच संतुलन बनाए रखना आसान नहीं होगा।

एक और बड़ी बाधा उपभोक्ता आदतों की है। ओला-उबर अब सिर्फ सेवाएँ नहीं, बल्कि शहरी जीवनशैली का हिस्सा बन चुके हैं। उनके ऐप खोलना, किराया स्वीकार करना और यात्रा शुरू करना एक स्वाभाविक क्रिया बन गई है। भारत टैक्सी को इस आदत को तोड़ने के लिए नैतिक अपील से आगे बढ़कर लगातार बेहतर, भरोसेमंद और सहज अनुभव देना होगा। यदि सेवा में देरी, ड्राइवर उपलब्धता की कमी या तकनीकी खामियाँ रहीं, तो सहकारी विचार का आकर्षण जल्दी फीका पड़ सकता है।

इसके बावजूद भारत टैक्सी का महत्व उसके तत्काल व्यावसायिक भविष्य से कहीं बड़ा है। यह पहल यह प्रश्न उठाती है कि क्या प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था अनिवार्य रूप से वेंचर-कैपिटल संचालित, प्रॉफिट-मैक्सिमाइज़िंग मॉडल तक सीमित रहेगी, या उसमें सहकारी, श्रमिक-केंद्रित विकल्पों के लिए भी जगह बन सकती है। यदि यह प्रयोग सफल होता है और ड्राइवरों की आय व गरिमा में वास्तविक सुधार लाता है, तो यह उदाहरण फूड डिलीवरी, लॉजिस्टिक्स और अन्य गिग-आधारित क्षेत्रों में भी दोहराया जा सकता है। और यदि यह आंशिक या सीमित स्तर पर ही टिक पाता है, तब भी यह बहस को मजबूर करेगा कि तकनीक का इस्तेमाल केवल पूँजी के हित में हो या समाज के व्यापक हित में।

अंततः भारत टैक्सी को एक प्रयोग के रूप में देखना अधिक यथार्थवादी होगा–एक ऐसा प्रयोग जिसमें सरकारी-सहकारी समर्थन और सामूहिक स्वामित्व की ताक़त है, लेकिन बाज़ार की प्रतिस्पर्धा और तकनीकी चुनौतियों का दबाव भी उतना ही वास्तविक है। आने वाले वर्षों में यह तय होगा कि टैक्सियों का यह 'अमूल मॉडल' भारतीय मोबिलिटी इकोसिस्टम में एक नई धारा बनता है या समानांतर, सीमित-कक्षा का विकल्प बनकर रह जाता है। पर इतना स्पष्ट है कि इसने प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था की दिशा पर एक ज़रूरी और समयोचित सवाल खड़ा कर दिया है–और यही किसी भी संपादकीय रूप से महत्वपूर्ण पहल की असली कसौटी है।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जनपद में चला बहू-बेटी अभियान

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश शासन की मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं के उत्थान, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद भर में 'बहू-बेटी अभियान' व्यापक स्तर पर चलाया गया। अभियान के तहत जनपद के सभी थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा गांवों व कस्बों में चौपाल एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से परित्यक्ता, तलाकशुदा, निराश्रित, दहेज पीड़ित एवं कामकाजी महिलाओं तथा बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, सरकारी योजनाओं एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। महिला पुलिसकर्मियों ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, साइबर अपराध, छेड़खानी आदि से बचाव के उपायों की जानकारी दी तथा नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के प्रमुख प्रावधानों से अवगत कराया। इस दौरान महिलाओं को डायल 112, महिला हेल्पलाइन 181, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं– निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, उज्ज्वला योजना आदि की जानकारी दी गई तथा पंपलेट वितरित किए गए। अभियान के अंतर्गत तरकुलवा, महुआडीह, रुद्रपुर, एकौना, सलेमपुर, खुखुन्दू, खामपार, बरहज, सुरौली सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में चौपालें आयोजित की गईं।

### नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने गांव निवासी एक युवक पर आरोप लगाई है कि मेरी नाबालिग लड़की को घर से बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी महिला ने आरोप लगाई है कि मेरी नाबालिग पुत्री को मेरे ही गांव निवासी एक युवक घर से बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर बहला फुसलाकर भगाने के आरोप में गांव निवासी एक युवक के खिलाफ धारा 137(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### उनवल राज परिवार के गृहस्थ संत का महाप्रयाण, क्षेत्र में शोक की लहर



**खजनी, गोरखपुर।** उनवल राज परिवार के गृहस्थ संत, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज भटवली, समाजसेवी एवं दानवीर स्वर्गीय बबुआ कैलास प्रसाद सिंह का शनिवार की रात लगभग दस बजे हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही नगर पंचायत उनवल सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। 82 वर्षीय बबुआ कैलास प्रसाद सिंह स्वर्गीय पूर्व मंत्री रामपाल सिंह के अनुज एवं सहजनवां के पूर्व विधायक राजेंद्र बृजेश सिंह के चाचा थे। रविवार को उनका अंतिम संस्कार सरयू नदी के तट पर बड़हलगंज स्थित मुक्तिधाम में पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। अंतिम संस्कार के दौरान उनके भतीजे, सहजनवां के पूर्व विधायक राजेंद्र बृजेश सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस अवसर पर क्षेत्र, गांव, जवार एवं दूर-दराज से आए सैकड़ों लोग शोकाकुल मन से अंतिम विदाई देने पहुंचे। कड़ाके की ठंड के बावजूद सैकड़ों बसों, चारपहिया और दोपहिया वाहनों से लोगों का जनसैलाब मुक्तिधाम तक उमड़ पड़ा। स्वर्गीय बबुआ कैलास प्रसाद सिंह केवल एक शिक्षाविद ही नहीं, बल्कि एक महान गृहस्थ संत, न्यायप्रिय व्यक्ति, धर्मनिष्ठ समाजसेवी और दानवीर के रूप में क्षेत्र में विख्यात थे। उनका संपूर्ण जीवन सादगी, सेवा और मानवता को समर्पित रहा। वे धार्मिक कार्यों में सदैव अग्रणी रहते थे और समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना अपना नैतिक कर्तव्य मानते थे। उनकी मधुर वाणी, सरल स्वभाव और सहज व्यक्तित्व ने उन्हें जन-जन का प्रिय बना दिया था।

# गोरखपुर पुलिस में दो अधिकारियों का तत्काल तबादला, जनहित में जारी हुआ आदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से गठित जनपदीय स्थापना बोर्ड की बैठक के कार्यवृत्त के क्रम में दो पुलिस अधिकारियों के तबादले का आदेश जारी किया गया है। यह नियुक्तियां जनहित में तत्काल प्रभाव से लागू की गई हैं। जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक और उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित स्थान पर नई तैनाती दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षक पंकज गुप्ता को अपराध शाखा से स्थानांतरित कर प्रभारी निरीक्षक (प्र0निरी0) राजघाट के पद पर नियुक्त किया गया है। निरीक्षक पंकज गुप्ता का पीएनओ 012320181 है। अपराध शाखा में रहते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों के खुलासे में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उनकी कार्यशैली को देखते हुए अब उन्हें राजघाट जैसे महत्वपूर्ण थाने की




जिम्मेदारी सौंपी गई है, जहां अपराध नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिक चुनौती मानी जाती है।

वहीं उप निरीक्षक आशीष तिवारी को चौकी प्रभारी आजाद नगर से स्थानांतरित कर सिकरीगंज थाने का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उप निरीक्षक आशीष तिवारी का पीएनओ 172321789 है। आजाद नगर चौकी में तैनाती के दौरान उन्होंने स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान, जनसंपर्क और अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई के चलते अपनी पहचान बनाई थी। सिकरीगंज थाना क्षेत्र संवेदनशील माना जाता है, ऐसे में उनके अनुभव का लाभ क्षेत्र की कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने में सहायक होगा। पुलिस प्रशासन के अनुसार यह सभी तबादले जनहित और प्रशासनिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए किए गए हैं। जनपदीय स्थापना बोर्ड की बैठक में विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया कि कुछ प्रमुख थानों पर अनुभवी और सक्रिय अधिकारियों की तैनाती जरूरी है, ताकि अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, त्वरित कार्रवाई और जनता का विश्वास और अधिक मजबूत किया जा सके। सूत्रों की मानें तो आने वाले दिनों में जनपद में और भी प्रशासनिक बदलाव संभव हैं। पुलिस विभाग का मानना है कि समय-समय पर किए जाने वाले तबादले न केवल कार्यकुशलता बढ़ाते हैं, बल्कि पुलिसिंग व्यवस्था को भी अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाते हैं। नए दायित्व मिलने के बाद दोनों अधिकारियों ने शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान से बढ़ा सुरक्षा का भरोसा

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा आमजन में विश्वास की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को प्रातः 5 बजे से 8 बजे तक 'मार्निंग वॉकर चेकिंग अभियान' चलाया गया। अभियान के तहत जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों द्वारा मॉर्निंग वॉक पर निकले नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई। इस दौरान चोरी की गाड़ियों की जांच, तीन सवारी, नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने, मोडिफाइड साइलेंसर वाले दुपहिया वाहनों तथा अन्य विधिविरुद्ध गतिविधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा लोगों को अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए मित्र पुलिसिंग की भावना को सुदृढ़ किया गया। अभियान के दौरान जनपद के 22 स्थानों पर 348 व्यक्तियों एवं 216 वाहनों की चेकिंग की गई।

## स्कूल जाते छात्र पर जातिसूचक गालियों के साथ जानलेवा हमला, SC/ST एक्ट में दो नामजद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार, गोरखपुर-** जिले के गोला थाना क्षेत्र में एक दलित छात्र के साथ की गई बर्बर मारपीट का मामला सामने आया है। स्कूल जाते समय रास्ते में घेरकर छात्र को लात-घूंसे और पंच से पीटते हुए जातिसूचक गालियां दी गई और जान से मारने की धमकी दी गई। गंभीर रूप से घायल छात्र की मां की तहरीर पर गोला पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की गंभीर धाराओं सहित अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोला थाना क्षेत्र के ग्राम बलिया निवासी बिंदु देवी पत्नी विजय मल ने थाने में दी गई लिखित तहरीर में बताया कि उनका पुत्र सुमित 17 दिसंबर को जानीपुर स्थित एक जूनियर हाईस्कूल में पढ़ने के लिए घर से निकला था। रास्ते में पड़ोसी गांव झंझवा के रहने वाले दो युवक धर्मवीर और जयचंद




यादव पुत्रगण जयप्रकाश यादव ने उसे घेर लिया। आरोप है कि दोनों युवकों ने छात्र को बेरहमी से लात, मुक्कों और पंच से पीटा, जिससे उसका नाक और मुंह फट गया तथा वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने उनके पुत्र को जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया और धमकी देते हुए कहा कि 'अगर दोबारा इधर दिखा तो जान से मार देंगे।' घटना के बाद घायल छात्र को इलाज के लिए ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना से क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और दलित उत्पीड़न को लेकर लोगों में रोष व्याप्त है।

## अशिक्षा मुसहर समाज के विकास में सबसे बड़ी बाधा : पप्पू पाण्डेय

●- 'हम पढ़ेंगे तभी बढ़ेंगे' कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कुशीनगर।** पडरौना ब्लॉक अंतर्गत ग्राम जंगल बकुलहा में रविवार को 'हम पढ़ेंगे तभी बढ़ेंगे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम वरिष्ठ समाजसेवी दीप नारायण अग्रवाल के संरक्षण में तथा वरिष्ठ भाजपा नेता पप्पू पाण्डेय के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन भाजपा मंडल विशुनपुरा के मंत्री मनोज गोंड ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पप्पू पाण्डेय ने कहा कि मुसहर समाज के संपूर्ण विकास में सबसे बड़ी बाधा अशिक्षा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मुसहर समाज के उत्थान हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं, लेकिन साक्षरता की कमी के कारण समाज का बड़ा वर्ग इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहा है। उन्होंने कहा कि आज एक ओर देश 21वीं सदी में चंद्रमा तक पहुँचने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी ओर शिक्षा के अभाव में मुसहर समाज बुनियादी सुविधाओं से वंचित होता जा रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है। सरकार द्वारा मुसहर बस्तियों में स्कूल, निःशुल्क शिक्षा सहित अनेक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं, इसके बावजूद बच्चों को विद्यालय भेजने में लापरवाही बरती जा रही है।

पप्पू पाण्डेय ने जोर देते हुए कहा कि जब तक समाज स्वयं और अपने बच्चों को शिक्षित नहीं करेगा, तब तक समग्र विकास संभव नहीं है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, ऐसे में मुसहर समाज की अशिक्षा देश के विकास में भी एक बड़ी बाधा है। उन्होंने कहा कि शिक्षित मुसहर समाज न केवल अपने विकास में बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने बैंक, सरकारी कार्यालयों और अन्य संस्थानों में अशिक्षा के कारण आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए उपस्थित लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों के साथ-साथ स्वयं भी शिक्षित बनने का संकल्प लें। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अपने बच्चों को शत-प्रतिशत विद्यालय भेजने और स्वयं शिक्षा ग्रहण करने की शपथ ली। पप्पू पाण्डेय ने यह भी घोषणा की कि जो परिवार पूर्ण रूप से शिक्षित होगा, उसे सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैलाश मुसहर, टिकरी मुसहर, तूफानी मुसहर, राजेंद्र मुसहर, जगदेव मुसहर, सुभावती, बैली, फेकनी, रीमा, नीलम, नागिया, बैजनाथ, सरवन सहित सैकड़ों की संख्या में मुसहर समाज के लोग उपस्थित रहे।

## राजकीय इण्टर कालेज परिसर में आयोजित मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का जिला पंचायत अध्यक्ष ने उद्घाटन किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केजिला खादी तथा ग्रामोद्योग बस्ती द्वारा राजकीय इण्टर कालेज परिसर में आयोजित मण्डल स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष संजय चौधरी ने फीता काटकर किया। परिक्षेत्रीय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी/प्रदर्शनी अध्यक्ष एल.बी. सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शनी 29 दिसम्बर 2025 तक संचालित रहेंगी। प्रदर्शनी में हस्तकला शिल्प से निर्मित आवश्यक सामान आम जनमानस को निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होने मण्डल के सम्मानित नागरिको से अपील किया है कि संचालित प्रदर्शनी में आकर उपयुक्त अवसर का लाभ उठायें। उन्होने जिला पंचायत अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित




किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने बताया कि शासन की मंशा है कि शुद्ध देशी ढंग से निर्मित घरेलू सामानों को बिक्री कर ग्रामीणों का स्तर उचॉ उठाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इन सामानों के प्रयोग से ग्रामीण उद्योग को बढावा मिलेगें। उन्होने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारीगण प्रदर्शनी में अवश्य आयें तथा अपने स्तर से लोगों को भी बतायें, जिससे प्रदर्शनी में आम जनमानस की प्रतिभागिता बढ़े। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग हरेन्द्र प्रताप यादव, इलियास अहमद, जे.बी. सिंह, चन्द्रभान पाण्डेय, उप प्रधानाचार्य जीतेन्द्र कुमार, सहायक उद्योग नियंत्रक महेन्द्र यादव, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी नीरज कुमार सिंह, सिद्धार्थनगर गंगाधर दूबे सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## आपरेशन कवच के तहत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी लालपुर पर रविवार को थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने एसएसबी व इंडो नेपाल सीमावर्ती ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर ऑपरेशन कवच के उद्देश्यों से अवगत कराया तथा किसी भी अवैध गतिविधियों आदि के सम्बंध में तुरन्त सूचना देने के लिए बताया। इसके अतिरिक्त मौके पर उपस्थित लोगों को साइबर अपराध से बचने हेतु बताया गया।इस दौरान एसआई सतीश कुमार, हेड कांस्टेबल लाल सिंह, एसएसबी धनगढ़वा कैंप निरीक्षक मनोहर लाल, एसएसबी, पुलिस व अन्य मौजूद रहे।

# पीटीएस परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से हुआ संपन्न, छात्रों में दिखा उत्साह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला तहसील क्षेत्र के ग्राम सिधारी स्थित आर एम पब्लिक स्कूल परिसर में रविवार को आयोजित प्रांतीय प्रतिभा खोज (पीटीएस) परीक्षा शांतिपूर्ण एवं अनुशासित माहौल में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर छात्र-छात्राओं में सुबह से ही उत्साह का माहौल देखने को मिला। निर्धारित समय से परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर पहुंचने लगे थे। प्रवेश द्वार पर कड़ी जांच के बाद छात्रों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा के दौरान नकलविहीन वातावरण बनाए रखने के लिए सख्त व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक कक्ष में पर्यवेक्षकों की तैनाती रही, प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस परीक्षा में दो विद्यालय के बच्चों जो कुल लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा के सफल आयोजन को आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुशासनहीनता की सूचना नहीं मिली।




इस संबंध में प्रबंधक R.M प्रबंधक सिधारी हरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि प्रांतीय प्रतिभा खोज परीक्षा को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की परीक्षाएं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के मेधावी छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। परीक्षा समाप्ति के बाद छात्र-छात्राएं संतोषजनक माहौल में केंद्र से बाहर निकले और अपने-अपने घरों को लौट गए। अभिभावकों ने भी परीक्षा व्यवस्था को लेकर संतोष व्यक्त किया। मुख्य रूप से ऋक्क रूपब्लिक स्कूल चांवरिया खुर्द प्रबंधक अवधेश यादव,S V N बाल विद्या मंदिर जगदीशपुर (भुलुआन)के प्रबंधक अखिलेश कुमार सिंह, चंशेखर आजाद, अंजू, गुप्ता, बेबी गुप्ता, निर्मला देवी आदि अध्यापकगढ़ उपस्थिति रहे।

### जमीन विवाद में महिला व परिवार से मारपीट, जान से मारने की धमकी

**तालबेहट।** कोतवाली क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर एक महिला सहित उसके पूरे परिवार के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पीड़िता पुष्पा पत्नी राजकुमार अहिरवार ने शिकायत में बताया कि 20 दिसंबर 2025 को दोपहर करीब 12.30 बजे पीड़िता पुष्पा अहिरवार अपनी दुकान पर मौजूद थीं। इसी दौरान जमीन विवाद को लेकर ग्राम झरर निवासी संतोष अहिरवार, अजय अहिरवार, सुखदेव अहिरवार तथा संतोष का साला निवासी ग्राम सुनौरी मजरा खेरो मौके पर पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि आरोपियों ने लाठी-डंडों तथा लात-घूंसों से पीड़िता पुष्पा अहिरवार, उनके पति राजकुमार अहिरवार, सास सरोज और ससुर लखन अहिरवार के साथ मारपीट की, जिससे सभी को चोटें आईं। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के दौरान आरोपियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और धमकी दी कि यदि थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई तो पूरे परिवार को जान से मार दिया जाएगा। घटना के बाद पीड़ित परिवार दहशत में है। पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है।

## यूरिया कालाबाजारी का बड़ा खुलासा: दूसरे के नाम के लाइसेंस पर बेच रहा था खाद, 121 बोरी गायब, दो पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर-** जिले के किसानों की शिकायत पर जिला कृषि विभाग की छापेमारी में सहजनवां थाना क्षेत्र से यूरिया कालाबाजारी का गंभीर मामला सामने आया है। जोगियाकोल स्थित एक खाद भंडार पर दूसरे व्यक्ति के नाम जारी लाइसेंस के सहारे यूरिया की अवैध बिक्री की जा रही थी। जांच में बड़ी मात्रा में यूरिया खाद गायब मिली, जिसके बाद पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहजनवां थाना क्षेत्र के जोगियाकोल गांव में स्थित मेंमर्स निषाद खाद भंडार से किसानों को निर्धारित दर पर यूरिया उपलब्ध नहीं कराया जा रहा था। इसको लेकर क्षेत्र के किसान त्रियुगी नारायण उपाध्याय, राम प्रसाद यादव, फूलचंद यादव (निवासी कुआवलकला), जय प्रकाश तिवारी (उज्जिखोर) और पुरुषोत्तम चौबे




(भिटहा) ने जिला कृषि अधिकारी गोरखपुर से लिखित शिकायत की थी। किसानों ने आरोप लगाया था कि दुकान संचालक कालाबाजारी कर रहा है और खुलेआम अधिक दामों पर यूरिया बेचा जा रहा है।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला कृषि अधिकारी डीपी सिंह के नेतृत्व में 18 दिसंबर को खाद भंडार पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान आईएफएम पोर्टल की जांच में यह तथ्य सामने आया कि कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड की कुल 146 बोरी यूरिया का उठान दिखाया गया था, जबकि मौके पर केवल 121 बोरी ही उपलब्ध मिली। शेष 25 बोरी यूरिया का कोई हिसाब नहीं मिला, जिससे कालाबाजारी की पुष्टि हुई। कागजातों की गहन जांच में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ। यूरिया बिक्री का लाइसेंस मुरलीधर सिंह के नाम पर जारी था, जबकि दुकान पर दिनेश निषाद पुत्र भागीरथी निषाद खाद बेचते हुए पाया गया। स्पष्ट रूप से यह नियमों का उल्लंघन और अवैध व्यापार की श्रेणी में आता है। जिला कृषि अधिकारी डीपी सिंह की तहरीर पर सहजनवां पुलिस ने आरोपी दिनेश निषाद और लाइसेंसधारी मुरलीधर सिंह के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की विवेचना में जुट गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के किसानों में संतोष देखा जा रहा है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे कालाबाजारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि खाद की किल्लत और लूट से उन्हें राहत मिल सके।

## गोंडा सदर में सपा की BLA समीक्षा बैठक संपन्न, 2027 तक सतर्क रहने का आह्वान

●गोंडा सदर विधानसभा के सर्वसमाज के लोगों को उनका अधिकार दिलाने के लिए वे चौबीसों घंटे तत्पर रहते हैं: सूरज सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बृजभूषण तिवारी

**गोंडा।** समाजवादी पार्टी की विधानसभा गोंडा सदर इकाई की ओर से बूथ लेवल एजेंट (BLA) की समीक्षा बैठक बुधवार को नगर स्थित होटल सूरज में संपन्न हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर संगठनात्मक मजबूती, मतदाता सूची शुद्धिकरण (SIR) और बूथ स्तर पर सतर्कता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के आयोजक एवं सपा नेता सूरज सिंह ने सभी बूथ लेवल एजेंटों से 2027 का चुनाव संपन्न होने तक पूरी निष्ठा और सजगता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनाव केवल मतदान के दिन नहीं, बल्कि मतदाता सूची तैयार होने की प्रक्रिया से ही शुरू हो जाता है। ऐसे में BLA की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सूरज सिंह ने कहा कि गोंडा सदर विधानसभा के सर्वसमाज के लोगों को







उनका अधिकार दिलाने के लिए वे चौबीसों घंटे तत्पर रहते हैं। उन्होंने BLA से अपील की कि नो-मैपिंग जोन में शामिल मतदाताओं की जल्द से जल्द मैपिंग कराकर SIR प्रक्रिया को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराया जाए, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से वंचित न रहे।

उन्होंने कुछ नेताओं पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि आज भी कुछ लोग स्मृतिशेष पंडित सिंह जी के नाम पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रहे हैं। इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा– 'आप बड़े हैं बेशक साहब, आप मगर ये भूल गए! इज्जत करवाने से पहले इज्जत करनी पड़ती है।' जिला अध्यक्ष अरशद हुसैन ने कहा कि समाजवादी पार्टी संघर्षों की कोख से जन्मी पार्टी है। BLA का यह संघर्ष निश्चित रूप से 2027 में रंग लाएगा और जनता सपा के साथ खड़ी दिखाई देगी। राष्ट्रीय सचिव एवं गोंडा प्रभारी संजय सविता विद्यार्थी ने कहा कि पूरे प्रदेश में SIR का कार्य चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी प्रशासन के सहारे मनमानी करना चाहती है, लेकिन समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और BLA मिलकर उनके मंसूबों को नाकाम करेंगे। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2027 में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। बैठक को रामधन यादव, जयचंद सिंह, सरफराज हुसैन, सिद्धार्थ मोनू, मेराज अहमद, जे.पी. श्रीवास्तव, अफजल खान, संजय साहू, दीपू यादव, अमर यादव, रईस, बब्बू, जावेद, मंटू, लालचंद गौतम, दद्दू शुक्ला, नंदकुमार सविता, अनिल भोजवाल, छन्नू पासवान, किशन सोनकर, राधेश्याम चौहान, दीनानाथ प्रजापति, शिवम कश्यप और सिकंदर वाल्मीकि सहित कई नेताओं ने संबोधित किया।

## टीएससीटी की कन्यादान पहल: प्रदेश की 257 बेटियों को मिला 55 हजार का शगुन, बलिया की तीन बेटियां भी लाभान्वित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलिया** -शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारियों के हितों के लिए कार्यरत संस्था टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) ने सामाजिक सहयोग की मिसाल पेश करते हुए कन्यादान योजना के तहत प्रदेश की 257 बेटियों को विवाह के लिए 55-55 हजार रुपये का शगुन प्रदान किया है। इस योजना के अंतर्गत कुल 1 करोड़ 41 लाख रुपये से अधिक की धनराशि वितरित की गई, जिसमें बलिया जनपद की तीन बेटियां भी शामिल रहीं। टीएससीटी से जुड़े शिक्षकों, शिक्षा मित्रों, अनुदेशकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की बेटियों के विवाह हेतु यह सहयोग शगुन चेक के माध्यम से दिया गया। रविवार को टीएससीटी के जिला पदाधिकारियों ने नगर के कालिंदीपुरम (बहादुरपुर) निवासी अंजना सिंह, बिल्थरारोड क्षेत्र के किड़िहरापुर निवासी रामप्रवेश मौर्य तथा मऊ जनपद के अदारी निवासी रजिया खातून को उनकी



बेटियों के विवाह के लिए शगुन चेक उनके आवास पर सौंपे।

टीएससीटी के सह-संस्थापक एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष संजीव रजक ने बताया कि संस्था ने यह योजना इस उद्देश्य से शुरू की है ताकि सदस्य सामूहिक रूप से कन्यादान जैसे पुण्य कार्य में भागीदार बन सकें। योजना के पहले चरण में प्रत्येक सदस्य से स्वेच्छा से 301 रुपये का सहयोग लिया गया, जिसमें प्रदेश के 51,427 सदस्यों ने सहभागिता करते हुए कुल 1.41 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि एकत्र की। जिला संयोजक सतीश सिंह ने बताया कि बलिया जिले से करीब 1100 सदस्यों ने इस अभियान में सहयोग किया था। जिले के लिए चार कन्याओं के शगुन चेक स्वीकृत हुए थे, हालांकि एक विवाह स्थगित होने के कारण उसका चेक वापस कर दिया गया। शगुन चेक प्राप्त करने वाली शिक्षिका अंजना सिंह ने टीएससीटी की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था न केवल दान का अवसर देती है बल्कि जरूरत के समय मजबूत सहारा भी बनती है। उन्होंने शिक्षा विभाग से जुड़े सभी कर्मचारियों से टीएससीटी से जुड़ने की अपील की। टीएससीटी पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में संस्था का लक्ष्य प्रत्येक कन्या के विवाह पर पांच लाख रुपये तक की सहायता प्रदान करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### नंबर एक पावर हाउस फीडर से उपभोक्ता त्रस्त

**लखीमपुर खीरी।** शहर के नंबर एक पावर हाउस के अंतर्गत आने वाले फीडर आए दिन ट्रिपिंग का शिकार होते रहते हैं इससे उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है बिजली विभाग की लापरवाही के चलते विद्युत उपभोक्ता को नहीं मिल पाती समय से बिजली आपूर्ति की समस्या आपको बताते चले नंबर एक पावर हाउस की विद्युत आपूर्ति पिछले दो घंटे से बाधित पड़ी है आला अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते विद्युत आपूर्ति को बाधित करने में बिजली विभाग के गर्मियों की मनमानी दिन भर शटडाउन लिया करते हैं कभी जम्फर उड़ जाने के नाम पर तो कभी फेस उड़ जाने के नाम पर विद्युत सप्लाई बाधित करते रहते हैं तो कभी तार टूटने के नाम पर बिजली आपूर्ति बाधित रहती है जेई व अधिकारियों को इसकी जानकारी तक नहीं होती विभाग के संविदा कर्मी ही विभाग को चलाने में जुटे हैं।

### कस्ता विधायक ने किया जिम सेंटर का उद्घाटन



**मितौली खीरी।** विकासखंड मितौली क्षेत्र के कस्बे में स्टार जिम सेंटर का मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जहां कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू को माला पहनाकर एवं डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया है समाज सेवी गरीबों के सुख-दुख में सदैव तत्पर रहने वाले सियाराम गौतम के द्वारा जिम खोलकर कस्बे के लेख बहुत बड़ी उपलब्धि दी है। जिससे क्षेत्र व कस्बे के युवा साथी इस जिम सेंटर में पहुंचकर अपने शारीरिक क्षमता को मजबूत बना सकेंगे। कस्बे में जिम सेंटर खुलने से खुशी के लहर दौड़ पड़ी। इस अवसर पर जिम संचालक सियाराम गौतम,थाना अध्यक्ष मितौली महेश पाठक, प्रधान प्रतिनिधि दिनेश कुमार मास्टर अब्दुल हमीद उर्फ कल्लू नेता जिला महामंत्री,अखिलेश मिश्रा,पंकज कुमार गौतम, रामचंद्र मंगलेश, एसपी सिंह,महबूब अली, दीपक सिंह सरदार जी, सुरेश राठौर, अशोक कुमार गौतम, मुदित दीक्षित, कमलेश पाल, रोहित कुमार अर्कवंशी कैमरामैन, मोहम्मद हाकिम सहित सम्मानित नागरिक मौजूद रहे हैं।

### विज्ञान व क्रॉफ्ट प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**मैगलगंज खीरी।** मैगलगंज के हैरमखेड़ा प्रेम नगर स्थित सेक्रेट हार्ट एकेडमी में बच्चों के द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में तमाम तरीके के माडलों को प्रस्तुत किया गया। साथ ही साथ नन्हे-मुन्ने छात्रों के द्वारा रंग-बिरंगे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। मैगलगंज के हैरमखेड़ा प्रेमनगर स्थित सेक्रेट हार्ड एकेडमी में साइंस,आर्ट्स व क्राफ्ट्स एग्जिबिशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं के द्वारा कई तरह के माडलों को प्रदर्शित किया गया। बच्चों के द्वारा प्रस्तुत की गई प्रदर्शनी का अवलोकन अभिभावकों व निर्णायक मंडल के द्वारा किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बौद्धिक, मानसिक व तमाम तरीके के सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी छात्र छात्राओं के द्वारा मंच पर प्रदर्शित किया गया। मैनेजर फादर जिमी ने बताया कि समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन होता रहता है। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास भी होता है। प्रधानाचार्य फादर एबिन ने बताया कि प्रदर्शनी में बच्चों ने साइंस,आर्ट्स संबंधी तरह तरह के माडल बनाकर अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम में अनिल राठौर, जसपाल सिंह, प्रदीप कुमार सिंह,गौरव गुप्ता, नवीन गुप्ता, अमित शेखर शर्मा व स्कूल स्टाफ में मनप्रीत सिंह, रंजना, भूपेंद्र , नरेंद्र, कमल, रूपा समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

### अंतरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के स्थापना दिवस पर अपने हस्त से गौमाता का स्वरूप शिल्प कर राष्ट्रीय अध्यक्ष महासंघ को भेंट किया

**टूण्डला-** अंतरराष्ट्रीय गौमाता सेवा महासंघ के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम स्थल रायल गार्डन टुण्डला में नगर की उत्कृष्ट स्केच आर्टिस्ट प्रतिभा/ छात्र मोक्ष अमर टैगोर पुत्र सुनील अमर टैगोर( संचालक )मोक्ष टैगोर आर्ट वर्क द्वारा अपने हस्त से गौमाता का स्वरूप शिल्प कर डा0 दिनेश उपाध्याय(राष्ट्रीय अध्यक्ष) महासंघ को सादर भेंट कर अन्य मंचासीन गणमान्यजनव उपस्थित सम्मानित सनातनजनो से साधुवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर जनसेवी सुनील अमर टैगोर की भी उपस्थिती रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मोक्ष टैगोर की आर्ट कला को सराहते हुए कहा कि प्रतिभा किसी की बाधा से विचलित नहीं होती साथ ही मोक्ष अमर टैगोर के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# धान नहीं अंगूठा बिक रहे मोहम्मदी मंडी में फर्जी खरीद का खुलासा

**●धान तौल राइस मिलों में और मंडी में अंगूठा खरीद का मामला**

**कागजों पर रोजाना सैकड़ो कुन्तल धान खरीद क्रय केंद्रों पर पसरा सन्नाटा मोहम्मदी मंडी में फर्जी धान खरीद घोटाला का मामला बना सुर्खियां**

**मोहम्मदी मंडी का काला सच केंद्रों का शटर बंद कर अंदर खाने अंगूठा घोटाला**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी-** जनपद लखीमपुरखीरी के अंतर्गत नवीन गल्ला मंडी में सरकारी धान खरीद को लगे क्रय केंद्रों के केंद्र प्रभारी की बिचौलियों और धान मिलरो की मिली भगत से धान खरीद के नाम पर फर्जीवाड़ा कर भारी घोटाला किया जाने का मामला प्रकाश में आया है इस खेल में एम ओ की भूमिका पर भी उंगलियां उठ रही है मंडी में धान की तौल राइस मिलों में और मोहम्मदी मंडी में लगे क्रय केंद्रों पर अंगूठा खरीद की जा रही है यहां पर धान की आमद शून्य दिखाई पड़ रही है मंडी में न तो किसान की ट्रालियां दिख रही हैं और न ही केंद्र खुले मिलते हैं मोहम्मदी मंडीका में लगे बी पैक्स कई केंद्रों पर गत कई दिनों से ताले लटक रहे हैं कांटा बांट भी नदारद है बाहर कुर्सियां खाली पड़ी है लेकिन धान खरीद सैकड़ो कुन्तल कागजों पर की जाती है जानकार लोगों कई काश्तकारों और किसान नेताओं के बताएंनुसार किसानों के पास है ही नहीं किसान अपना धान मिलो मिलो आढ़तियों के हाथों ओने पौने दाम बेच चुका है यही कारण है अब जिले में किसी किसान के शायद ही धान लगा हो मंडी में लगभग एक माह से धान मंडी में नहीं आ रहा है किसान नेता के अनुसार मोहम्मदी मंडी में धान खरीद का काला सच तो यह है की केंद्रों का शटर बंद और अंदर अंगूठा घोटाले का खेल किया जा रहा है मोहम्मदी मंडी में धान की बजाय अंगूठा बिक रहे हैं यह मोहम्मदी मंडी में फर्जी धान खरीद का असली सच है लोगों की जुबानी सत्य माने तो एसडीएम निरीक्षण बेअसर दिखाई पड़ रहा है ।

# सीएमओ ने सेमरई व मैलानी में संचालित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जिले में आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों का निरीक्षण रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. संतोष गुप्ता ने किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरई तथा बांकेगंज ब्लॉक के मैलानी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर संचालित स्वास्थ्य मेलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ डीपीएम अनिल यादव भी उपस्थित रहे। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने मेले में उपलब्ध चिकित्सकीय सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, पंजीकरण व्यवस्था और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की। स्वास्थ्य मेलों में एलोपैथिक चिकित्सा के साथ-साथ आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक पद्धति से भी रोगियों का उपचार किया जा रहा था, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को एक ही स्थान पर बहुआयामी चिकित्सा सेवाएं प्राप्त हो सकें।

मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को निःशुल्क जांच, परामर्श और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराना है। इन मेलों के माध्यम से बुखार, सर्दी-खांसी, रक्तचाप, मधुमेह, त्वचा रोग सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच की जाती है। साथ ही गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है। सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों से शालीन व्यवहार रखते हुए समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना का अधिकतम लाभ आम जनता तक पहुंच सके।

# सी एच सी बेहजम में भ्रष्टाचार की खुलती परत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मितौली खीरी-** सीएचसी बेहजम में भ्रष्टाचार के कई मामले सामने आए हैं। आशा भुगतान से जुड़े महत्वपूर्ण सरकारी दस्तावेज गायब होने का मामला सामने आया था जिससे छेड़छाड़ की आशंका जताई जा रही थी।आशा भुगतान के रिकॉर्ड्स में छेड़छाड़ सरकारी दस्तावेज गायब होना सरकार के नियमानुसार आशाओ को उनकी जनसंख्या के हिसाब से उन्हें पैसा दिया जाता है हर कार्य के अनुसार अलग अलग हर महीने आशाओं के खाते में डाला जाता है मगर सीएचसी बेहजम में आसाओ की जनसंख्या के हिसाब से पैसा नहीं दिया जाता बेहजम में बीसी पीएम के द्वारा कुछ आशाओ के खाते में पैसा अधिक और कुछ आशाओ के खाते में पैसा कम डाला जाता है ।जब इसकी जानकारी बीसी पीएम संदीप मिश्रा से लेने की कोशिश की गई कि जिन आशाओं के खाते में हर महीने अधिक पैसा डाला जाता है उनकी वेरिया की जनसंख्या कितनी है जोकि मीडिया को बताना उचित नहीं समझते बीसी पीएम कुछ आशाओ की जनसंख्या कम होने के बावजूद भी अधिक पैसा डाला जाता है परन्तु कुछ आशाओं की जनसंख्या अधिक और काम भी किया जाता है उनके खाते में उनके काम के हिसाब से पैसा नहीं डाला जाता जिससे साफ जाहिर होता है जिन आशाओं के खाते में पैसा अधिक डाला जाता है बाद में बीसी पीएम के द्वारा आधा पैसा वसूल लिया जाता है अगर बात की जाए परिवार नियोजन की तो पूरे ब्लाक में काम जीरो है पर सरकार से मिलने वाला बजट पानी की तरह बहा कर अपनी जेब भरने में लगे हैं कार्रवाई जांच के आदेश दिए गए हैं दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। एसीएमओ को जांच सौंपी गई थी सीएमओ ने सात दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए थे पर कुछ आशाओं का कहना है की ऊपर तक जाता है चढ़ावा इसलिए जांच में होती है लीपापोती।

# अपराधों पर लगाम लगाने में काफी हद तक कामयाब थाना प्रभारी प्रवीण कुमार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नीमगांव खीरी-** जिले के नीमगांव थाना में प्रवीण कुमार गौतम की तैनाती के बाद से क्षेत्र में अपराधियों में भय का माहौल है और अपराधों में कुछ हद तक कमी आई है। इससे जनता के बीच पुलिस की छवि भी बेहतर हुई है। थाना अध्यक्ष गौतम और उनकी टीम ने पूर्व में हुई लूटपाट की घटनाओं को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दौरान बदमाशों से मुठभेड़ भी हुई, जिसके परिणामस्वरूप अपराधी सलाखों के पीछे पहुंचे। उनका मानना है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ होना आवश्यक है, ताकि वे अपराध करने से पहले कई बार सोचें।

थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार गौतम अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विधिक सेवाएँ पहुँचाकर सुरक्षा और विश्वास की भावना जगाने का प्रयास कर रहे हैं। वे जनसंवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने और जनता की आवाज़ पर कार्य करने पर जोर देते हैं। नीमगांव थाना पुलिस के प्रति जनता में सकारात्मक भावना पैदा हो रही है। गांवों में रात्रि गश्त बढ़ने से चोरी जैसी वारदातों पर काफी हद तक लगाम लगी है और असामाजिक तत्वों में पुलिस का भय बढ़ा है।प्रवीण कुमार गौतम मूल रूप से कानपुर नगर के निवासी हैं। वे 2015 बैच के उपनिरीक्षक हैं और उन्होंने कानपुर विश्वविद्यालय से वकालत की पढ़ाई की है। एक मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाले गौतम ने अपनी पिछली सभी नियुक्तियों में अपराध नियंत्रण को अपनी पहली प्राथमिकता बनाया है।

# बुलंदशहर में मां-बेटी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में पांच लोग दोषी करार, सजा सोमवार को सुनाई जाएगी

**●बदमाशों ने खेत में पुरुषों को रस्सी से बांधने के बाद परिवार की एक महिला और उसकी 14 साल की बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि विरोध करने पर पुरुषों के साथ मारपीट भी की गई और बदमाश परिवार से लूटपाट कर वहां से फरार हो गए।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बुलंदशहर की एक अदालत ने जुलाई 2016 में मां-बेटी से सामूहिक दुष्कर्म और लूटपाट के एक चर्चित मामले में पांच आरोपियों को दोषी करार दिया है। उन्हें सोमवार को सजा सुनाई जाएगी।



सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता वरुण कौशिक ने रविवार को बताया कि विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) ओमप्रकाश वर्मा ने शनिवार को पांच आरोपी जुबेर उर्फ सुनील, साजिद, धर्मवीर उर्फ राका, सुनील उर्फ सागर और नरेश उर्फ संदीप को दोषी करार दिया।

उन्होंने बताया कि 2016 में 29 और 30 जुलाई की मध्य रात एक परिवार के कुछ लोग अपने एक रिश्तेदार की तेरहवीं में शामिल होने के लिए नोएडा से शाहजहांपुर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि देर रात करीब डेढ़ बजे, बुलंदशहर के कोतवाली देहात क्षेत्र के दोस्तपुर गांव के पास पहुंचने पर उन्हें कार से किसी भारी चीज के टकराने की आवाज सुनाई दी, गाड़ी रोककर नीचे उतरने पर बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और हथियारों के बल पर डराकर पास के खेत में ले गए।

कौशिक ने बताया कि बदमाशों ने खेत में पुरुषों को रस्सी से बांधने के बाद परिवार की एक महिला और उसकी 14 साल की बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि विरोध करने पर पुरुषों के साथ मारपीट भी की गई और बदमाश परिवार से लूटपाट कर वहां से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में अदालत में छह लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। इनमें से एक आरोपी सलीम की मुकदमे की प्रक्रिया के दौरान मौत हो गई। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि बाकी पांच आरोपियों को दोषी करार दे दिया गया है और उनकी सजा का ऐलान 22 दिसंबर को किया जाएगा।

### संत कबीर नगर में नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी गिरफ्तार

संत कबीर नगर जिले की पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के आरोप में रेलवे के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को रविवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। महुली थाने के प्रभारी रजनीश कुमार राय ने बताया कि एक महिला ने शिकायत दर्ज कराकर आरोप लगाया है कि झीगुरापार गांव निवासी यदुलाल (70) ने 16 दिसंबर को एक खेत में उसकी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया। राय ने बताया कि पीड़िता की मां ने घटना की जानकारी होने के बादशनिवार को पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की और रविवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। राय ने बताया कि पीड़िता को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महिला के घर में दबंगों ने लगाई आग शिकायत के बाद भी पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**निघासन खीरी।** निघासन कोतवाली क्षेत्र के मोलहे पुरवा गांव निवासनी मदनादेवी के घर को गांव के कुछ दबंगों ने आग के हवाले कर दिया, जिससे टटिया जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि यह विवाद रास्ते को लेकर हुआ है। मदनादेवी का आरोप है कि गांव के दाता राम, सूरज, मेलुपुत्र सूरज, संदीप, लक्खा सहित आधा दर्जन लोगों ने उनके घर पर हमला किया और टटिया को नोचकर आग के हवाले कर दिया। जब उन्होंने विरोध किया, तो विपक्षी हमलावर हो गए और मारपीट शुरू कर दी, जिससे उनके शरीर में गंभीर चोटें आई हैं पीड़ित महिला ने थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक खीरी तक शिकायत की है, लेकिन अभी तक किसी भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है पिडित माहिला का आरोप है कि वह अपने पुश्तैनी घर में रहतीं हैं विपक्षी उनके घर के बीच आंगन से रास्ता मांग रहे हैं जबकि विपक्षी के घर के सामने से खड़ंजा से बना हुआ पक्का रास्ता निकला हुआ है लेकिन फिर भी जबरन रास्ते की मांग करते हुए डराया धमकाया जा रहा है पिडिता महिला के द्वारा पुलिस प्रशासन से भी शिकायत की गई है लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है।।

**झंडी चोकी इंचार्ज**

दो पक्षों का रास्ते को लेकर विवाद है कई बार दोनों पक्षों को बैठाला कर सुलह समझौता कराने की कोशिश की गई है लेकिन समझौता नहीं हो पाया है।

# जनसत्ता दल लोकतान्त्रिक की मासिक समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन

**●जिले की कार्यकारिणी का किया गया विस्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** जनसत्ता दल लोकतान्त्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुँवर रघुराज सिंह राजा भैया के निर्देशन मे जिला अध्यक्ष आशीष सिंह भदौरिया के नेतृत्व मे हाउस न. 12ए/13 शांति विहार कॉलोनी, निकट जल निगम, सीतापुर रोड लखीमपुर खीरी मे जिला कार्यालय पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 2027 मे आने वाले विधानसभा चुनाव और कुछ महत्वपूर्ण विषयों को लेकर रहा। जिले मे आयोजित बैठक मे जिले की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया और पार्टी के विस्तार हेतु गहनता से चर्चा की गयी। आयोजित पार्टी मे लखीमपुर से पवन अवस्थी धीरू को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया, बैठक मे जिला अध्यक्ष आशीष सिंह भदौरिया व ठाकुर सोनू सिंह जिला महासचिव के द्वारा सुनील सिंह चौहान को बेहजम ब्लॉक से महासचिव नियुक्त किया गया जिसके बाद यश त्रिवेदी नगर अध्यक्ष सदर युवा मोर्चा निवासी शिव कॉलोनी को पदभार दिया गया। जिसके साथ ही बेहजम ब्लॉक से जिला उपसचिव, सत्यपाल सिंह यादव ब्लॉक अध्यक्ष मितौली, रजनीश त्रिपाठी विधानसभा अध्यक्ष सदर लखीमपुर खीरी, मानवेन्द्र जी जिला उपसचिव बिजुआ ब्लॉक, एडवोकेट हरिचन्द्र कुमार सिंह जिला अध्यक्ष विधिक प्रकोष्ठ ब्लॉक पसगवा, अखिलेश सिंह जिला महासचिव युवा मोर्चा बिजुआ ब्लॉक, बेदप्रकाश वर्मा सदस्य बेहजम, सुनील वर्मा सदस्य ब्लॉक गोला, सुरजीत शर्मा सदस्य ब्लॉक गोला को नियुक्त किया गया। सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पदभार सौंपते हुए पार्टी की नीतियों को बुलंदियों तक पहुँचाने की अपेक्षा की गयी और साथ ही अपने पद की गरिमा को बनाये रखते हुए पार्टी द्वारा दी गयी जिम्मेदारी को बखूबी निभाएंगे।

# नाला निर्माण में बड़ा खेल, योगी सरकार की उड़ाई जा रही धज्जियां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



खीरी टाउन NH-|w| पर नगर पंचायत खीरी द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। नाले के डिज़ाइन में अचानक मोड़, कथित धनवर्षा, और घटिया निर्माण सामग्री के आरोपों ने पूरे मामले को गंभीर बना दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार नाले में सड़क किनारे निकली पुरानी ईंटों को तोड़कर बजरी के रूप में इस्तेमाल किया गया, जो निर्माण मानकों का खुला उल्लंघन है। वहीं, प्रयोग की गई सीमेंट की गुणवत्ता भी कमजोर बताई जा रही है, जिससे नाला बनने से पहले ही उसके टूटने की आशंका जताई जा रही है। यह सीधे तौर पर सरकारी धन की बर्बादी और जनता की सुरक्षा से खिलवाड़ माना जा रहा है।

सूत्रों की मानें तो यह पूरा नाला निर्माण PWD विभाग से NOC लिए बिना कराया जा रहा है, जो NH-|w| जैसे महत्वपूर्ण मार्ग पर गंभीर नियम उल्लंघन की श्रेणी में आता है।इस मामले में अब ईओ, चेयरपर्सन, अध्यक्ष प्रतिनिधि, जेई और ठेकेदार–सभी की भूमिका सवालों के घेरे में है। आरोप है कि नगर पंचायत खीरी कमीशन की अंधी दौड़ में नियमों और गुणवत्ता को ताक पर रख रही है।

सबसे अहम सवाल यह है कि योगी सरकार में, जहां जीरो टॉलरेंस की बात होती है, वहां ऐसे मामले सामने आना क्या स्थानीय स्तर पर सिस्टम की विफलता नहीं दर्शाता? यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला सरकार की छवि पर भी सवाल खड़े कर सकता है। जनता और जागरूक नागरिकों की मांग है कि जिलाधिकारी, PWD के वरिष्ठ अधिकारी और शासन स्तर से तत्काल जांच कराई जाए, निर्माण सामग्री की तकनीकी व लैब जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आगे ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो।

# बारा में : ईंट भट्ठे पर नाबालिग बच्चों से कराया जा रहा अमानवीय काम

**●श्रम कानूनों की उड़ाई जा रही धज्जियां।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** बारा प्रयागराज। यमुनानगर क्षेत्र के बारा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत धरा में संचालित एक ईंट भट्ठे पर नाबालिग बच्चों से खुलेआम ईंट पथाई एवं कठोर श्रम कराए जाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। यह घटना न केवल कानून का खुला उल्लंघन है, बल्कि बच्चों के भविष्य और अधिकारों पर सीधा प्रहार भी है। स्थानीय लोगों के अनुसार कम उम्र के बच्चे सुबह से शाम तक भट्ठे की तपती गर्मी, धूल और भारी श्रम के बीच काम करने को मजबूर हैं। शिक्षा के अधिकार और सरकारी योजनाएं यहां दम तोड़ती नजर आ रही हैं। भारत सरकार के बाल श्रम निषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986, संशोधित अधिनियम 2016 एवं जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत नाबालिगों से इस प्रकार का कार्य कराना संगीन अपराध है, इसके बावजूद भट्ठा मालिक बेखौफ होकर बच्चों से काम करवा रहा है। इस पूरे प्रकरण में उप जिलाधिकारी बारा, तहसीलदार बारा, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति CWC, जिला प्रोबेशन अधिकारी तथा थाना प्रभारी बारा की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि ईंट भट्ठा आबादी के बीच स्थित है, फिर भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।



इससे प्रशासनिक लापरवाही या मिलीभगत की आशंका गहराती जा रही है। मामले के सामने आने के बाद क्षेत्रीय लोगों और सामाजिक संगठनों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# इंडियन पैरामेडिकल एसोसिएशन द्वारा चिकित्सक संगोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आज़मगढ़।** इंडियन पैरामेडिकल एसोसिएशन (आईपीए) आज़मगढ़ इकाई के तत्वावधान में रविवार, 21 दिसंबर को एक चिकित्सक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह संगोष्ठी दोपहर 12 बजे से न्यू ग्रैण्ड हॉस्पिटल, चक्रपानपुर PGI, आज़मगढ़ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. अजीत कुमार (MBBS, MD), मेरिडियन हॉस्पिटल तथा डा. बी.के. पटेल (MBBS), एसएमओ, PGI एवं टीबी रोग विशेषज्ञ मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डा. एम.के. यादव एवं डा. रामकेश यादव (आईपीए संरक्षक) ने सहभागिता की।



संगोष्ठी में चिकित्सा सेवाओं, पैरामेडिकल कर्मियों की भूमिका, नवीन चिकित्सा तकनीकों एवं जनस्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में जनपद के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोग बड़ी संख्या में भाग लिए।

आईपीए पदाधिकारियों ने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा स्वास्थ्यकर्मियों के बीच समन्वय स्थापित करना है।

# मेरठ में बच्ची से दुष्कर्म के लिए व्यक्ति को 10 साल की सजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

मेरठ की एक अदालत ने एक व्यक्ति को 2017 में पांच साल की बच्ची के साथ बलात्कार करने के आरोप में शुक्रवार को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 10,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया।यह जानकारी पुलिस ने दी।

पुलिस ने बताया कि यह निगरानी प्रकोष्ठ और थाना सरधना पुलिस की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप संभव हो सका। पुलिस के अनुसार, थाना सरधना में वर्ष 2017 में दर्ज मामले में आरोपी आसू पुत्र मुन्ना, निवासी पाण्डुशिला रोड, कस्बा व थाना सरधना, मेरठ को शिवानी सिंह, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो (प्रथम) अदालत ने दोषी ठहराया।



मामले के अनुसार, 27 नवंबर 2017 को पीड़िता की मां ने थाना सरधना में एक शिकायत दर्ज करायी थी कि आरोपी ने उसकी पांच वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना गंभीरता से की गई और पर्याप्त साक्ष्य संकलित करके आरोप पत्र अदालत में दाखिल किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ के निर्देशन में निगरानी प्रकोष्ठ द्वारा मुकदमे की नियमित समीक्षा की गई, जिससे अभियोजन पक्ष की पैरवी मजबूत हुई और आरोपी को सजा दिलायी जा सकी।

## संक्षिप्त खबरें

### होलईपुर में क्रिकेट मैच का समाजसेवी ने किया उद्घाटन



**जंगीगंज।** क्षेत्र के होलईपुर में रविवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन डॉ आजाद दूबे के पिताजी तीर्थनाथ दूबे ने फीता काटकर उद्घाटन किया और दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। क्रिकेट उद्घाटन मैच हंटर एस बनाम सोनैचा के बीच हुआ। मैच के उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि तीर्थनाथ दूबे ने कहा कि गांव में इस तरह का आयोजन कहीं न कहीं युवाओं के बीच जागरूकता को दर्शाता है और इस तरह के आयोजन से युवाओं के बीच आपसी प्रेम और सौहार्द भी बढ़ता है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, गांव से जुड़ी तमाम प्रतिभायें आज देश और विदेश में अपने कार्यों से अपने प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है। खेलकूद से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इस मौके पर तीर्थनाथ दूबे, सिंटू दूबे, विपिन दूबे, रमेश दूबे, विनोद दूबे, अशोक तिवारी, श्रीराम विश्वकर्मा, अजय दूबे, सतीश तिवारी, प्रांशु पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, प्रांजल पाण्डेय, आदर्श तिवारी, हिमांशु पाण्डेय समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मौर्य विकास समिति का 27वां प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न



**भदोही।** मौर्य विकास समिति का 27वां वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को चित्रांगन मैरिज लॉन, ज्ञानपुर में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त अपर जिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य रहे, जबकि अध्यक्षता अरुण कुमार मौर्य ने की। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को परिश्रम व लगन से आगे बढ़ने का संदेश देते हुए कहा कि सफलता की शुरुआत एक छोटे कदम से होती है। समारोह में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 380 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में योगदान देने वाले 25 समाजसेवियों एवं शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले 6 शिक्षकों को भी सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### व्यापार मंडल कूपन के माध्यम से वितरित करेगा कंबल

**गोपीगंज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल गोपीगंज के नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने कहा कि 30 दिसंबर मंगलवार को व्यापार मंडल करीब दो हजार कंबल वितरित करेगा,व्यापारियों के सहयोग से चौधरी लान पश्चिम मोहाल से वितरित होने वाले कंबल के लिए पात्र लोगों को चिन्हित कर कूपन दिया जाएगा, 22 दिसंबर सोमवार से पश्चिम मोहाल स्थित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के कार्यालय मे आधार की कापी जमा करने पर दिन मे 11 बजे से दो बजे तक कूपन प्रदान किया जायेगा।

### स्वस्तिक पब्लिक स्कूल का दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का हुआ समापन



**चुनार, मीरजापुर।** गंगेश्वर नाथ स्थित स्वस्तिक पब्लिक स्कूल का वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव का रविवार को भव्य समापन हुआ।कीड़ा महोत्सव का शुभारंभ शनिवार को हुआ था ।समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉक्टर ब्रह्मानंद शुक्ला एवं विशिष्ट अतिथि बचाऊ लाल सेठ रहे। क्रीड़ा महोत्सव में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा मेडल और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर डॉक्टर कृष्ण बिहारी द्विवेदी,डॉ सत्यवान श्रीवास्तव,अखिलेश पांडे ,बृजेश चतुर्वेदी,सभासद विकास कश्यप ,शीतला प्रसाद यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के संचालक बृजेश यादव ने आए हुए सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की अध्यापिकाओं गीता और खुशनुमा द्वारा किया गया।

# भदोही साइकिलिंग क्लब ने केक काटकर मनाई नमो फिट इंडिया साइकिलिंग क्लब की प्रथम वर्षगाँठ

**●पर्यावरण संरक्षण व स्वास्थ्य जागरूकता साइकिल यात्रा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोपीगंज।** पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य जागरूकता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के उद्देश्य से भदोही साइकिलिंग क्लब द्वारा रविवार को विशाल साइकिल यात्रा निकाली गई। क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी के नेतृत्व में निकली इस यात्रा ने पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य, योग, पर्यावरण सुरक्षा और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया। अताउल मुस्तफा अंसारी के आह्वान पर बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और साइकिल प्रेमियों ने यात्रा में हिस्सा लिया। गोपीगंज राष्ट्रीय राजमार्ग बड़ा चौराहा से शुरू हुई साइकिल यात्रा फूलबाग, सोनखरी, इब्राहिमपुर, सिंहपुर, ज्ञानपुर देवनाथपुर होते हैं मुसीलाटपुर स्टेडियम पहुँची। वहां पहुंचने पर खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षिका ज्योति सिंह बड़ी संख्या में प्रशिक्षुवों के साथ मौजूद रहीं और सभी साइकिल चालकों का फूलमाला और तालियों से जोरदार स्वागत किया गया। सभी ने मिलकर स्टेडियम में नमो फिट इंडिया साइकिलिंग क्लब की प्रथम वर्षगांठ पर केक काटकर सबको मुबारकबाद दिया।

खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षिका ज्योति सिंह ने कहा कि ये जागरूकता अभियान बहुत अच्छा है। सभी को सुबह उठकर योग व्यायाम करना चाहिए। आसपास के कार्य साइकिल से या पैदल करें जिससे शरीर के साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रहे। खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षिका ज्योति सिंह ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया और स्वयं साइकिल लेकर यात्रा में शामिल हो गयी । साइकिल यात्रा पुनः आरंभ होकर मुसीलाटपुर, देवनाथपुर के आस पास का भ्रमण करते हुए वृक्ष लगाओ पर्यावरण बचाओ, वृक्षों की जब करोगे रक्षा, तभी बनेगा जीवन अच्छा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, स्वस्थ रहे मस्त रहे, करो योग रहो निरोग, हम सबने ये ठाना है पूरे उत्तर प्रदेश को स्वस्थ्य बनाना है, सुबह की हवा सौ रोगों की दवा, भारत माता की जय, वन्दे मातरम का नारा लगाते हुए लोगों को स्वास्थ्य और पर्यावरण के बारे में जागरूक करते हुए स्टेडियम में इसका समापन हुआ ।

पूरी यात्रा के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी और खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्राशिक्षिका ज्योति सिंह ने जगह-जगह रुककर लोगों को वृक्षारोपण, योग, स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण संवर्धन पर जागरूक किया। गौरतलब है कि पुरेगुलाब गोपीगंज निवासी अताउल मुस्तफा अंसारी के मार्गदर्शन में भदोही साइकिलिंग क्लब वर्ष 2021 से लगातार उत्तर प्रदेश, बिहार, नेपाल और मध्य प्रदेश तक जागरूकता फैला रहा है। अताउल मुस्तफा अंसारी के इस ऐतिहासिक अभियान से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में युवा, चिकित्सक, अधिवक्ता और समाजसेवी जुड़ रहे हैं।

साइकिल यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष अताउल मुस्तफा अंसारी के साथ राम श्रृंगार चौधरी, प्रवीण श्रीवास्तव, रेशमा बिंद, आंचल पाल, सरफराज अहमद, श्याम सुंदर बिंद, प्रमोद मौर्या, बनारसी बिंद, जगदीश यादव, कमलेश कश्यप, राजीव जायसवाल, नूर आलम , रितिक कनौजिया, जिगर गुप्ता, मोहम्मद इस्माइल, महमूद आलम, अंश, अतुल बिंद, नितेश, आदित्य मौर्य, देवा, सुमित, अमन, अभिषेक यादव, कार्तिक सुनील, मुज्तबा अंसारी, शमशुल आरफीन,अबू हुरैरा, उज्जवल गुप्ता, अबरार हाशमी, अभी कनौजिया, अब्दुल कय्यूम, आर्यन यादव, अज़हान खान, सुंदरम चौधरी, मोहम्मद फैज, लकी बिंद, नकीउद्दीन, अमित, मोहम्मद इमरान, रवि बिंद, फैज आलम, उत्कर्ष, मैनुद्दीन, रवि यादव, तेजस, शनी यादव, शिवांश, अंकित, मैनू अली सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## सांसद खेल स्पर्धा का 23 व 24 दिसंबर को भव्य आयोजन

**भदोही।** सांसद खेल स्पर्धा लोकसभा-78 भदोही के अंतर्गत 23 व 24 दिसंबर 2025 को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम, भदोही में भव्य आयोजन किया जाएगा।भदोही सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद की जागरूकता अपील पर इस वर्ष 17 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। उप क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में 08 खेल विधाओं—एथलेटिक्स, वालीबाल, कबड्डी, फुटबाल, बैडमिन्टन, जूडो, भारोत्तोलन एवं कुश्ती—में सबजूनियर, जूनियर व सीनियर आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। विधानसभास्तर पर चयनित विजेता खिलाड़ी सांसद खेल स्पर्धा में भाग लेंगे। प्रतियोगिताएं प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से आयोजित होंगी, जबकि समापन व पुरस्कार वितरण समारोह 25 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

## नशे की हालत में अपने 04 वर्षीय पुत्र की हत्या करने वाला अभियुक्त (पिता) की गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




थाना सुरियावां क्षेत्रांतर्गत गांव गुवाली में दिनांक 20.12.2025 को रात्रि करीब 11:00 बजे अभियुक्त रामजी वनवासी पुत्र राधे निवासी गुवाली थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र 32 वर्ष, निवासी गुवाली, थाना सुरियावां, जनपद भदोही ने शराब के नशे में अपनी पत्नी से विवाद के दौरान अपने 04 वर्षीय पुत्र विकास को उठाकर पटक दिया था, जिससे बच्चे को गंभीर चोटें आईं और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता से कार्यवाही करते हुए परिजन से प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 419/25 धारा 105 बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त घटना के बाद फरार हो गया था। अभिमन्यु मांगलिक,पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा जनपद में चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु निर्देश के क्रम में एवं क्षेत्राधिकारी भदोही के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 21.12.2025 को थाना सुरियावां पुलिस टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 419/25 धारा 105 बी0एन0एस0 थाना सुरियावां जनपद भदोही से संबंधित अभियुक्त रामजी वनवासी पुत्र राधे निवासी गुवाली थाना सुरियावां जनपद भदोही उम्र 32 वर्ष को नागेंद्र सिंह के भट्ठा कनकपुर से दबिश देकर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। जनपद पुलिस अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध निरंतर प्रभावी कार्यवाही कर रही है।

## सुशासन सप्ताह के तहत ग्राम पंचायत रयां में योजनाओं की दी गई जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** सुशासन सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को भदोही विकास खण्ड की ग्राम पंचायत रयां में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य योजनाओं को अंतिम पंक्ति तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को समय से लाभ दिलाना रहा। इस अवसर पर एडीओ पंचायत मनोज मौर्य ने ग्रामीणों को स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), शौचालय निर्माण, ग्राम पंचायत की विकास योजनाएं, पेंशन योजनाएं एवं जनहित से जुड़ी अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक अभिलेख समय से पूर्ण कराएं तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर ग्राम पंचायत अथवा विकास खण्ड कार्यालय से संपर्क करें।

एडीओ कृषि रामनरेश मौर्य ने कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसल बीमा योजना, उन्नत बीज, उर्वरक एवं आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि अरविंद सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर सरकार की मंशा के अनुरूप पारदर्शी ढंग से योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से जागरूक होकर सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने अधिकारियों से अपनी समस्याएं भी साझा कीं, जिनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया।

# 50 लाख से अधिक की साइबर ठगी का पर्दाफाश

**●छह अंतरराज्यीय साइबर अपराधी गिरफ्तार**

**1.5 लाख रुपये की रकम फ्रीज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही।** पुलिस अधीक्षक भदोही अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत साइबर क्राइम थाना भदोही पुलिस ने छह सदस्यीय अंतरजनपदीय/अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गिरोह के छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके विभिन्न बैंक खातों में जमा 1,50,000 रुपये की धनराशि होल्ड कराई है। जांच में सामने आया है कि यह गिरोह अब तक 50 लाख रुपये से अधिक की साइबर ठगी को अंजाम दे चुका है। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने बताया कि अभियुक्तों द्वारा संचालित फर्जी बैंक खातों पर देश के विभिन्न राज्यों से 32 शिकायतें नेशनल साइबर रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म पर दर्ज पाई गई हैं। गिरोह का नेटवर्क मुख्य रूप से बिहार राज्य से संचालित होना सामने आया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार साइबर अपराधियों के मोबाइल फोन की जांच में व्हाट्सएप व टेलीग्राम चैट, फोटो, वीडियो, ऑडियो, विभिन्न बैंकों के खाते, पासबुक, एटीएम, आधार कार्ड, पैन कार्ड, भुगतान क्यूआर कोड, नेट बैंकिंग आईडी-पासवर्ड तथा एपीके फाइलें बरामद हुई हैं, जिनका प्रयोग ठगी के लिए किया जा रहा था। मामले का खुलासा साइबर क्राइम थाना भदोही में पंजीकृत मुकदमा संख्या 52/2025 की विवेचना के दौरान हुआ। दर्ज मुकदमे के अनुसार 20 नवंबर 2025 को साइबर ठगी के माध्यम से एक खाते से 50,000 रुपये की धनराशि दूसरे खाते में स्थानांतरित कर ली गई थी। इस संबंध में धारा 318(4) व 66-डी आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे भोले-भाले लोगों को पैसों का लालच देकर उनके नाम से बैंक खाते, सिम कार्ड और एटीएम कार्ड खुलवाते थे। इसके बाद एपीके फाइल के माध्यम से मोबाइल फोन हैक कर बिना खाताधारक की जानकारी के धनराशि निकालकर एटीएम के जरिए आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने 20 दिसंबर 2025 को सुरियावां थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन हाईवे के समीप दबिश देकर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके पास से एंड्रॉयड व कीपैड मोबाइल फोन, 16 बैंक खातों का विवरण, ?850 नकद तथा ठगी से संबंधित महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में बिहार के जमुई जिले के सूरज साव, सन्नी साव, अनिल मंडल, जौनपुर जिले का विशाल यादव तथा भदोही जिले के पवन यादव और पवन सरोज शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह से जुड़े कुछ अन्य अभियुक्त फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

## सपा ने औराई व ज्ञानपुर में बीएलए की बैठक कर एसआईआर की समीक्षा की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** समाजवादी पार्टी द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंट की समीक्षा बैठक जनपद की औराई एवं ज्ञानपुर विधानसभाओं में आयोजित की गई। औराई विधानसभा में आयोजित बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष केशनारायण यादव ने की, जबकि ज्ञानपुर विधानसभा के कुसौली में हुई बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष लालचन्द बिंद ने की। बैठक में सरकार द्वारा कराए जा रहे एसआईआर की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि जनपद का प्रत्येक बीएलए 'पीडीए प्रहरी' के रूप में लोकतांत्रिक जिम्मेदारी निभा रहा है और एक-एक वोट की रक्षा के लिए निरंतर सक्रिय है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के बीएलए, सेक्टर स्तरीय कार्यकर्ता, पदाधिकारी और नेता हर बूथ पर मतदाता सूची की निगरानी कर रहे हैं, जिससे मताधिकार सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना है और इसके लिए सभी कार्यकर्ता सजगता के साथ कार्य कर रहे हैं। बैठक में बीएलए को एसआईआर प्रक्रिया के दौरान सतर्क रहने तथा किसी भी अनियमितता की जानकारी समय से पार्टी संगठन को देने के निर्देश दिए गए। औराई विधानसभा की बैठक में हृदय नारायण प्रजापति, पूर्व प्रत्याशी अंजनी सरोज, सोभनाथ यादव, पूर्व विधायक मधुबाला पासी, मो. आजम, दिलीप भीम कनौजिया, सुबेदार विश्वकर्मा, प्रदीप वियोगी, सलाउद्दीन अंसारी, पवन विश्वकर्मा, डॉ. सनवारुल हक, गुलाब यादव, चक्रधारी यादव, हिमांशु यादव, धर्मेन्द्र कुमार मिश्र (पप्पू) सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ज्ञानपुर विधानसभा के कुसौली में आयोजित बैठक में विधानसभा अध्यक्ष लालचन्द बिंद, मुन्ना खां, सरिता बिंद, कल्लन यादव, रामचन्द्र यादव, कमला महतो, विनोद यादव, अंकिता सिंह, महेन्द्र यादव, श्यामधर यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के अंत में संगठनात्मक मजबूती तथा आगामी चुनावी प्रक्रियाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# एक दिवसीय ओपन जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप महिला का समापन

**●चैंपियन का खिताब मवैया स्पॉटिंग क्लब को जबकि घरवासपुर की टीम रही उपविजेता**

**कुल 8 टीमों के बीच हुआ मुकाबला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** जिला वॉलीबॉल संघ एवं फोर्ट क्लब चुनार के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय महिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप चुनार के परेड ग्राउंड के वॉलीबॉल कोर्ट पर रविवार को खेला गया। प्रतियोगिताद्द कुल 8 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि गणेश गुप्ता कमांडर सशस्त्र पुलिस बल चुनार एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चुनार मंसुर अहमद के हाथों हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। जिला वालीबॉल चैंपियनशिप के चेयरमैन एवं सहकारी संघ के अध्यक्ष विजय वर्मा, आयोजन सचिव सुरेश कुमार वर्मा, दीपेंद्र तिवारी,सुरेंद्र तिवारी,महेंद्र वर्मा आदि ने आयोजन में विशेष योगदान दिया। यह आयोजन जिला ओलंपिक एवं वालीबाल संघ के महासचिव एसपी त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता के मैचों का परिणाम निम्नवत रहा पहाड़ी ने तुलापुर को 25-17, 25-14 से,मवैया ने कोलना को 25-8, 25-10 से,घरवासपूर ने हसीपुर को 25-11 25-15 से हराया। सेमीफाइनल घरवासपुर ने राजगढ़ को 25-10 25-8 से वही मवैया ने पहाड़ी को 25-13 25- 18 से हराया। फाइनल मैच मवैया बनाम घरवासपुर रहा। मैच के निर्णायक राकेश त्रिपाठी (राष्ट्रीय रेफ्री) विनय प्रकाश, ओम प्रकाश, बलराज सिंह अशोक शुक्ला भोला यादव, बृजेश भूषण सिंह एवं अनवर आदि रहे। संचालन श्यामधर चतुर्वेदी ने किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ विश्राम,अपर आयुक्त विंध्याचल मंडल रहे उन्होंने आयोजन के लिए एसपी त्रिपाठी की विशेष सराहना की तथा आयोजक मंडल को बधाई दिया। इस मौके पर जिले की टीम का चयन किया गया, घोषित खिलाड़ी 22 दिसंबर को भीसकुरी स्टेडियम मिर्जापुर में 11:00 बजे मंडलीय ट्रायल में भाग लेंगे, वहां चयन होने पर राज्य वॉलीबॉल जौनपुर में प्रतिभाग करेंगे। चयनित खिलाड़ी का नाम निम्नः निशा यादव हाजीपुर, प्रियांशी यादव को, लक्ष्मी राजगढ़, दिव्या सिंह मवैया, ललिता यादव तुलापुर, सिमरन यादव तुलापुर, ज्योति, शिव चंचला, कनिका, सुनैना, चांदनी आंचल (कुल 12 खिलाड़ी) चयनित हुए। इस दौरान जिला वालीवाल संघ के अध्यक्ष प्रताप नारायण तिवारी,ओलंपिक संघ के लीगल एडवाइजर कृपा शंकर मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर बिना अनुमति बिक रहा पेयजल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोपीगंज।** ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सेहत से खुला खिलवाड़ किया जा रहा है। स्टेशन के प्लेटफॉर्मों के साथ-साथ ट्रेनों के भीतर बिना किसी वैध अनुमति और अप्रूवल के पेयजल की अवैध बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह सब रेलवे अधिकारियों की आंखों के सामने हो रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्टेशन पर बिकने वाली पानी की बोतलों पर न तो आईएसआई मार्क, न ही निर्माण तिथि, एक्सपायरी डेट और निर्माता का विवरण स्पष्ट रूप से अंकित है। कई बोतलों की पैकिंग भी मानकों के अनुरूप नहीं है, जिससे उनकी गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि मजबूरी में उन्हें यही पानी खरीदना पड़ता है, क्योंकि अधिकृत स्टॉल या तो बंद रहते हैं या पर्याप्त व्यवस्था नहीं होती। स्थानीय यात्रियों के अनुसार, कुछ विक्रेता प्लेटफॉर्म के अलावा ट्रेनों के डिब्बों में भी घूम-घूमकर पानी बेचते हैं, जिससे यह आशंका और गहराती है कि यह पानी अस्वच्छ स्रोतों से भरकर बेचा जा रहा है। गर्मी के मौसम में इसका सेवन बच्चों, बुजुर्गों और बीमार यात्रियों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। नियमों के अनुसार, रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में केवल रेलवे अथवा आईआरसीटीसी द्वारा अधिकृत विक्रेताओं को ही खाद्य एवं पेय पदार्थ बेचने की अनुमति होती है। इसके बावजूद ज्ञानपुर रोड स्टेशन पर यह अवैध कारोबार लंबे समय से जारी है, जो रेलवे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि रेलवे प्रशासन तत्काल मामले की जांच कर अवैध विक्रेताओं पर कड़ी कार्रवाई करे तथा स्टेशन पर केवल मानक और सुरक्षित पेयजल की ही उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो किसी बड़े स्वास्थ्य संकट से इंकार नहीं किया जा सकता।

## वेबसाइट पर हो सकेंगे राशन कार्ड के काम

**ललितपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने आयुक्त खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ के पत्र का हवाला देते हुये बताया कि जिले के सभी राशन कार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि खाद्य तथा रसद विभाग की विभागीय वेबसाइट के पब्लिक डोमेन पर आम जनमानस हेतु राशनकार्ड से सम्बन्धित विभिन्न सेवाएं यथा राशनकार्ड विभाजन हेतु आवेदन, यूनिट स्थानान्तरण हेतु आवेदन, राशनकार्ड स्थानान्तरण हेतु आवेदन, राशन कार्ड समर्पण हेतु आवेदन, यूनिट निरस्तीकरण हेतु आवेदन तथा मृत्यु की दशा में राशन कार्ड की मुखिया परिवर्तन हेतु आवेदन उपलब्ध करायी गयी है, जिनके माध्यम से आवेदक अपने राशन कार्ड से सम्बन्धित इन सेवाओं हेतु अपने राशन कार्ड नम्बर तथा राशन कार्ड से लिंक्ड मोबाइल नम्बर के माध्यम से लॉगिन कर आधार आधारित ओ.टी.पी. वेरिफिकेशन के पश्चात् आवेदन कर सकेंगे। इन सुविधाओं हेतु अब राशन कार्ड धारकों को अनावश्यक आपूर्ति कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आवेदक उपरोक्त सुविधाओं हेतु स्वयं आवेदन कर सकेंगे तथा इनके आवेदन सक्षम प्राधिकारियों के लॉगिन पर स्वयं प्रदर्शित हो जाएंगे।

# सुरभि शोध संस्थान में देशज दिवस के तहत आठ दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ भक्ति मय संगीत से आरंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** नगर के रामबाग स्थित सुरभि शोध संस्थान में रविवार को आठ दिवसीय देशज दिवस कार्यक्रम के तहत श्री राधाकृष्ण बनवासी छात्रावास के अध्ययनरत अरुणाचल प्रदेश के छात्र छात्राओं द्वारा बंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात निकुंज कामरा व आरुषि गंभीर ने जहाँ ले चलोगे, वही मै चलूगां। मेरे रोम रोम मे रम जाओ घनश्याम और मै तुझसे क्या मांगू ये जीवन है तेरे हवाले, मुरलीया वाले सहित एक से बढकर एक भजन सुनाकर उपस्थित जनो को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। प्रभारी अमित चतुर्वेदी ने बताया कि सुरभि शोध संस्थान गत 36 वर्षो से लगातार गो रक्षा मूलक स्थानीय लोक शिक्षण के विधिक सेवा प्रक्रमों पर प्रयोग कर रहा है जिसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के विशेष कर वनवासी समाज अपने लिए रोटी कपड़ा मकान शिक्षा एवं चिकित्सा सुविधा जुटाने में सहयोग कर रहा है। चतुर्वेदी ने बताया कि इस समय संस्थान में 28 हजार गो वंश संरक्षित एवं सेवित है संस्था द्वारा समाज के सहयोग से लगभग 750 जनजाति छात्र छात्राओं को छात्रावास में रखकर नियमित शिक्षा के साथ साथ उनका सर्वांगिण विकास कर राष्ट्र के मुख्य धारा से जोड़ा जा रहा है जनजातीय परम्परा को ध्यान में रखते हुए 15 दिसम्बर से 15 जनवरी तक उत्पत्ति दिवस मनाया जा रहा है इसके बीच में 21 दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक देशश दिवस का आयोजन किया गया है जिसमें प्रत्येक दिन अलग-अलग कार्यक्रम सम्पन्न होगा।इस दौरान आकाश मोदी, रमेश। टेकरीवाल, राजकुमार केजरीवाल, आनन्द केजरीवाल, पवन अग्रवाल, प्यारे कृष्ण अग्रवाल, गोपाल तुलस्यान आदि सहित संस्थान के समस्त छात्र/छात्रा मौजूद रहे।

# सनातन सत्य है शाश्वत है यह सदैव रहेगा काशी सुमेरु पीठ के पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीखड़, मीरजापुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर संघ द्वारा सीखड़ रामलीला मैदान में रविवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें काशी सुमेरु पीठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य नरेन्द्रानंद सरस्वती जी महाराज का आगमन हुआ। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दू कैसे संगठित रहे ,कैसे स्वयं को हिन्दू समाज को और अपने राष्ट्र को सशक्त करने पर विस्तृत वक्तव्य दिया। धर्मान्तरण, लव जिहाद एवं हिन्दू बेटियों की सुरक्षा कैसे हो उस प्रमुख रुप से बल दिया। जब तक एक भी हिन्दू अपने संस्कार और अपनी पूजा पद्धति से सनातन धर्म का आचरण करता रहेगा भारत सदैव हिन्दू राष्ट्र रहेगा। सनातन सत्य है, शाश्वत है यह सदैव रहेगा। हर हर महादेव के उद्घोष से पूरा ग्रामीण अंचल वीर रस के भाव में उत्साहित था। मुख्य वक्ता महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर डॉ. राकेश त्रिपाठी रहे, विशिष्ट अतिथि में डा. श्वेत निशा सिंह और गांव के डोम राजा ज्योति रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष योगेंद्र चौबे, मंच संचालक आशीष पाठक, रामबालक त्रिपाठी, आलोक शुक्ल,आलोक सिंह, डब्बू मिश्रा, पारसनाथ सिंह, विनय कुमार पाठक, संदीप पाठक डॉ विजय कुमार शुक्ल, प्रकाश तिवारी, गणेश सिंह, अजित पांडेय, सतीश त्रिपाठी, मिंटू त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष विजय भारद्वाज सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### क्रिकेट आज दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल- रावत

**कोड़ापुर गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन।**



**प्रयागराज।** क्रिकेट आज दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल बन गया है जिसमें युवाओं से लेकर हर कोई अपनी अभिरुचि दिखा रहा है उक्त बाते रविवार को फूलपुर क्षेत्र के कोड़ापुर गांव स्थित राम अवतार यादव इंटर मीडिएट कॉलेज में बाल वार्षिक क्रिकेट परतियोगित का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि पत्रकार संघ अध्यक्ष कोड़ापुर मौजी लाल रावत ने कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभावों की कमी नहीं है जरूरत है ऐसी प्रतिभावों को प्रतिभावों के माध्यम से आगे बढ़ाने की। उक्त प्रतियोगिता में कुल 5 टीमों ने प्रतिभाग करते हुए खेल को रोमांचक बना दिया खेल के अंतिम समय में। फाइनल मुकाबला सीवी रमन एवं जगदीश चंद्र बोस के बीच खेला गया जिसमें जगदीश चंद्र बोस की टीम ने सीबी रमन को 4 रनों से हराकर प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि प्रधान संघ अध्यक्ष फूलपुर योगेन्द्र कुमार भारतीय एवं अध्यक्षता मौजी लाल रावत ने करते हुए विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किए। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक शिव मूर्ति यादव एवं प्रधानाचार्य राम सूरत यादव, राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी अंकू दूबे, आनंद सिंह यादव, बिपिन यादव, राजेश यादव, अखिलेश यादव, चंचल पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत 'संडे ऑन साइकिल'

**एक वर्ष पूर्ण होने पर साइकिल रैली का आयोजन।**




**ब्यूरो प्रयागराज।** फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत संचालित 'संडे ऑन साइकिल' पहल के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज प्रयागराज मण्डल द्वारा डी.एस.ए. ग्राउंड, प्रयागराज से प्रयागराज जंक्शन तक एक विशेष साइकिल रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक/प्रयागराज मंडल रजनीश अग्रवाल तथा वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक एवं मण्डल क्रीड़ा अधिकारी श्री एस.के. सिंह सहित अन्य अधिकारियों द्वारा साइकिल चलाकर किया गया। साइकिल रैली में मंडल रेल प्रबंधक सहित बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साह और जोश के साथ सहभागिता की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने फिट इंडिया मिशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ जीवनशैली के लिए अधिक से अधिक साइकिल का उपयोग एवं पैदल चलने की आदत विकसित करना आवश्यक है। इससे न केवल शारीरिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सप्ताह में कम से कम एक दिन कार्यालय आने-जाने हेतु साइकिल के प्रयोग के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि जीवनशैली में किए गए छोटे-छोटे सकारात्मक परिवर्तन पर्यावरण संरक्षण में बड़ा योगदान दे सकते हैं।

### झांसी में प्लास्टिक फैक्टरी और गोदाम में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

**झांसी** जिले में प्रेमनगर के औद्योगिक क्षेत्र बिजौली में एक प्लास्टिक फैक्टरी और गोदाम में लगी आग पर करीब 10 घंटे की मशक्कत के बाद रविवार दोपहर तक काबू पाया जा सका। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि दमकलकर्मियों की कड़ी मेहनत के चलते आग को आसपास स्थित अन्य फैक्टरी तक फैलने से रोक लिया गया। प्रेमनगर थाना प्रभारी तुलसीराम पांडेय ने बताया कि शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे इलाके के बिजौली क्षेत्र स्थित साजिद खान नामक व्यापारी के प्लास्टिक स्क्रैप फैक्टरी और गोदाम में अचानक आग लग गई जिससे वहां रखे प्लास्टिक के कबाड़ के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर पहुंची दमकल विभाग की करीब चार दर्जन गाड़ियों की मदद से रविवार दोपहर तक आग पर काबू पाया लिया गया। उन्होंने बताया कि बड़ी मात्रा में प्लास्टिक का कबाड़ आदि जलने के अलावा किसी अन्य नुकसान की सूचना नहीं है और इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। पुलिस के मुताबिक, क्षति का आकलन किया जा रहा है।

# इंडिगो बुक्स, प्रयागराज का आयोजन 'किताब पर बात और लेखक से मुलाक़ात

**● 'अंग्रेजी राज और हिंदी की प्रतिबंधित पत्रकारिता-लेखकः संतोष भदौरिया, पर हुई चर्चा।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कर्नलगंज स्थित इंडिगो बुक्स द्वारा ' किताब पर बात और लेखक से मुलाक़ात' कार्यक्रम का आयोजन किया गया.वरिष्ठ लेखक प्रो. संतोष भदौरिया द्वारा आजादी के आंदोलन के दौर की हिंदी की पत्रकारिता पर लिखित बहुचर्चित पुस्तक' अंग्रेजी राज और हिंदी की प्रतिबंधित पत्रकारिता' पर मुख्य रुप से चर्चा केंत्रित रही। सर्वप्रथम इंडिगो बुक्स के संचालक अनुराग ने सभी अतिथियों एवं वक्ताओं का स्वागत किया। कार्यक्रम की रुपरेखा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के युवा अध्येता एवं शोधार्थी जगदीश ने प्रस्तुत की।

प्रोफेसर संतोष भदौरिया की पुस्तक, 'अंग्रेजी राज और हिंदी की प्रतिबंधित पत्रकारिता ', पर केंद्रित यह संवाद सिर्फ एक अकादमिक विमर्श नहीं, बल्कि उन गुमनाम नायकों को एक श्रद्धांजलि थी, जिनकी कलम की स्याही में विद्रोह की आग थी। यह उस भूले हुए इतिहास की कहानी है, जहाँ मामूली कागज़ पर छपे शब्द उस ब्रिटिश साम्राज्य के लिए सबसे बड़ा ख़तरा बन गए थे, जिसे अपने राज में सूरज न डूबने का गुमान था। यह पुस्तक उसी दबे हुए सच को उजागर करती है, जहाँ शब्द हथियार थे और पत्रकार सैनिक। जैसा की किसी भी इस तरह के कार्यक्रम में होता है कुछ वक्ता होते हैं, कुछ पाठक और श्रोता।

इस कार्यक्रम की सबसे खास बात ये थी कि इसमें 'पाठक' ही वक्ता भी थे 'श्रोता' भी, क्योंकि वक्ताओं में कोई विशिष्ट लोग नहीं वरन आम छात्र और शोधार्थी ही थे। और कार्यक्रम के आयोजन से लेकर संचालन तक का सभी कार्य छात्रों द्वारा ही किया गया। हालांकि इसमें शहर के विशिष्ट लोगों जिनमें वरिष्ठ साहित्य प्रेमी सत्यमोहन, रियाज खान, वरिष्ठ नाट्य निर्देशक प्रवीण शेखर, मोहन लाल, धर्मेंद्र, संजय पाण्डेय का नाम प्रमुख है, ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की और अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी भी की किताब और इस सुंदर आयोजन को लेकर।

संग्राम के दौरान पत्रकारिता महज़ ख़बरें पहुँचाने का माध्यम नहीं, बल्कि जन-जागरण और वैचारिक प्रतिरोध का एक रणनीतिक मोर्चा थी। ब्रिटिश सरकार इस बात को भली-भाँति समझती थी कि अखबारों में छपे शब्द सोई हुई आवाम को जगाने और संगठित करने की ताकत रखते हैं। यही कारण था कि वे कलम की इस शक्ति से भयभीत थे और इसे नियंत्रित करने के लिए हर संभव दमनकारी उपाय अपनाते थे।दोनों वक्ताओं, मेहताब और मनीष, ने इस तर्क को पुरज़ोर तरीक़े से सामने रखा कि अंग्रेज़ फ़ौजों से ज़्यादा शब्दों से डरते थे। मेहताब के शब्दों में, 'सत्ता जब डरती है तो सबसे पहले शरीर को नहीं शब्दों को कैद करती है,' क्योंकि शब्द विचारों के जनक हैं और विचार ही वह शक्ति है जो प्रजा को जगाते हैं। ये अख़बार और पत्रिकाएँ अपने सीमित संसाधनों के बावजूद जनता को आंदोलित करने के लिए कई असरदार तरीक़े अपनाते थे। ऐसी कविताएँ प्रकाशित की जाती थीं जिन्हें पढ़कर लोगों का 'खून खौल उठता था' और वे देश के लिए कुछ कर गुज़रने को तैयार हो जाते थे। देश के लिए प्राण न्योछावर करने वाले क्रांतिकारियों को नायक के रूप में प्रस्तुत किया जाता था, ताकि उनकी शहादत व्यर्थ न जाए और प्रेरणा का स्रोत बने। संपादकीय लेखों के माध्यम से ब्रिटिश सरकार के हर झूठ और प्रोपगेंडा की धज्जियाँ उड़ा दी जाती थीं, जिससे जनता के सामने उनकी दमनकारी सच्चाई उजागर होती थी। इस साहसिक पत्रकारिता में शामिल जोखिमों को दर्शाने के लिए चर्चा में आए दो विशिष्ट उदाहरण उल्लेखनीय हैं

'चाँद' पत्रिका का फांसी अंक अपने आप में एक क्रांतिकारी दस्तावेज़ था। इसके संपादक जानते थे कि वे 'आग से खेलने का काम कर रहे हैं '। उन्होंने ख़ुद लिखा था कि 'यह दिल दहलाने वाला साहित्य सौंपते हुए हमारे हाथ कांप रहे हैं।' इस अंक में 1857 की क्रांति पर लेख, 'फांसी' नामक एक कविता और क्रांतिकारियों के बलिदान पर मार्मिक रचनाएँ थीं। सबसे विस्फोटक बात यह थी कि माना जाता है कि इसमें एक लेख स्वयं भगत सिंह ने लिखा था, जिसने इस अंक को ब्रिटिश सत्ता की नज़र में और भी ख़तरनाक बना दिया।

'पयामे आज़ादी' का विवरण राहुल द्वारा साझा किया गया 1857 के इस पत्र का वृत्तांत रौंगटे खड़े कर देने वाला है। ब्रिटिश सरकार के क्रूर दमन का यह चरम उदाहरण था। अंग्रेज़ों ने न केवल 'पयामे आज़ादी' के मुद्रक (प्रिंटर) और प्रकाशक को फाँसी दी, बल्कि इसके कुछ पाठकों को भी सिर्फ़ अख़बार पढ़ने के जुर्म में फाँसी पर लटका दिया था।

'पयामे आज़ादी' का वृत्तांत यह सिद्ध करता है कि अंग्रेज़ों के लिए सिर्फ़ लेखक ही नहीं, बल्कि जाग्रत पाठक भी शत्रु था—एक ऐसा सच जिसकी क़ीमत इन गुमनाम नायकों ने अपने प्राणों की आहुति देकर चुकाई।उस दौर में पत्रकारिता कोई पेशा नहीं, बल्कि एक 'तपस्या' और 'बलिदान' थी। यह सत्य के लिए अपनी आहुति देने का एक माध्यम था, जहाँ हर शब्द की क़ीमत चुकानी पड़ती थी।पुस्तक के एक अध्याय का शीर्षक 'जेल, जब्ती, और जुर्माना' उस दौर की हक़ीक़त को पूरी तरह बयां करता है। पत्रकारों और प्रकाशकों को जेल में डाल दिया जाता था, उनकी प्रिंटिंग प्रेस ज़ब्त कर ली जाती थी और उन पर भारी जुर्माना लगाया जाता था, ताकि उनकी आर्थिक कमर टूट जाए और वे दोबारा अख़बार निकालने का साहस न कर सकें।इलाहाबाद से निकलने वाले अख़बार 'स्वराज' का राहुल द्वारा सुनाया गया क़िस्सा इस बलिदान की भावना का जीवंत उदाहरण है। अख़बार को जब एक संपादक की ज़रूरत पड़ी, तो उसने एक अनूठा विज्ञापन प्रकाशित कियाः

'एक अदद हमको संपादक चाहिए। वेतन के रूप में दो सूखी रोटी मिलेंगी और एक लोटा ठंडा पानी मिलेगा और बोनस में क्या मिलेगा? जेल की हवा खाने को मिल सकती है। '



इस विज्ञापन का असर यह हुआ कि एक के बाद एक, आठ संपादकों ने इन शर्तों को सहर्ष स्वीकार किया और जेल गए, लेकिन अख़बार को बंद नहीं होने दिया। यह घटना उस पीढ़ी के पत्रकारों के दृढ़ संकल्प को दर्शाती है, एक ऐसा संकल्प जिसका दस्तावेज़ीकरण ही प्रोफेसर भदौरिया की पुस्तक का सबसे बड़ा अकादमिक और ऐतिहासिक योगदान है।

प्रोफेसर भदौरिया की यह पुस्तक केवल एक ऐतिहासिक वृत्तांत नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण अकादमिक दस्तावेज़ है। इसका मूल्य इसके कठोर शोध, सरल भाषा और भारतीय साहित्य व इतिहास के अध्ययन में एक बड़ी चूक को दुरुस्त करने में निहित है। छात्र-वक्ताओं ने पुस्तक के विद्वत्तापूर्ण गुणों को विशेष रूप से रेखांकित कियाः-

शोध-परक प्रमाणिकता (Research-based Authenticit4): पारस ने बताया कि यह पुस्तक गहन शोध पर आधारित है, जिसमें 16 पृष्ठों में 384 संदर्भ (references) दिए गए हैं। रिया ने भी इस तथ्य की पुष्टि करते हुए कहा कि यह विशेषता पुस्तक को भविष्य के शोधार्थियों के लिए एक अनिवार्य संदर्भ ग्रंथ बनाती है।

विस्तृत संरचना (Comprehensive Structure): पारस ने बताया, पुस्तक को पाँच भागों में विभाजित किया गया है, जिनके शीर्षक जैसे 'संघर्ष और बंधन', 'जेल जब्ती जुर्माना' , 'देश दुनिया ', 'पग पग प्रतिवाद' और 'कहन विस्तार' अपने आप में कथा के प्रवाह को दर्शाते हैं। यह संरचना पाठकों को विषय को चरणबद्ध तरीक़े से समझने में मदद करती है।

सर्व सुलभ भाषा (Accessible Language)- रिया और सोमदेव ने इस बात पर ज़ोर दिया कि एक अकादमिक कृति होने के बावजूद, पुस्तक की भाषा इतनी सहज और सुलभ है कि पत्रकारिता की पृष्ठभूमि न रखने वाला आम पाठक भी इसे आसानी से समझ सकता है।शोध की प्रामाणिकता, सुगठित संरचना, और सरल भाषा का यह मेल ही इस पुस्तक को एक दुर्लभ दस्तावेज़ बनाता है—जो अकादमिक रूप से मज़बूत होते हुए भी जन-संवाद के लिए खुला है।

पुस्तक चर्चा का सबसे महत्वपूर्ण बौद्धिक वक्तव्य अंत में स्वयं किताब के लेखक प्रोफेसर भदौरिया द्वारा प्रस्तुत की गई वह आलोचना है, जिसमें वे हिंदी साहित्य के बड़े इतिहासकारों को कटघरे में खड़ा करते हैं। उनका आरोप है कि आचार्य रामचंद्र शुक्ल और रामविलास शर्मा जैसे दिग्गजों ने अपने कालजयी इतिहास-ग्रंथों में प्रतिबंधित साहित्य की इस विशाल और जीवंत दुनिया को पूरी तरह से नज़रअंदाज़ कर दिया। यह केवल एक अकादमिक चूक नहीं, बल्कि हिंदी साहित्य के विमर्श से प्रतिरोध की पूरी परंपरा को अदृश्य कर देने जैसा था, जिसने पीढ़ियों तक स्वतंत्रता संग्राम की हमारी समझ को अधूरा रखा। इस प्रकार, यह पुस्तक न केवल अकादमिक जगत के लिए एक मील का पत्थर है, बल्कि यह सत्ता और प्रेस के बीच के शाश्वत संघर्ष का एक शक्तिशाली अनुस्मारक भी है।

पुस्तक में वर्णित ऐतिहासिक संघर्ष केवल अतीत का अवशेष नहीं है, बल्कि यह समकालीन चुनौतियों के लिए एक शक्तिशाली दर्पण का काम करता है। यह हमें याद दिलाता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना ब्रिटिश काल था।

यह जानना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि यह पत्रकारिता केवल राजनीतिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं थी, बल्कि उन सामाजिक न्याय के मुद्दों को उठा रही थी जो आज भी हमारे राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में हैं, किसानों और मजदूरों के अधिकार स्त्रियों की आर्थिक गुलामी और आज़ादी, फासीवाद और पूंजीवाद की आलोचना।यह पुस्तक हमें याद दिलाती है कि एक स्वतंत्र प्रेस केवल राजनीतिक विरोध का मंच नहीं है, बल्कि वह समाज के सबसे वंचित वर्गों की आवाज़ भी है। मेहताब द्वारा उद्धृत एक पंक्ति इस पुस्तक के आज के लिए अंतिम संदेश को समाहित करती हैः 'जिस राष्ट्र की कलम स्वतंत्र है उसी राष्ट्र का भविष्य सुरक्षित है। '

यह आयोजन केवल प्रतिबंधित पत्रकारिता के भूले हुए इतिहास को एक श्रद्धांजलि नहीं था, बल्कि यह किताबों और पढ़ने की उस संस्कृति को भी एक सलाम था, जो आज ख़ुद संकट में है। एक ऐसे दौर में, जहाँ हमारे सबसे बड़े साहित्यकारों की लाइब्रेरियाँ भी विरासत नहीं, बोझ समझी जा रही हैं, इंडिगो बुक्स जैसे स्थान और यह चर्चा एक ज़िद्दी उम्मीद की तरह है। प्रोफेसर भदौरिया की पुस्तक और उस पर हुई यह चर्चा हमें याद दिलाती है कि उन पत्रकार-शहीदों की कहानियाँ एक अमूल्य विरासत हैं। वे हमें स्वतंत्रता की वास्तविक क़ीमत और उसके सही अर्थ का अहसास कराती हैं, जिसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हमारा। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से वरिष्ठ नाट्य निर्देशक प्रवीण शेखर साहित्य प्रेमी संजय पाण्डेय, वरिष्ठ पत्रकार रियाज खान, एडवोकेट सत्यमोहन, मोहनलाल यादव, धर्मेन्द्र यादव, अमर सिंह,युवा अध्येता निशांत सिंह,श्वेता, सृष्टि,रिया त्रिपाठी, सोम मिश्रा,खुशबू यादव,हिमालय यादव,पूजा साहनी, गौरी कुशवाहा, अरविन्द कुमार सहित तमाम शोधार्थी एवं विद्यार्थी शामिल रह।

## नशा मुक्त समाज बनेगा ध्यान से : योगाचार्य धर्मचंद्र



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज के तेलियरगंज स्थिति मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान तेलियरगंज में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर योगाचार्य धर्मचंद्र जी ने बच्चों को बताया कि सोचे! मनुष्य नशा क्यों करता है? जब उसके जीवन में राग प्रबल होता है वह तनाव से भर जाता है। तनाव से, चिंता से मुक्ति का उपाय वह नशे में खोजता है। नशे के धुए में वह स्वयं को भुला देते हैं। ऐसे लोग जो ज्यादा तनाव चिंता में होते हैं नशा ज्यादा करते हैं ।आज पूरा विश्व नशे की समस्या से ग्रस्त है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत सरकार भी खुलेआम अब गांव-गांव शराब के अड्डे चलवा रहीं हैं। पहले जहर पिलाकर फिर निःशुल्क कैंप लगाकर धर्मात्मा बनने का पाखंड पूरे देश में चल रहा है ।जितनी भी धर्मशालाएं, मंदिर, भंडारे आज बने या चलते हैं ऐसे ही जहर बेचने वालों के द्वारा संचालित हैं।

जिस समाज में नशा बढ़ता है वहां कर्तव्य बोध ,दायित्व बोध समाप्त हो जाता है । वहां ऐसे निकम्मी पीढ़ी का जन्म होता है जो किसी काम का नहीं होती ।

नशे का विकल्प है -ध्यान ।नशे से भी सुख मिलता है और ध्यान से भी सुख मिलता है। ध्यान संजीवनी है जितना मात्रा में ध्यान की गहराई उतरते जाते हैं ।हमारे अंदर आनंद के स्त्रोत फूटने लगते हैं ।उस अमृत की अनुभूति के सामने सारे नशे फीके पड़ जाते हैं। हम सोच भी नहीं सकते कि हमारे भीतर कितना सुख के स्रोत भरे हैं ।नशा अपने आप छूट जाता है ।नशे का मन ही नहीं करता। योग ध्यान कोई शारीरिक व्यायाम नहीं है बल्कि मानव जीवन की सभी समस्याओं का समाधान इसमें छिपे हैं। आवश्यकता है इसके अधिक से प्रचार की तभी नशा मुक्त समाज बन सकेगा। मौके पर उपस्थित नंदी वर्धन, ओम कुमार, अंकित सिंह, अमन कश्यप, गिरीश कुमार, गंगाधर, दुर्गेश इत्यादि बच्चों ने जीवन में कभी भी किसी भी प्रकार के नशे से बचने का संकल्प लिया।

## माघ मेला में: नौका विहार में भक्ति और भव्यता का संगम




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** पवित्र गंगा की लहरों में इस बार माघ मेला 2026 और भी आकर्षक, और श्रद्धालुओं के लिए सुखद अनुभवपूर्ण बनाने की तैयारी जोरों पर है। इस दिशा में मेला प्राधिकरण ने नौका विहार के लिए चलने वाली नावों का विशेष सौंदर्यीकरण और सजावट अभियान शुरू किया है। आज मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में मण्डलायुक्त सौम्य अग्रवाल की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक संपन्न हुई। बैठक में नाविक संघ के पदाधिकारी भी उपस्थित थे, जिनसे यह चर्चा की गई कि प्रत्येक नाव पर ब्रांडिंग और सजावट कैसे की जाएगी।

मण्डलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस वर्ष सभी नावों पर पीली कैनोपी लगाई जाएगी, जिससे नावों में एकरूपता दिखाई दे। कैनोपी पर उत्तर प्रदेश सरकार का लोगो और माघ मेला 2026 का लोगो लगाया जाएगा, साथ ही साइड पर लिखा होगा - 'तीर्थराज प्रयागराज में आपका स्वागत है 'या 'माघ मेला 2026 '। कैनोपी के बॉर्डर में एलईडी लाइट्स भी लगाई जाएंगी, जो छोटी बैटरी से चलेंगी, ताकि शाम के समय नावें जगमगाती हुई श्रद्धालुओं का स्वागत करें।

नावों के पेंटिंग का रंग भूरा रखा जाएगा और प्रत्येक नाव पर डेंजर लाइन अनिवार्य रूप से अंकित होगी। मण्डलायुक्त ने यह भी सुनिश्चित किया कि नाविकों द्वारा ये सभी सजावट कार्य पूर्ण किए जाने के बाद ही लाइसेंस निर्गत किया जाएगा, ताकि प्रत्येक नाव श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और सुंदर हो। बैठक में नाविक संघ ने भी अपने सुझाव रखे। उन्होंने नाव के किराए में वृद्धि और मुख्य स्नान पर्वों पर चप्पू बोट चलाने की अनुमति की मांग की। बैठक में अपर मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद,उप मेलाधिकारी अभिनव पाठक सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे और उन्होंने सुनिश्चित किया कि यह मेला सुरक्षा और भव्यता के साथ श्रद्धालुओं के लिए यादगार बने। इस प्रकार, माघ मेला 2026 में गंगा के पावन तट पर नौका विहार सिर्फ एक यात्रा नहीं, बल्कि श्रद्धा और सौंदर्य का अद्भुत अनुभव बनने जा रहा है। यहाँ आने वाले हर श्रद्धालु को न केवल भक्ति की अनुभूति होगी, बल्कि नौका की रोशनी और सजावट में झलकती प्रयागराज की महिमा भी देखने को मिलेगी।

## अमेज ने एक शाम परिवार के नाम का आयोजन- रंगारंग कार्यक्रम ने बांधा शमां

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** इन्वर्टर और बैटरी की दुनिया में अग्रणी नाम अमेज ने लक्ष्मी टॉकीज के निकट एक गेस्ट हाउस में एक शाम परिवार के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान इन्वर्टर और बैटरी डिस्ट्रीब्यूटर अजटेक कंप्यूटर AMAZE BRAND के लिए डीलर के परिवार के लिए कार्यक्रम में कंपनी की भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में मोटिवेशनल स्पीकर शिव शंकर सिंह की उपस्थित ने लोगो में उत्साह का संचार किया।अमेज जहां एक ओर बड़े ब्रांड के रूप में खुद को स्थापित कर रहा है। वहीं उपभोक्ताओं को निम्न गुणवत्ता के उत्पाद से बचाते हुए उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उचित दाम पर उपलब्ध करा रहा है।देश में बैटरी, इनवर्टर और सोलर प्रोडेक्ट के क्षेत्र में अमेज के AMAZE BRAND, जनरल मैनेजर संजय सिंह, शाखा प्रबंधक मानवेंद्र सिंह, विश्वेंद्र जी और शशांक ने शिरकत किया। सबसे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए, जनरल मैनेजर संजय सिंह, मानवेन्द्र सिंह, निदेशक अजीत जयसवाल ने संयुक्त रूप से अमेज़ इन्वर्टर और बैटरी लॉच किया।अजीत जायसवाल ने सभी सम्मानित डीलर्स के साथ मिलकर AMAZE BRAND की सफलता और




उज्ज्वल भविष्य के लिए एक दूसरे को बधाई दी।

प्रयागराज जिले के सभी प्रमुख डीलर्स ने ब्रांड को सुलभता से ग्राहक तक पहुंचाने की बात की। डिस्ट्रीब्यूटर अजीत जयसवाल एवं संजय सिंह, मानवेन्द्र सिंह, को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। मोटिवेशनल स्पीकर शिवशंकर ने उपस्थित लोगों से अमेज ब्रांड के बारे में रूबरू कराकर लोगों उत्साहित किया। संजय सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सिर्फ 7 वर्षों में अपनी उत्तम क्वालिटी, ग्राहक को सबसे अच्छी सर्विस, उचित कीमत पर सबसे आधुनिक तकनीक के प्रॉडक्ट उपलब्ध कराकर अमेज ने पूरे भारत समेत कई देशों के उपभोक्ताओं में एक भरोसा और विश्वास प्राप्त किया। सम्मानित डीलर्स की मेहनत और AMAZE परिवार पर आपके भरोसे ने आज उत्तर प्रदेश के हर पंचायत स्तर तक के उपभोक्ता को एक उम्दा क्वालिटी का बैटरी और इनवर्टर को पहुंचाया जा सका है। अमेज को हाल ही में विश्व की अग्रणी संस्थान BARC ने 'MOST PRESTIGIOUS BRAND in INDIA 2021' का अवार्ड दिया है। आज अमेज के पूरे भारत में 600 से भी अधिक डिस्ट्रिब्यूटर और 25000 से भी अधिक डीलर का मजबूत नेटवर्क है और आने वाले कुछ ही वर्षों में हमारा लक्ष्य है कि भारत के सभी जिलों में हमारे डिस्ट्रीब्यूटर हों। वही जनरल मैनेजर संजय सिंह जी ने सभी डीलर को संबोधित करते हुए कहा कि भविष्य में सोलर की आवश्यकता और अमेज़ के साथ जुड़ कर उनके लाभ को बताया। बस्ती के लोगों को अब अमेज ब्रांड के सोलर प्रोडक्ट यहीं पर आसानी से उपलब्ध हो पाएंगे। मानवेन्द्र सिंह ने सभी का धन्यवाद देते हुए निरंतर व्यवसायिक प्रसार में सहयोग के लिए कंपनी की तरफ से डीलर बंधुओं का आभार जताया। उक्त अवसर पर वितरकों में बहुत ही उत्साह और संतोष देखा गया।

## मेला परेड ग्राउन्ड मे निशुल्क नेत्र शिविर

**ब्यूरो प्रयागराज।** मेला परेड ग्राउन्ड मे शिव कुमार विश्वनाथन के सहयोग से एक निशुल्क नेत्र का कैम्प डा0 अपराजिता चौधरी नेत्र सर्जन क नेतित्व मे लगा जिसमे मोतियाबिन्द का आप्रेशन और चशमा और दवा मुफ्त मे दिया गया और श्री विश्वनाथन ने कम्बल भी मरीजो को वितरित किया सहयोग मे अरुण मिश्र नीलेश जी कलेशा नन्द महराज और समाज सेवी शिव दत्त पाण्डेय जी के देख रेख मे सम्पन्न हुआ।

# रामकथा में डूबा ग्राम सभा लोहगरा

**● त्याग, प्रेम और मर्यादा की जीवंत कथा बने आचार्य बृज बिहारी जी के वचन।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बारा, प्रयागराज।** यमुनानगर क्षेत्र के बारा तहसील अंतर्गत ग्राम लोहगरा में आयोजित मानव सम्मेलन के तृतीय दिवस रामकथा का वातावरण पूरी तरह भक्तिरस में डूबा नजर आया। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं की उपस्थिति से कथा स्थल आस्था का केंद्र बन गया। आचार्य बृज बिहारी ने अपने प्रवचन में कहा कि रामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को त्याग,प्रेम,संयम और कर्तव्य के मार्ग पर ले जाने वाला जीवन दर्शन है। प्रभु राम का व्यक्तित्व इस बात का प्रतीक है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी मर्यादा और धैर्य का त्याग नहीं किया जाना चाहिए।

कथा के क्रम में बताया गया कि वनवास के लिए प्रस्थान करते समय राम ने माता कौशल्या से अपने चार सौभाग्यों का उल्लेख किया था। इनमें दशरथ का वचन पूरा होना, रघुकुल की प्रतिज्ञा की रक्षा, भरत को राज्यगद्दी मिलना और स्वयं को दंडकारण्य जाकर तप, त्याग और साधना का अवसर प्राप्त होना शामिल था।

आचार्य ने कहा कि राम के लिए वनवास दंड नहीं,बल्कि आत्मिक उन्नति और लोककल्याण का माध्यम था। यह प्रसंग सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गई और पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा। आचार्य ने आगे कहा कि आज के समाज में राम के आदर्शों को अपनाने की सबसे अधिक आवश्यकता है। परिवार, समाज और राष्ट्र की मजबूती त्याग, सत्य और कर्तव्य से ही संभव है। राम का जीवन यह सिखाता है कि सत्ता से बड़ा चरित्र और अधिकार से बड़ा कर्तव्य होता है।

कथा के दौरान भजनों और चौपाइयों के माध्यम से रामचरितमानस के भावों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया गया, जिससे श्रोता कथा से आत्मिक रूप से जुड़ते चले गए।

कार्यक्रम में नंद कुमार त्रिपाठी, बीरेंद्र दुबे (भावी ब्लाक प्रमुख शंकरगढ़)रविंद्र सिंह(भावी जिला पंचायत सदस्य) पारस नाथ मिश्र, विक्रम त्रिपाठी (युवा भावी जिला पंचायत सदस्य, कुंजन लाल मिश्र,भोला नाथ दुबे,(अध्यक्ष एस आर पी इंटर कॉलेज लोहगरा)वरिष्ठ पत्रकार बालेंद्र कुमार, बलराम, युवा पत्रकार अनिल त्रिपाठी, समाजसेवी रामू शुक्ला, राम कैलाश, चेतन सिंह, कृष्ण भोला त्रिपाठी, रामबोला त्रिपाठी, त्रिभुवन प्रसाद द्विवेदी, विमल द्विवेदी,सुखसागर दुबे और सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। संचालन अविनाश तिवारी और निर्भय शंकर ने किया जबकि आयोजन की जिम्मेदारी राधेश्याम शुक्ल ने निभाई।

## संक्षिप्त खबरें

### कटकमसांडी पूर्वी मंडल में भाजपा का संवाद कार्यक्रम, संगठनात्मक मजबूती पर हुई विस्तृत चर्चा



**हज़ारीबाग़, झारखंडः-** हज़ारीबाग़ सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कटकमसांडी पूर्वी मंडल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा परिवार के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित हुए। इस अवसर पर नव-नियुक्त मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी को शुभकामनाएँ दी गई तथा उनसे संगठनात्मक दायित्वों के सफल निर्वहन की आशा व्यक्त की गई। संवाद कार्यक्रम के दौरान कटकमसांडी पूर्वी मंडल के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ आगामी योजनाओं, क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं संगठन की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बूथ स्तरीय संगठन को सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा जनसंपर्क और संवाद अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कटकमसांडी पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि सुमन राय, जिला परिषद सदस्य मंजू नंदनी, जिला परिषद प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, महामंत्री राकेश सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता व कंसार मुखिया रामकुमार मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर सिंह, कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, भाजपा नेता विनोद सिंह, गदोखर मुखिया नारायण साव, गोबिंद यादव, राजेश ठाकुर, पवन गिरि, मनीष चौधरी, रूपदेव यादव, दुरजय प्रसाद, अजीत दास, अनिल कुशवाहा सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मिस्टर हैरी की आवाज़ और कलम से सजा रांची का नया म्यूज़िक प्रोजेक्ट

**रांची के कलाकारों ने मिलकर रचा संगीत का नया अध्याय, स्थानीय प्रतिभाओं को मिल रही पहचान**




बरही रांची के म्यूज़िक इंडस्ट्री में एक नया और चर्चित म्यूज़िक प्रोजेक्ट सामने आया है, जिसकी सबसे बड़ी खासियत हैं सिंगर व गीतकार मिस्टर हैरी, जिनकी आवाज़ और शब्दों ने इस प्रोजेक्ट को खास बना दिया है। मिस्टर हैरी ने अपने भावपूर्ण गायन और सशक्त लेखन से गीत को नई पहचान दी है, जिसे दर्शकों से लगातार सराहना मिल रही है। इस म्यूज़िक प्रोजेक्ट में राजकुमार शिखर और अनुष्का मुख्य स्टार कास्ट के रूप में नज़र आ रहे हैं। राजकुमार शिखर एक लोकप्रिय डांसर और कोरियोग्राफर हैं, जिनके यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर 60 हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं, जबकि अनुष्का एक जानी-मानी अभिनेत्री हैं। दोनों कलाकार रांची से ही हैं। गीत को अपनी आवाज़ देने के साथ-साथ इसके बोल भी मिस्टर हैरी ने ही लिखे हैं, जिससे गीत में भावनात्मक गहराई और मौलिकता देखने को मिलती है। संगीत और रिकॉर्डिंग की ज़िम्मेदारी डीजे अरविंद और डीवीजे अभिषेक ने निभाई है, जो रांची स्थित कलाकार रिकॉर्ड के ओनर हैं। अभिनय और निर्माण का दायित्व मनोज कुशवाहा ने संभाला है, जो एक अभिनेता, निर्माता और एमके ऑफिसियल यूट्यूब चैनल के मालिक हैं। कैमरा और एडिटिंग का कार्य सूरज द्वारा किया गया है। इस प्रोजेक्ट को सफल बनाने में पृथ्वी, उपेंद्र साहू, एंजेल सहित पूरी टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मेकअप आर्टिस्ट, डांस टीम, डीओपी (कैमरा) और पोस्टर से जुड़े अन्य सभी क्रेडिट पोस्टर में दर्शाए गए हैं। स्थानीय कलाकारों के इस बेहतरीन सहयोग और विशेष रूप से मिस्टर हैरी की आवाज़ व लेखनी के कारण यह प्रोजेक्ट रांची के संगीत प्रेमियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। वहीं सिंगर व गीतकार मिस्टर हैरी, बरही स्थित रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट द आरसीआई के पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं। मिस्टर हैरी का मानना है कि उनके रचनात्मक जीवन की नींव रखने, सीखने की दिशा तय करने और आत्मविश्वास को सशक्त बनाने में द आरसीआई तथा उसके निदेशक राकेश रोशन सर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे अपनी इस सफलता को संस्थान से मिले मार्गदर्शन, संस्कार और सहयोग का परिणाम मानते हैं। इसी भावना के साथ वे चाहते हैं कि इस म्यूज़िक प्रोजेक्ट की सफलता में रोशन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट (द आरसीआई), बरही का नाम भी सम्मान और गौरव के साथ जुड़ा रहे।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की आवश्यक बैठक संपन्न, समाज के उत्थान, शिक्षा और राजनीतिक भागीदारी पर हुई विस्तृत चर्चा

**● कुशवाहा समाज को संगठित होकर शिक्षा, रोजगार और राजनीति के क्षेत्र में अपनी मजबूत हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी होगी : विनोद कुशवाहा**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा की एक आवश्यक बैठक हजारीबाग के अमृतनगर हाई स्कूल परिसर में आयोजित की गई। बैठक में कुशवाहा समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक उत्थान को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजू महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महासभा के राष्ट्रीय सचिव विनोद कुशवाहा उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सचिव विनोद कुशवाहा ने कहा कि कुशवाहा समाज को संगठित होकर शिक्षा, रोजगार और राजनीति के क्षेत्र में अपनी मजबूत हिस्सेदारी सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज के विकास की आधारशिला है, इसलिए समाज के प्रत्येक परिवार को बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया। विनोद कुशवाहा ने समाज में एकजुटता को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए कहा कि जब तक समाज संगठित नहीं होगा, तब तक उसकी आवाज प्रभावी ढंग से नहीं उठ पाएगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज को नई दिशा देने में अपनी भूमिका निभाएं। साथ ही उन्होंने महिलाओं की भागीदारी को भी समाज के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। राजनीतिक भागीदारी पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि कुशवाहा समाज की जनसंख्या अच्छी-खासी होने के बावजूद राजनीति में अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए समाज को जागरूक होकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए समाज के हितों की रक्षा के लिए संगठित रणनीति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। वही प्रदेश अध्यक्ष राजू महतो ने समाज के उत्थान के लिए संगठित प्रयासों पर बल देते हुए कहा कि शिक्षा और राजनीतिक जागरूकता के बिना समाज का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। इसके अलावा बैठक में प्रदेश संयोजक प्रवीण वर्मा, सदस्य पिछड़ा वर्ग आयोग नन्दकिशोर मेहता सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ सदस्य, युवा प्रतिनिधि एवं स्थानीय कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में हजारीबाग जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार कुशवाहा की अहम भूमिका रही। बैठक में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने भी समाज की वर्तमान स्थिति, समस्याओं और उनके समाधान पर अपने विचार रखे। स्थानीय पदाधिकारियों ने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने, सदस्यता अभियान चलाने और समय-समय पर इस तरह की बैठकों के आयोजन का प्रस्ताव रखा। अंत में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि समाज के उत्थान के लिए शिक्षा, संगठन और राजनीतिक जागरूकता को प्राथमिक एजेंडा बनाया जाएगा। बैठक शांतिपूर्ण एवं सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संयोजक दिनेश कुशवाहा, प्रभु दयाल कुशवाहा, रामनारायण कुशवाहा, इंजीनियर निशांत कुशवाहा, इंद्र नारायण कुशवाहा, सुरेश कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, विजय कुशवाहा, नरेश महतो, संतोष महतो, प्रमोद महतो, कमलेश मानेसर प्रसाद, नारायण महतो, नरेश प्रसाद कुशवाहा, चंद्र प्रसाद कुशवाहा, दिलचंद प्रसाद कुशवाहा, अशोक कुशवाहा, धनपत कुशवाहा, कैलाश महतो, शिव शंकर महतो, दीपक महतो, विजय कुशवाहा, कृपालु महाराज, विखंडन महतो, दुखन महतो, मदन महतो, मुंसी महतो, जोध महतो, राम कुशवाहा, नेहाल कुशवाहा, मुरारी महतो, तोखन महती, मोहन महतो, टेक नारायण महतो, प्रदीप प्रसाद, सुरेश प्रसाद, राजेश प्रसाद, गोपाल प्रसाद, केदार प्रसाद, रोहन प्रसाद, नकुल प्रसाद, देवलाल महतो, रामजी प्रसाद शामिल हुए।

## भारतीय जनता मजदूर संघ ने झारखंड कमेटी का किया विस्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**रांची, झारखंडः-** भारतीय जनता मजदूर संघ (बीजेएमएस) की झारखंड कमेटी के विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार, 20 दिसंबर को रांची जिले के हरमू स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह पार्क में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन चौधरी ने की, जबकि मंच संचालन प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील कुमार सिंह ने किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत प्रकाश जाटव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन चौधरी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील कुमार सिंह के सक्रिय प्रयास से झारखंड में संगठन का विस्तार किया गया। इस दौरान संगठन को और मजबूत करने के उद्देश्य से कई पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा की गई। घोषित नियुक्तियों के अनुसार सत्येंद्र सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष, सुमन कुमार सिंह को प्रदेश मंत्री सह चतरा, पलामू एवं लातेहार जिले का प्रभारी, राणा संजीव सिंह को रांची जिला अध्यक्ष बनाया गया। वहीं मुकेश सिंह एवं विक्रम सिंह को उपाध्यक्ष, सुमित पाठक को मंत्री, महिला विंग में रेणु दुबे एवं ममता चौहान को उपाध्यक्ष तथा पलामू जिला उपाध्यक्ष के रूप में सचित कुमार सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई। यह सभी नियुक्तियां मजदूर संघ के प्रति उनकी सक्रियता, लगनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा एवं ऊर्जावान कार्यशैली को देखते हुए की गई हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव सह प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद पांडेय, संगठन महामंत्री सुनील कुमार सिंह एवं महिला प्रदेश अध्यक्ष रेणुका सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी होनहार, प्रगतिशील एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी हैं। संगठन को पूर्ण विश्वास है कि ये सभी संघ के साथ मिलकर निष्ठापूर्वक कार्य करेंगे और शोषित व वंचित मजदूर भाइयों के अधिकारों के लिए मजबूती से आवाज उठाएंगे। उन्होंने कहा कि मजदूरों के प्रति इनका समर्पण और निस्वार्थ सेवा भाव ही आज इन्हें इस बड़ी जिम्मेदारी तक लेकर आया है। अपनी नियुक्ति पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष शांत प्रकाश जाटव, राष्ट्रीय महासचिव सह प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन चौधरी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद पांडेय, प्रदेश संगठन महामंत्री सुनील कुमार सिंह, प्रदेश सचिव रमेश मिश्रा, महिला प्रदेश अध्यक्ष रेणुका सिंह, सचिव सुनीता चौधरी, नीलम कुमारी सहित केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संघ ने जिस विश्वास के साथ उन्हें दायित्व सौंपा है, उस पर वे पूरी निष्ठा से खरा उतरने का प्रयास करेंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने वालों में शशि सिंह, टिंकू महतो, अनिल सिंह, राजेश रंजन, अनुभव पासवान, ओम प्रकाश शर्मा, पंचानन एक्का, हिमांशु राज, रवि कुमार राय, यश सिंह परमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

## बलिया में कड़ाके की ठंड से जनजीवन अस्त-व्यस्त, गरीबों के लिए आफत बनी सर्दी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बलिया।** जिले में पड़ रही कड़ाके की ठंड ने जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। ठंड और शीतलहर के चलते आम लोग जहां घरों में दुबकने को मजबूर हैं, वहीं गरीब, असहाय और बेघर लोगों की मुश्किलें कई गुना बढ़ गई हैं। रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था न होने और मुकम्मल गर्म कपड़े उपलब्ध न होने से गरीबों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर और ग्रामीण इलाकों में सड़कों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और सार्वजनिक स्थानों पर रात गुजारने वाले लोग ठंड से ठिठुरते नजर आ रहे हैं। कई स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोगों को ठंड से बचने के लिए प्लास्टिक, लकड़ी या कूड़ा जलाने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे हादसों की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठंड बढ़ने के बावजूद प्रशासन की ओर से अलाव और रैन बसेरों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है। जो रैन बसेरे मौजूद हैं, वहां भी जगह, कंबल और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी है। खासकर बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि ठंड को देखते हुए तुरंत सभी प्रमुख चौराहों, बाजारों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर अलाव की व्यवस्था की जाए। साथ ही रैन बसेरों की संख्या बढ़ाकर वहां गर्म कंबल, स्वच्छता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, ताकि गरीब और असहाय लोगों को राहत मिल सके। कड़ाके की ठंड के इस दौर में अगर समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। जरूरत है कि प्रशासन संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल राहत कार्यों को तेज करे।

## कटकमसांडी पूर्वी मंडल में भाजपा का संवाद कार्यक्रम, संगठनात्मक मजबूती पर हुई विस्तृत चचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हज़ारीबाग़, झारखंडः-** हज़ारीबाग़ सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कटकमसांडी पूर्वी मंडल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा भाजपा परिवार के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित हुए। इस अवसर पर नव-नियुक्त मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी को शुभकामनाएँ दी गई तथा उनसे संगठनात्मक दायित्वों के सफल निर्वहन की आशा व्यक्त की गई। संवाद कार्यक्रम के दौरान कटकमसांडी पूर्वी मंडल के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ आगामी योजनाओं, क्षेत्रीय आवश्यकताओं एवं संगठन की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बूथ स्तरीय संगठन को सशक्त बनाने, कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने तथा जनसंपर्क और संवाद अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती को लेकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कटकमसांडी पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि सुमन राय, जिला परिषद सदस्य मंजू नंदनी, जिला परिषद प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, महामंत्री राकेश सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता व कंसार मुखिया रामकुमार मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोहर सिंह, कंचनपुर मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मुनेश ठाकुर, भाजपा नेता विनोद सिंह, गदोखर मुखिया नारायण साव, गोबिंद यादव, राजेश ठाकुर, पवन गिरि, मनीष चौधरी, रूपदेव यादव, दुरजय प्रसाद, अजीत दास, अनिल कुशवाहा सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** रविवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरही परिसर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, भारतीय संस्कृति, कुटुंब प्रबोधन एवं सामाजिक जागरूकता को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत के साथ किया गया। इसके पश्चात आचार्या मधु श्री, प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष निशा श्रेष्ठ की धर्मपत्नी आरती जी तथा झारखंड प्रांत की कार्यवाहिका शारदा जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। अतिथियों का परिचय एवं सम्मान रश्मि दीदी द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम की प्रस्तावना जूली दीदी ने प्रस्तुत की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति के लिए महिलाओं का सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। इसके बाद बहनों द्वारा मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम में निशा श्रेष्ठ ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टिकोण विषय पर सारगर्भित एवं प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। वहीं आचार्या मधु श्री ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों में महिलाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा तथा पाश्चात्य संस्कृति के अनुकरण के बजाय भारतीय संस्कृति को अपनाना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई, जीजाबाई एवं सावित्रीबाई फुले के रूप में प्रस्तुत बहनों की पहचान कराने वाली माताओं को सम्मानित करते हुए पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा विशिष्ट महिलाओं को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। अनुभव कथन सत्र में पायल जी एवं मधुबाला जी ने अपने विचार साझा किए, जिससे उपस्थित महिलाओं को प्रेरणा मिली। कार्यक्रम का अध्यक्षीय भाषण झारखंड प्रांत की कार्यवाहिका शारदा जी ने दिया। उन्होंने संयुक्त परिवार की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पारिवारिक एकता और संस्कारों के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में विभाग संयोजिका, विभाग निरीक्षक, कुम्हार टोली के प्रधानाचार्य, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय, समिति सदस्या अंजलि जी, सरिता जी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में राखी जी द्वारा आभार ज्ञापन किया गया, जबकि विनीता जी ने सभी को सामूहिक रूप से संकल्प दिलाया। मंच संचालन सह संयोजिका सुश्री सृष्टि दीदी ने कुशलतापूर्वक किया। संयोजिका जूली दीदी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायी रूप से संपन्न हुआ।

## दूध के दाँत बच्चों के भविष्य की नींव, लापरवाही पड़ सकती है भारी : डॉ चंदन कुमार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** बच्चों में निकलने वाले दूध के दाँत (मिल्क टीथ) को लेकर आमतौर पर अभिभावकों में यह धारणा बनी रहती है कि ये दाँत तो कुछ वर्षों में गिर ही जाते हैं, इसलिए इनकी विशेष देखभाल की आवश्यकता नहीं है। लेकिन दंत विशेषज्ञों के अनुसार यह सोच पूरी तरह गलत है। बच्चों के दूध के दाँत न केवल वर्तमान स्वास्थ्य बल्कि भविष्य में आने वाले स्थायी दाँतों और संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दंत चिकित्सकों का कहना है कि दूध के दाँत बच्चों को भोजन ठीक से चबाने में मदद करते हैं, जिससे उन्हें आवश्यक पोषण मिलता है। इसके साथ ही बोलने की क्षमता और सही उच्चारण के विकास में भी इन दाँतों की अहम भूमिका होती है। दूध के दाँत स्थायी दाँतों के लिए सही जगह बनाए रखते हैं। यदि कोई दूध का दाँत समय से पहले गिर जाता है या खराब हो जाता है, तो आगे आने वाले पक्के दाँत टेढ़े-मेढ़े निकल सकते हैं। इसके अलावा दूध के दाँत बच्चों के चेहरे की बनावट और मुस्कान को आकर्षक बनाते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। स्वस्थ दाँत होने पर बच्चा खुलकर बोलता और हँसता है। वहीं, खराब दूध के दाँत दर्द, सूजन और संक्रमण का कारण बन सकते हैं, जिसका असर स्थायी दाँतों पर भी पड़ सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों में दूध के दाँतों में कीड़ा लगना एक आम समस्या है। समय पर इलाज न होने पर तेज दर्द, पस बनना, बुखार जैसी परेशानियाँ हो सकती हैं और आगे आने वाले स्थायी दाँत भी खराब हो सकते हैं। डॉ चंदन कुमार ने अभिभावकों को दूध के दाँतों की देखभाल के लिए कुछ आसान उपाय अपनाने की सलाह दी है। जैसे दाँत निकलते ही सॉफ्ट ब्रश और थोड़ी फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट का उपयोग करना, रात में दूध पिलाने के बाद बच्चे का मुँह साफ करना, मीठा खाने के बाद कुल्ला करवाना और हर छह महीने में एक बार दंत चिकित्सक से जांच कराना। उत्कल डेंटल एंड स्कीन केयर क्लीनिक, हजारीबाग के डॉक्टर चंदन कुमार ने कहा कि दूध के दाँत भले ही अस्थायी हों, लेकिन उनका असर स्थायी होता है। बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए दूध के दाँतों की सही और समय पर देखभाल बेहद जरूरी है।

## जुल-जुल सीतागढ़ पहाड़ संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न, असामाजिक गतिविधियों पर रोक का प्रस्ताव पारित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** झूम-झूम सीतागढ़ पहाड़ संरक्षण समिति द्वारा रविवार को एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं निर्णायक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सदर उप-प्रमुख रविकांत सिंह उर्फ गोविंद सिंह ने की। इस बैठक में गुरहेत पंचायत, पौंता पंचायत, बैहरी पंचायत एवं सखिया पंचायत के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में आम ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्र की गंभीर सामाजिक स्थिति पर गहन चर्चा की गई। ग्राम सभा के माध्यम से सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि सीतागढ़ पहाड़ क्षेत्र में बढ़ती असामाजिक गतिविधियों को अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वक्ताओं ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व खुलेआम नशा-पान, गाली-गलौज, मारपीट, झगड़ा-झंझट तथा लड़कियों से छेड़छाड़ जैसी घिनौनी हरकतों को अंजाम दे रहे हैं, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। संरक्षण समिति ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस प्रकार की घटनाएँ सामाजिक मर्यादा, कानून-व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा पर सीधा हमला हैं। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि ऐसी सभी असामाजिक गतिविधियों पर तत्काल एवं पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में यह भी कहा गया कि पूर्व में इस स्थल पर कई गंभीर घटनाएँ घट चुकी हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा न तो जिम्मेदारी ली गई और न ही ठोस कार्रवाई की गई। संरक्षण समिति ने पौंता पंचायत, सखिया पंचायत, बैहरी पंचायत , सखिया पंचायत एवं अन्य संबंधित पंचायतों के जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों पर तुरंत अमल करने की मांग की। साथ ही प्रशासन से यह भी अपेक्षा की गई कि इस स्थल को सुंदर, स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश तैयार कर सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित किए जाएँ तथा नियमित निगरानी एवं पुलिस गश्त की व्यवस्था की जाए। बैठक के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में क्षेत्र की शांति, सुरक्षा, महिला सम्मान एवं प्राकृतिक संरक्षण के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया और प्रशासन से त्वरित, ठोस एवं परिणामकारी कार्रवाई की मांग की। बैठक में मुख्य रूप से बैहरी पंचायत के मुखिया पवन यादव, सखिया पंचायत के मुखिया इम्तियाज आलम, गुरहेत पंचायत के मुखिया महेश तिग्गा, पौंता पंचायत के मुखिया लालधारी राम, प्रीतम कुमार दास, गोपाल यादव, हसनैन अंसारी, उदय कुमार, विल्सन होरो, मुकेश कुमार, सुरेश राम, राजेश टोप्पो, कृष्णा कुमार, श्याम कुमार, मनोज होरो, अभिमन्यु पासवान, कुलदीप साव, कुलदीप मिंज, नरेश राम, थॉमस होरो, एंथोनी होरो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कोर्ट पेशी से पहले लंगड़ाता दिखा दोहरे हत्याकांड का इनामी आरोपी, घर पर बुलडोजर पहुंचने से मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलिया** और मऊ जनपद में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी और 50 हजार रुपये के इनामी रॉबिन सिंह के मामले ने रविवार को नया मोड़ ले लिया। आरोपी के घर पर पुलिस बुलडोजर लेकर पहुंची, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। शनिवार शाम को रॉबिन सिंह ने अपने परिजनों और अधिवक्ता के साथ मऊ नगर कोतवाली में आत्मसमर्पण किया था। आत्मसमर्पण के अगले दिन जब पुलिस उसे स्पेशल मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश करने के लिए कोतवाली से न्यायालय ले जा रही थी, उसी दौरान वह लंगड़ाता हुआ नजर आया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, थाने से बाहर निकलते समय रॉबिन सिंह को चलने में परेशानी हो रही थी, जबकि आत्मसमर्पण के वक्त उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही थी। मीडिया से बातचीत में रॉबिन सिंह ने मऊ कोतवाली पुलिस पर दुर्व्यवहार और पिटाई के आरोप लगाए। उसने दावा किया कि पुलिसिया व्यवहार के कारण उसकी हालत बिगड़ी है। परिवार के लोगों ने भी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। वहीं पुलिस अधिकारियों ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि आरोपी को किसी प्रकार की चोट नहीं पहुंचाई गई है और कार्रवाई पूरी तरह कानून के अनुसार की जा रही है। फिलहाल आरोपी के घर पर बुलडोजर पहुंचने और कोर्ट ले जाते समय उसकी हालत को लेकर प्रशासन और पुलिस की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। मामले की जांच और आगे की कार्रवाई जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### रामपुर गांव में बिजली चेकिंग टीम पर पथराव, जेई की शिकायत पर 7 के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**तालबेहट ।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर में विद्युत विभाग की चेकिंग टीम पर पथराव कर सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। 66/11 केवी विद्युत उपकेंद्र में तैनात अवर अभियंता किशन कुमार शुक्ला ने कोतवाली तालबेहट में तहरीर देकर 7 नामजद लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराए जाने की मांग की है।

जेई किशन शुक्ला द्वारा दी शिकायत में बताया गया कि 12 दिसंबर 2025 को शासन व उच्चाधिकारियों के निर्देश पर वह अपनी टीम के साथ ग्राम रामपुर के मजरा बडाहार में विद्युत चेकिंग अभियान पर गए थे। इसी दौरान गांव के कुछ लोगों ने चेकिंग का विरोध किया। आरोप है कि शिशुपाल यादव, नीरज यादव, फूलसिंह यादव, भरत यादव, रामरतन, बृजेंद्र व रामराजा सहित अन्य लोगों ने टीम को चेकिंग करने से रोका और पथराव कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। अचानक हुए हमले से चेकिंग टीम में अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह जान बचाकर टीम के सदस्य वहां से निकल पाए। अवर अभियंता ने आरोप लगाया कि आरोपितों द्वारा सरकारी कार्य में जानबूझकर बाधा पहुंचाई गई है। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी तालबेहट के निर्देश पर प्रकरण की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।

### अकेली महिला के घर में जबरन घुसकर बुरी नीयत से पकड़ा

**ललितपुर।** शादी समारोह में शामिल होने गये युवक की घर में अकेली पत्नी को पाकर पड़ौस में रहने वाले युवक ने जबरन घर में घुसकर अश्लीलता की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। थाना पूराकलां क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को अवगत कराया कि बीती 4 दिसम्बर को शाम करीब 7 बजे वह ग्राम भुचेरा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था। जबकि उसकी पत्नी घर पर अकेली थी। तभी पड़ोस में रहने वाले ब्रगभान पुत्र अच्छे कुशवाहा ने जबरन घर में घुसकर उसकी पत्नी से अश्लीलता करते हुये बुरी नीयत से हाथ पकड़ लिया। जब उसकी पत्नी चिल्लायी तो उसकी आवाज सुनकर शादी समारोह से लौटते समय गली में पहुंचते ही पीड़ित ने सुनी और घर में पहुंच कर ब्रगभान को ललकारा। आरोप है कि ब्रगभान उसे गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ब्रगभान कुशवाहा के खिलाफ बीएनएस की धारा 351 (3), 352 व 74 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### कोचिंग पढ़ने गयी नाबालिग लड़कियां हुई लापता

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली महिला ने पुलिस को अवगत कराया कि उसकी चौदह वर्षीय पुत्री गोविन्द सागर बांध के पास स्थित के.जे. कोचिंग क्लासेस में पढ़ने के लिए गयी थी। शनिवार शाम 5 बजे कोचिंग जाने के बाद वह वापस नहीं लौटी। पीड़िता ने कोचिंग जाकर पता चला तो उसकी पुत्री कोचिंग करके घर जा चुकी थी, उसके बाद भी पता नहीं चला। परिजनों, रिश्तेदारों व पुत्री की सहेलियों से भी जानकारी की तो पता नहीं चला। महिला की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत सूचना दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं महरौनी के मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना देकर बताया कि उसकी 15 वर्ष की नाबालिग पुत्री ट्यूशन पढ़ने सहेलियों के साथ घर से निकली थी, उसके बाद से पुत्री का पता नहीं चला। पुलिस ने व्यक्ति की सूचना पर बीएनएस की धारा 137 (2) के तहत सूचना दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### शादी हो चुकी महिलाओं का नाम स्थानांतरित होगा

**ललितपुर।** प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद विभाग के पत्र का हवाला देते हुये डीएसओ उमेश मिश्रा ने जिले के राशन कार्डधारकों को सूचित किया है कि विवाह हो जाने की स्थिति में महिला लाभार्थियों के नियमानुसार अन्य जनपदों अथवा जनपद के अन्य क्षेत्रों में/ उनके ससुराल में प्रचलित राशन कार्ड में यूनिट स्थानांतरित कराये जाने की सुविधा विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। अतएव विवाहित महिलाएँ अपना यूनिट अपने ससुराल के राशन कार्ड में ऑनलाइन स्थानांतरण कराकर ऑनलाइन कराये ताकि उन्हें मायके से यूनिट कटवाकर ससुराल में जोड़े जाने संबंधी अनावश्यक परेशानी न हो और उनका यूनिट ससुराल के राशन कार्ड में जोड़ा जा सके।

## अपने प्रतिष्ठान पर स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देंगे व्यापारी : मयूर

**●स्थानीय होटल में उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल कार्य समिति की बैठक सम्पन्न**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल कार्य समिति की बैठक स्थानीय होटल में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र मयूर के मुख्य आतिथ्य एवं जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें संगठन को मजबूत व सक्रिय करने तथा समस्याओं पर विचार विमर्श किया। बैठक में नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष सोनाली जैन के साथ स्वकर समाधान में योगदान देने पर मुन्नालाल, पार्षद आलोक मयूर, शैलेन्द्र जैन एड. को भी शॉल श्रीफल, प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक में मड़ावरा, महरौनी, बानपुर, गुढ़ा, नारहट, आदि क्षेत्रों से आए हुए पदाधिकारियों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखते हुए समाधान कराए जाने की मांग की तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाए करने का संकल्प लिया। नपाध्यक्ष ने कहा कि नगर की जनता ने जिस तरह मुझे अपना आशीर्वाद दिया है उसमें व्यापारी समाज का बहुत बड़ा योगदान है। वह सदैव व्यापारी समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहेंगी। नेताओं ने व्यापारी समाज का आवाहन करते हुए कहा कि वह अपने-अपने प्रतिष्ठान पर स्वदेशी वस्तुएं ही बेचेंगे। वक्ताओं ने कहा कि जो विदेशी ताकतें अपने देश की वस्तुओं के बल पर हमारे देश को आंखें दिखाने का काम करते हैं अथवा ब्लैकमेल करते हैं। उस देश की वस्तुओं को न बेचकर स्वदेशी को बढ़ावा देंगे। व्यापारी नेताओं ने कहा कि व्यापारियों के लिए व्यापार मंडल ही उनकी समस्या के समाधान के लिए एक सशक्त माध्यम है। जिसके द्वारा वह अपनी समस्या का समाधान शासन ,प्रशासन से करते हैं। उन्होंने कहा कि जो संगठन संख्या के आधार पर बड़ा होगा और उसमें संघर्ष करने की क्षमता अधिक होगी। प्रदेश चेयरमैन महेंद्र मयूर ने कहा कि नगर पालिका परिषद द्वारा संपत्ति कर/स्वकर के संबंध में गजट नोटिफिकेशन करा लिया है। व्यापारी अथवा इंटर तक के विद्यालय, चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हुए सभी डॉक्टर क्लीनिक वर्ष 2025- 26 का अथवा उसके बाद का टैक्स एक एवं दो, तीन गुना के आधार पर ही जमा करें। 5 गुणा का स्लैब समाप्त हो गया है। इसको जमा करने में किसी को कोई समस्या हो तो अध्यक्ष नगर पालिका परिषद अथवा व्यापार मंडल से संपर्क करें। बैठक में महेंद्र मयूर, जिलाध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, अनिल जैन, महेश जैन, पंकज बिरधा, नवीन सिंघई, अशोक जैन, लखन अग्रवाल, अनिल अंचल, संजीव जैन, मुकेश जैन, नीतीश जैन, सतीश जैन, राजीव सुडेले, युवा नगर अध्यक्ष मज्जू सोनी, राहुल मोदी, लायन डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सन्मति सराफ, अभय जैन एड., सुरेंद्र, सुनील, प्रदीप, अरविंद जैन, सत्येंद्र जैन एड., रामप्रकाश साहू, अरविंद, वीरेंद्र जैन, आनंद जैन, गजेंद्र जैन, सुमत जैन, रिक्की, बृजेश रावत, विजय, प्रसन्न, शोभित समैया, सनत जैन, पवन जैन, बृजेंद्र साहू, श्रेयांश जैन, रिंकू सतभैया, सुनील जैन, अंकित सतभैया के अलावा अनेकों व्यापारी नेता मौजूद रहे।

## अपनी जमीन पर भवन निर्माण में नई दीवालें तोड़ने का आरोप

**वृद्ध की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** अपनी जमीन पर भवन निर्माण के दौरान पड़ोसियों पर दीवाल तोड़ देने का मामला प्रकाश में आया है। सौजना थानाक्षेत्र के ग्राम जगारा निवासी धनीराम पुत्र झुतरे यादव ने पुलिस को अवगत कराया कि वह अपनी जमीन पर मकान का नया निर्माण कर रहा है। जिसके नींव-पिलर के बाद उसने अपनी दीवाल बनवायी थी। उक्त दीवाल को गांव के वीरसिहं यादव पुत्र सीताराम, नरेन्द्र यादव पुत्र वृंदावन, शिमला पत्नी जगदीश यादव, गुडडी यादव पत्नी जगतराम यादव ने एकराय होकर तोड़ दिया। शनिवार को 11:30 बजे दीवालों को तोड़ रहे लोगों को जब उसने मना किया तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये मौके से भाग गये। इसके अलावा यह भी आरोप है कि भवन निर्माण का कार्य कर रहे कारीगर व लेवर को भी उक्त लोगों ने ललकारा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 329 (4), 324 (4), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## न्यायालय के आदेश पर सड़क हादसे के मामले में मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट ।** थाना क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे के मामले में न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) ललितपुर के निर्देश पर की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तेरई निवासी मनोज पुत्र कैलाश द्वारा न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। प्रार्थना पत्र में बताया गया कि 23 अगस्त 2025 की शाम करीब छह बजे उनके पिता कैलाश तथा श्रीमती साधना को उपचार के बाद घर छोड़ने के लिए भतीजे की मोटरसाइकिल से ले जाया जा रहा था। जैसे ही वे शहजाद रोड स्थित बावरी मंदिर पुलिया के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक बुलेट मोटरसाइकिल चालक करन पुत्र रमेश निवासी ग्राम बरौदा डांग, थाना बार ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में प्रार्थी के पिता कैलाश गंभीर रूप से घायल हो गए, उनका एक हाथ टूट गया तथा सिर व शरीर में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। वहीं पांच माह की गर्भवती महिला साधना को भी चोटें आईं। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालबेहट ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल ललितपुर रेफर किया गया। वर्तमान में घायलों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। प्रार्थी का आरोप है कि घटना के संबंध में 8 सितंबर 2025 को थाना तालबेहट में तहरीर दी गई, लेकिन पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थनापत्र भेजा गया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे क्षुब्ध होकर प्रार्थी को न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। मामले को संज्ञान में लेते हुए न्यायालय ने संबंधित धाराओं 125(बी), 281, 324(2) बीएनएस के तहत थाना कोतवाली तालबेहट में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के आदेश दिए हैं। पुलिस का कहना है कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## बढ़ती सर्दी के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने महरौनी की गौशाला का किया निरीक्षण

**●एसडीएम व सीवीओ को दिए निर्देश-गौवंशों का रखें पूरा ख्याल**

**क्षेत्र की सभी गौशालाओं का नियमित करते रहें निरीक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महरौनी।** शीतलहर के दृष्टिगत जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने तहसील महरौनी में बानपुर रोड स्थित गौवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण कर गौशाला के संचालन, प्रबंधन व गौवंशों के रखरखाव का भौतिक सत्यापन किया, जिसमें गौशाला में भोजन, पानी, प्रकाश, सफाई सहित गौवंशों के रखरखाव की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त पायी गई। अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल पर गौवंश की देखरेख हेतु 01 सुपरवाईजर, 01 पैरावेट एवं 05 कर्मचारी नियुक्त है, साथ ही गौवंशों हेतु संचालित गौभोग वाहन द्वारा घर-घर जाकर निःशुल्क रोटियां ली जा रही हैं। गौशाला में कुल 332 पशु संरक्षित हैं, सभी की टैगिंग व टीकाकरण कराया गया है तथा 190 का बधियाकरण कराया गया है। इस दौरान एक भी पशु मृत नहीं पाया गया। गौशाला में 135 कु. भूसा व 38 कु. चोकर उपलब्ध है। गोवंश को सर्दी से बचाने के लिए शेड के चारो तरफ तरपाल लगाई गई है और 04 स्थलों पर अलाव भी जलाये जा रहे हैं। निरीक्षण में प्रकाश, पेयजल और सफाई व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। डीएम ने निर्देश दिये कि शीतलहर की स्थिति में सभी गौशालाओं पर विशेष सतर्कता बरती जाए, स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जाए। बीमार गोवंश को अन्य गोवंशों से अलग रखकर उपचारित किया जाए और ठंड से बचाव हेतु पर्याप्त तरपाल एवं अलाव की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि गौशाओं का समय-समय पर निरीक्षण जारी रहेगा, ताकि गौवंश को किसी प्रकार की हानि न होने पाए। इस दौरान एसडीएम महरौनी रजनीश कुमार, ईओ महरौनी साक्षी साहू व अन्य मौजूद रहे।

## हिस्ट्रीशीटर की अवैध माँग से पत्रकार को दहशत

**●चौहद्दीशुदा प्लाट पर दबंगों ने रोका काम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी ने पत्रकार को धमका कर अवैध मांग की। और मांग पूरी न हो पाने पर उनके प्लाट से बेदखल करने और जान से मारने की धमकी दी। पत्रकार की शिकायत पर पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है। पत्रकार रवीन्द्र दिवाकर ने एक प्रार्थना पत्र प्रभारी निरीक्षक सदर कोतवाली ललितपुर को देकर बताया कि उनका का एक प्लॉट मोहल्ला घुसयाना में बयाना नाला के पास स्थित है। जिसकी चौड़ाई व लम्बाई 35 गुणा 60 फीट है। जिसे प्रार्थी ने 14 दिसम्बर 2017 को जगदीश यादव से पंजीकृत बैनामा के माध्यम से क्रय किया था। जिसका दाखिल-खारिज प्रार्थी के पक्ष में है। यह वर्ग-1 संक्रमणीय भूमिधरी का प्लाट भूखंड संख्या- 4768 में स्थित है जिसकी चौहद्दी पूर्व में सर्वश्री नीलेश, अनुपम, रविन्द्र सिंह व सेठ आदि के भवन निर्मित हैं। पश्चिम में मंदिर श्री हनुमान जी महाराज का रास्ता, उत्तर में आशीष जैन का मकान और दक्षिण में आम रास्ता बादहू बयाना नाला है। इस पर सन 2017 से प्रार्थी द्वारा बनवाई गयी खंडा बाउंड्री निर्मित है। यह कि 21 दिसंबर 2025 को जब वह अपने प्लाट को सुरक्षित करने के लिये पत्थर बाउंड्री बनवा रहा था कि तभी झांसीपुरा निवासी हत्यारोपी हिस्ट्रीशीटर फुल्ला पुत्र देवेंद्र अहिरवार एवं बाबूलाल अहिरवार, झगडू दादा का नाती दीपेश अहिरवार आदि मौके पर आ गये और निर्माण के एवज में अवैध धन की मांग करने लगे। उन्होंने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर पत्रकार की लेबर को भगा दिया और उनके प्लॉट में घुसकर प्रार्थी पर भी हमलावर होकर मां बहनों की गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। जिससे पत्रकार भयभीत हो गया है और उनका काफी नुकसान हुआ है। और प्रार्थी को जान माल का खतरा है। पीड़ित पत्रकार ने शिकायत दर्ज कर उचित कानूनी कार्यवाही करते हुये पुलिस अभिरक्षा में प्रार्थी का निर्माण कार्य कराये जाने की मांग की। साथ ही आरोपी हिस्ट्रीशीटर से सुरक्षा की मांग भी की। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र सिंह ने कार्यवाही का भरोसा दिया है।

## आलापुर में हरे-भरे पेड़ों का अवैध कटान, ग्रामीणों में भारी आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**जाखलौन।** विकासखंड बिरधा अंतर्गत ग्राम आलापुर में हाल ही में हरे-भरे पेड़ों के बड़े पैमाने पर किए गए अवैध कटान का मामला सामने आया है, जिससे क्षेत्र में पर्यावरण प्रेमियों और ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। बताया जा रहा है कि बिना किसी अनुमति के कई पुराने और छायादार पेड़ों को काट दिया गया, जिससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा है बल्कि ग्रामवासियों की भावनाएं भी आहत हुई हैं।

ग्रामीणों के अनुसार यह अवैध कटान जल निगम की सीमा क्षेत्र तथा ग्राम पंचायत की भूमि पर किया गया है। पेड़ों की कटाई इतनी तेजी और योजनाबद्ध तरीके से की गई कि किसी को समय रहते इसकी सूचना तक नहीं मिल सकी। जब ग्रामीणों को इस बारे में जानकारी हुई तो उन्होंने तुरंत वन विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया। इस संबंध में जब ग्रामीणों ने जिला वन अधिकारी (डीएफओ) से संपर्क किया तो उनका कहना था कि आबादी वाली भूमि पर किए गए पेड़ों के कटान पर वन विभाग की सीधी कार्रवाई संभव नहीं है। डीएफओ ने यह भी स्पष्ट किया कि चूंकि यह भूमि जल निगम और ग्राम पंचायत के अंतर्गत आती है, इसलिए वन विभाग इस मामले में सीमित भूमिका ही निभा सकता है। यह जवाब ग्रामीणों के लिए निराशाजनक रहा, क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि वन विभाग अवैध कटान के खिलाफ सख्त कदम उठाएगा। मामले को और गंभीर बताते हुए ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस अवैध कटान में जल निगम से जुड़े कुछ लोगों की संलिप्तता भी सामने आ रही है। यदि ये आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मामला केवल पर्यावरण क्षति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सरकारी तंत्र की लापरवाही और मिलीभगत पर भी गंभीर सवाल खड़े करेगा। वन विभाग से संतोषजनक कार्रवाई न होते देख ग्रामवासियों ने स्थानीय थाने में शिकायती पत्र देकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पेड़ केवल लकड़ी का स्रोत नहीं होते, बल्कि गांव की जलवायु, जल संरक्षण और भविष्य की पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर होते हैं। ऐसे में उनका अवैध कटान किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए तथा भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में क्या कदम उठाता है।

## शिक्षक हित में आगे आई टीचर सेल्फ केयर टीम, शिक्षक को दिया कन्यादान सहयोग

**●योजना के अंतर्गत शिक्षक को बेटी के विवाह हेतु 55 हजार का चेक प्रदान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** शिक्षक हितों के लिए सतत कार्यरत टीचर सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) ललितपुर द्वारा सामाजिक सहयोग की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए कन्यादान योजना के अंतर्गत जनपद के एक पात्र शिक्षक को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। यह जनपद स्तर पर कन्यादान योजना के अंतर्गत दिया गया प्रथम सहयोग बताया जा रहा है, जिसे लेकर शिक्षकों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल है।

विकासखंड बार अंतर्गत संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय गदयाना में कार्यरत इंचार्ज प्रधानाध्यापक संतोष कुमार राठौर की सुपुत्री के विवाह के अवसर पर टीचर सेल्फ केयर टीम की ओर से 55,000 की सहयोग राशि का चेक प्रदान किया गया। यह सहायता टीएससीटी की कन्यादान योजना के अंतर्गत दी गई, जिसका उद्देश्य जरूरतमंद शिक्षकों को पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन में सहयोग प्रदान करना है।

चेक वितरण कार्यक्रम के दौरान जिला संयोजक आदर्श रावत ने कहा कि टीचर सेल्फ केयर टीम केवल एक संगठन नहीं, बल्कि शिक्षकों के सुख-दुख में साथ खड़ा रहने वाला परिवार है। 'आज का सहयोग, कल का सहारा' हमारा मूल मंत्र है, जिसके तहत हम प्रत्येक शिक्षक को संबल देने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कन्यादान योजना का उद्देश्य शिक्षक समाज में आपसी सहयोग और सामाजिक सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। इस अवसर पर जिला कन्यादान प्रभारी तपेश चौरसिया ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि टीएससीटी द्वारा पारदर्शी प्रक्रिया के तहत पात्र शिक्षकों का चयन कर उन्हें समय पर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कन्यादान योजना सहप्रभारी रामेंद्र यादव ने कहा कि भविष्य में अधिक से अधिक शिक्षकों को इस योजना का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित जिला प्रवक्ता नवनीत प्रकाश ने टीएससीटी की इस पहल को शिक्षक समाज के लिए प्रेरणादायक बताया, वहीं जिला सह संयोजक अभिषेक अग्रवाल, महेंद्र निरंजन, शैलेष जैन और जिला आईटी सेल प्रभारी धीरज साहू ने भी संगठन की एकजुटता और सामाजिक दायित्वों पर प्रकाश डाला। चेक प्राप्त करने के बाद शिक्षक संतोष कुमार राठौर ने टीचर सेल्फ केयर टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनके परिवार के लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगा और ऐसे संगठन से जुड़कर उन्हें गर्व की अनुभूति हो रही है। टीचर सेल्फ केयर टीम की यह पहल न केवल शिक्षक समाज में आपसी सहयोग को बढ़ावा दे रही है, बल्कि यह भी संदेश दे रही है कि संगठित प्रयासों से सामाजिक दायित्वों का सफल निर्वहन किया जा सकता है।

## कोहरे के कारण घंटों तक देरी से चल रहीं ट्रेनें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** घने कोहरे के कारण रविवार को कई ट्रेनें घंटों देरी से ललितपुर स्टेशन पहुंची। वहीं ललितपुर में दोपहर 12 बजे तक कोहरा छाया रहा, जिससे रेल यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। अप रूट की लगभग 10 ट्रेनें अपने निर्धारित समय से काफी पीछे चल रही थीं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली से खजुराहो जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे की देरी से चल रही है। यह ट्रेन सुबह 11:35 बजे के बजाय दोपहर 3:03 बजे ललितपुर स्टेशन पहुंचने की संभावना है। इसी तरह, शताब्दी सुपरफास्ट एक्सप्रेस भी एक घंटे देरी से चल रही है, जिसका ललितपुर पहुंचने का अनुमानित समय सुबह 11:42 बजे की जगह दोपहर 12.43 बजे है।

सबसे अधिक देरी से चलने वाली ट्रेनों में प्रयागराज से अंबेडकर की ओर जाने वाली अंबेडकर एक्सप्रेस शामिल है। यह ट्रेन शनिवार रात 11:40 बजे के निर्धारित समय से लगभग 12 घंटे की देरी से रविवार सुबह 11:45 बजे ललितपुर पहुंचने की उम्मीद है। दिल्ली से खजुराहो जाने वाली गीता जयंती एक्सप्रेस भी सुबह 4 बजे के बजाय 7 घंटे की देरी से सुबह 10:30 बजे ललितपुर स्टेशन पहुंची। अन्य प्रभावित ट्रेनों में पुष्पक एक्सप्रेस (दो घंटे देरी), जम्मू से इंदौर जाने वाली मालवा सुपरफास्ट (6 घंटे देरी से सुबह 10:15 बजे पहुंची), दक्षिण एक्सप्रेस (साढ़े चार घंटे देरी से 10:45 बजे पहुंची) और पठानकोट एक्सप्रेस (5 घंटे देरी) शामिल हैं। झांसी-ललितपुर मेमो ट्रेन भी दो घंटे देरी से पहुंची। ट्रेनों के लगातार लेट होने से यात्रियों को स्टेशनों पर लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा, जिससे उनकी यात्रा योजनाओं में बाधा आई और उन्हें काफी असुविधा का सामना करना पड़ा।

## कोर्ट के आदेश पर सड़क दुर्घटना का मामला दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना तालबेहट के ग्राम तेरई निवासी मनोज पुत्र कैलाश ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। बताया कि बीती 23 अगस्त को शाम करीब 5 बजे उसके पिता कैलाश पुत्र घंसू, सेरवास निवासी साधना पत्नी रामसेवक को तेरई फाटक से इलाज कराके उसके घर छोडने जा रहे थे। भतीजे की मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.के.1337 से जा रहे थे, तभी शहजाद रोड बाबरी मंदिर पुलिया के पास सामने आ रही बुलट मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.जे. 3171 के चालक थाना बार के ग्राम बरौदा डांग निवासी करन पुत्र रमेश ने तेजी व लापरवाही से पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गये।

तभी पीछे चल रहे बाइक सवार एम.पी.15 एम.एल. 7421 से संतोष पुत्र आशाराम व बालकिशन पुत्र श्यामलाल ने उन्हें उठाया और श्रीमती साधना जो कि पांच माह की गर्भवती हैं को चोटें आयीं। वहीं उसके पिता का हाथ टूट गया। उन्होंने तत्काल एम्ब्युलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज में व्यस्त होने के चलते वह तत्समय शिकायत दर्ज नहीं करा सका। 8 सितम्बर 2025 को थाना तालबेहट में शिकायत की गयी, लेकिन मामला दर्ज नहीं किया गया। 11 सितम्बर को घटना की जानकारी एसपी को दी गयी, जिस परभी कार्यवाही नहीं हुयी तो पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। पुलिस ने अब न्यायालय के आदेश पर पीड़ित की शिकायत अनुसार बीएनएस की धारा 281, 125 (बी) व 324 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## विद्युत चेकिंग करने गई विभागीय टीम पर पथराव

**●सरकारी कार्य में बाधा डालकर जान से मारने का प्रयास**

**पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर दर्ज की एफआईआर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** विद्युत चैकिंग अभियान में गयी विभागीय टीम पर जानलेवा हमला किया गया। गाली-गलौज, मारपीट और पथराव किया गया। अवर अभियंता के खिलाफ दर्ज करायी गयी शिकायत में पुलिस ने कई लोगों को नामजद किया है। 66/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र तालबेहट में तैनात अवर अभियंता इंजी.किशन कुमार शुक्ला ने क्षेत्राधिकारी तालबेहट को तहरीर दी है। बताया कि वह शासन के आदेश व उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में बीती 12 दिसम्बर को संविदा कर्मी पंकज यादव, शंकर सिंह, सुनील कुशवाहा, अनिल कुमार, विनोद प्रजापति के साथ ग्राम रामपुर के मजरा बड़ाहार में विद्युत चैकिंग अभियान के लिए गया हुआ था। चैकिंग के दौरान गांव के विभिन्न लोगों में शिशुपाल यादव पुत्र अनेक यादव, नीरज यादव पुत्र फूलसिंह, फूलसिंह पुत्र शिवराम यादव, भरत यादव पुत्र तोरन सिंह, रामरतन पुत्र शिवराम, बृजेन्द्र पुत्र सेनपाल, रामराजा पुत्र बृजपाल ठाकुर के द्वारा चेकिंग करने से मना किया गया एवं हमारी टीम पर पथराव किया और जान से मारने की धमकी दी गयी। अवर अभियंता ने बताया कि वह किसी प्रकार जान बचाकर वहां से भाग निकले, जिससे सरकारी कार्य में भी बाधा पहुंची। तालबेहट पुलिस ने अवर अभियंता की तहरीर पर बीएनएस की धारा 221, 132, 191 (2), 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## मेडीकल कॉलेज के छात्रावास में देर रात हंगामा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** ग्राम अमरपुर स्थित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में छात्रों ने रात में हंगामा किया। किसी बात को लेकर हुए इस प्रदर्शन के बाद मेडिकल प्रशासन के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे और छात्रों को शांत कराया। बताया जा रहा है कि सीनियर छात्र खाने सहित कुछ अन्य मुद्दों को लेकर आक्रोशित थे। शुरुआत में कॉलेज के केयर टेकर और अन्य स्टाफ ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद आलाधिकारियों ने छात्रों से बात की और उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद छात्र शांत हुए। सूत्रों के अनुसार, कुछ दिनों पहले सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों के साथ अभद्रता की थी। इस मामले में जूनियर छात्रों की शिकायत पर मेडिकल प्रशासन ने 20 छात्रों और 12 छात्राओं सहित कुल 32 सीनियर छात्रों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की थी। कॉलेज में कुछ समय से जूनियर और सीनियर छात्रों के बीच संबंध तनावपूर्ण बने हुए हैं। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मयंक शुक्ला ने बताया कि यह एक विभागीय मामला है। उन्होंने पुष्टि की कि हंगामा कर रहे छात्रों को समझा दिया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा की गई जनसुनवाई



**कानपुर।** आज दिनांक 21.12.2025 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा कार्यालय में जन-सुनवाई की गई । जन-सुनवाई के दौरान उपस्थित नागरिकों की शिकायतें सुनी गई तथा उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समयबद्ध व प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु पुलिसकर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि विलंब किसी भी स्थिति में न हो और प्रत्येक शिकायतकर्ता को समाधान से अवगत कराया जाए। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी द्वारा जन-सुनवाई में आए प्रत्येक आगंतुक से सम्मानजनक व्यवहार करने, उन्हें बैठने हेतु उचित व्यवस्था देने एवं उनकी समस्याएं धैर्यपूर्वक सुनने पर विशेष जोर दिया गया। स्थानीय स्तर पर बार-बार उत्पन्न होने वाली समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

### कानपुर में स्कूलों की टाइमिंग बदली, डीएम



**घाटमपुर।** कानपुर जिले में ठंड और कोहरे का प्रकोप जारी है,रात के तापमान एक बार फिर लुढ़का, न्यूनतम तापमान 24 घंटे में 3,4 डिग्री गिरकर 6,4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, ऐसे में कानपुर यूपी में सबसे ठंडा रहा, रविवार सुबह बीतें दो दिनों की अपेक्षा कोहरा बहुत कम रहा विजिबिलिटी भी 200 मीटर से अधिक रहीं,कोहरा भले ही कम रहा हो, लेकिन बर्फीली हवाओं के कारण गलन पड़ रहीं हैं, ठंड व कोहरे के चलते स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है, जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने रविवार को आदेश जारी करते हुए कहा कि सोमवार से कानपुर नगर में नर्सरी से 12 वीं तक के समस्त बोर्डो से मान्यता प्राप्त स्कूल सुबह 10 से दोपहर 3 बजें तक संचालित होंगे।

### 24 जनवरी से जनपद में शुरू होंगी प्रायोगिक परीक्षाएं

**सिद्धार्थनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की ओर से वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की प्रायोगिक परीक्षाएं जनपद में प्रथम चरण में संपादित की जाएगी। प्रथम चरण की प्रायोगिक परीक्षाएं 24 जनवरी से एक फरवरी तक आयोजित होंगी। हालांकि 29 व 30 जनवरी को परीक्षा नहीं होगी, क्योंकि इन तिथियों में शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टेट) का आयोजन प्रस्तावित है। जिला विद्यालय निरीक्षक अरूण कुमार ने बताया कि प्रथम चरण में 24 जनवरी से जनपद में परीक्षाएं शुरू होंगी। उन्होंने ने बताया कि हाईस्कूल की प्रायोगिक परीक्षाएं पूर्व वर्षो की भांति विद्यालय स्तर पर आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर आयोजित की जाएंगी। प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन विद्यालय के प्रधानाचार्य की देखरेख में किया जाएगा तथा परीक्षा की रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखी जाएगी। इसके अलावा कक्षा 12 की पी-बोर्ड प्रायोगिक परीक्षाएं जनवरी के प्रथम सप्ताह में, जबकि कक्षा 10 व 12 की पी-बोर्ड लिखित परीक्षाएं जनवरी के द्वितीय सप्ताह में आयोजित की जाएंगी। कक्षा नौ व 11 की वार्षिक परीक्षाएं जनवरी के अंतिम सप्ताह से फरवरी के प्रथम सप्ताह तक कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी प्रधानाचार्यों से परीक्षा कार्यक्रम का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज

**देवरिया।** मनरेगा का नाम भाजपा सरकार द्वारा बदले जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा दोपहर 12 बजे कलेक्टरी कचहरी पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के जिला प्रवक्ता संजीव मिश्रा ने बताया कि जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने जनपद के समस्त कांग्रेसजनों से अपील की है कि वे विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए सुबह 11 बजे टाउन हॉल स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर एकत्र हों।

# नहर की सफाई नहीं होने से खेत तक नहीं पहुंच पाएगा पानी

● जिले के बड़े रकबे पर नहर से होती है फसल की सिंचाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

हरीश कुमार चौधरी

**सिद्धार्थनगर।** किसानों को फसलों की सिंचाई में सहूलियत मिले। इसके लिए जिले में नहरों का जाल बिछाया गया है। मगर जिले की नहरें सिल्ट से पटी हैं, ऐसे में सिंचाई कैसे होगी यह चिंता किसानों को सताने लगी है। विभागीय जिम्मेदार किसानों की समस्याओं पर चुप हैं।

जिले में बड़े रकबे पर फसलों की सिंचाई के लिए नहरें बनाई गई हैं। ड्रेनेज खंड के जमींदारी सागरों से दर्जनों नहर संचालित हैं। नहरों की जाल 225 किलोमीटर तक फैली है। इससे किसान फसलों की सिंचाई करते हैं। हर वर्ष नहरों के सिल्ट की सफाई की जाती है। दिसम्बर माह बीतने वाला है, लेकिन अभी तक सफाई कार्य शुरू नहीं हुआ है। जबकि दिसंबर माह के पहले सप्ताह में नहरों में पानी छोड़ दिया जाता है और किसान सिंचाई शुरू कर देते हैं। इस बार अभी तक सिल्ट से नहरें पटी हैं। किसानों का कहना है कि नहर की सफाई बहुत जरूरी है। क्योंकि बारिश के बाद नहर में घास उग आई है। अगर सफाई नहीं हुई तो पानी के आने के बाद भी खेतों में नहीं पहुंचेगा। विभागीय जिम्मेदारों को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। किसानों ने यह भी कहा कि नहर की सफाई जेसीबी मशीन से न कराके मजदूरों से किया जाना चाहिए। क्योंकि मशीन की सफाई से नहर गहरी होती जा रही है और सही से सफाई भी नहीं होती है। अगर मजदूरों से सफाई कराई जाएगी तो उन्हें रोजगार भी मिलेगा।



जिले में विभिन्न नहरों से लगभग दो लाख हेक्टेयर भूमि पर खेती किसान करते हैं। इसमें नहरें और माइनर से लगभग एक लाख हेक्टेयर खेती की सिंचाई होती है। नहरों में समय से पानी आए तो किसानों को काफी सहूलियत मिलेगी।

**क्या कहते हैं**

इस संबध में अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग कृपा शंकर भारती ने बताया कि जिले की कुछ नहरों की सिल्ट सफाई का कार्य शुरू है जबकि जमींदारी सागरों से निकली नहरों की सिल्ट सफाई कार्य नहीं हो रहा है धन उपलब्ध होने के बाद कार्य प्रारम्भ हो जाएगा।

# सांसद चंद्रशेखर आजाद घाटमपुर के गांव पालपुर पहुंचे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर।** कानपुर के घाटमपुर तहसील क्षेत्र के पालपुर गांव में रविवार को बन्धुता दिवस के अवसर पर अल्पसंख्यक, दलित, और पिछड़ा वर्ग भाईचारा सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, सम्मेलन में नगीना से सांसद एवं आजाद समाज पार्टी, कांशीराम,के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद शामिल होने पहुंचे, उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में भारी उत्साह देखने को मिला,और कार्यक्रम स्थल पर हजारों की संख्या में लोग जुटे,नगीना से सांसद आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के मंच पर पहुंचते ही समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया,वे कुछ देर में मंच से उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया, सम्मेलन के माध्यम से सामाजिक एकता, भाईचारा,और संविधानिक अधिकारों पर चर्चा किए जाने की बात आयोजकों द्वारा कहीं गई, कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क नजर आया, कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर दो ट्रक पीएसी के साथ साथ स्थानीय पुलिस बल की तैनाती की गई है, पुलिस अधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है, आयोजकों का कहना है कि बन्धुता दिवस का उद्देश्य समाज के सभी वर्गो को एक मंच पर लाकर आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश देना है, वहीं बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से साफ है कि क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह रहा।

### दुर्घटना में युवक की मौत,मचा कोहराम

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना में युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के मनीपुर दीवानी वार्ड निवासी रामखेलावन विश्वकर्मा का 27 वर्षीय पुत्र ओमप्रकाश विश्वकर्मा उर्फ जोखू बाइक से रविवार की शाम करीब पांच बजे घर से निकला। वर्मानगर के समीप शिवदीन का पुरवा में युवक की बाइक अचानक असंतुलित होकर पल्टा खा गयी। मृतक सड़क के किनारे खड्डु में गिर गया। आस पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलने पर आनन फानन में पहुंची पुलिस ने घायल को लालगंज ट्रामा सेंटर पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने देर शाम शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजवाया। मृतक अपने पीछे पत्नी वंदना व तीन वर्षीय बेटे सानू को निराश्रित छोड़ गया है।

## संत गाडगे त्याग, समर्पण व मानव सेवा की प्रतिमूर्ति थे- रोशन लाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** संत गाडगे जागरुकता मंच प्रतापगढ़ तत्वावधान में महान संत गाड़गे बाबा की 69वीं पुण्यतिथि का आयोजन महुली चिलबिला स्थित वृद्धाश्रम में बुजुर्गो के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पूर्व सुगतानंद बुद्ध विहार, प्रतापगढ़ में पूज्य भन्ते अश्वजीत और भन्ते शांति रत्न द्वारा कृतांजलि कार्यक्रम के साथ चिलबिला स्थित वृद्धाश्रम में अनुयायियों नें आवश्यक खाद्य वस्तुओं का दान कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एलायंस इंटरनेशनल क्लब के अंतरराष्ट्रीय निदेशक व समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य नें संत गाडगे जागरूकता मंच के प्रयासो की सराहना करते हुए कहा कि बाबा संत गाडगे महाराज त्याग समर्पण व मानव सेवा के प्रतिमूर्ति थे हमें के द्वारा शैक्षिक उन्नयन के साथ-साथ बुजुर्गो, अनाथो, पशु पक्षियों की सेवा संत गाडगे जैसे महान लोगों से प्रेरणा मिलती है, हमें उनका अनुसरण अवश्य करना चाहिए यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए राकेश कनौजिया ने गाडगे जी द्वारा चलाये गए सामाजिक, शैक्षिक आंदोलनों की महत्ता पर प्रकाश डाला और सभी से आवाहन किया कि उनके द्वारा जो अलख जगाई गई है उसे बुझने नहीं देना है। इस अवसर पर उपस्थित अनेक बुजुर्ग माताओं एवं पिता तुल्य बुजुर्गो द्वारा भी श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस भावपूर्ण आयोजन कार्यक्रम में आचार्य उमेश जी, विजय शंकर, भारत राम, दिनेश ममता, सूरज कनौजिया, मोहित कन्नौजिया, प्रभात चौधरी,आरती कनौजिया, शशि किरन जी, ममता सचान, राजेंद्र कुमार, पवन जी आदि लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम प्रभारी मोहित कनौजिया द्वारा किया गया। अंत मे मंच के अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार विमल जी द्वारा सभी के प्रति आभार प्रकट किया गया।



## ठंड से बचाव की एडवायजरी जारी, सतर्क रहें सुरक्षित रहें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** शीतलहर और बढ़ती ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने जनहित में विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शीतलहर के दौरान सतर्कता और सावधानी से जनहानि और स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से यह एडवाइजरी जारी की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिक स्थानीय रेडियो, दैनिक समाचार पत्र, टीवी और मोबाइल फोन के माध्यम से मौसम की ताजा जानकारी नियमित रूप से लेते रहें। कोयले की अंगीठी, मिट्टी तेल का चूल्हा, हीटर या ब्लोवर का उपयोग करते समय विशेष सावधानी बरतें और कमरे में पर्याप्त वेंटिलेशन बनाए रखें, जिससे जहरीली गैस या धुआं एकत्र न हो। शरीर को सूखा रखना आवश्यक है, गीले कपड़े तुरंत बदल लें। अत्यधिक ठंड के दिनों में यदि घर में अलाव की व्यवस्था न हो तो सामुदायिक केंद्रों और आश्रय स्थलों पर जाएं, जहां प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि कई परतों वाले गर्म ऊनी कपड़े, स्वेटर, टोपी, मफलर आदि शीतलहर के प्रभाव को कम करने में सहायक होते हैं। ऊनी कपड़ों की कमी की स्थिति में दो-तीन कपड़े एक के ऊपर एक पहनकर भी ठंड से बचाव किया जा सकता है। अत्यधिक ठंड और कोहरे के दौरान छोटे बच्चों और बुजुर्गो को यथासंभव घर के भीतर ही रखें। शरीर की ऊष्मा बनाए रखने के लिए पोषक आहार और गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें तथा धूप निकलने पर उसका लाभ लें।

जिलाधिकारी ने हाइपोथर्मिया के लक्षणों पर भी ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि शरीर का असामान्य तापमान, भ्रम या स्मृति हानि, बेहोशी, अत्यधिक ठिठुरन, सुस्ती, थकान या तुतलाहट जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल से संपर्क करें। इसी तरह शीतदंश की स्थिति में हाथ-पैर की उंगलियों, कान या नाक का सुन्न पड़ना अथवा सफेद या पीले रंग के दाग उभरने पर भी तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लें। एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि आसपास अकेले रहने वाले पड़ोसियों, विशेषकर बुजुर्गो की जानकारी रखें और किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करें। ठंड और शीतलहर के दौरान पालतू पशुओं और पक्षियों के बाड़ों को ऊष्मा रोधी बनाएं, खिड़की-दरवाजे ढककर रखें, लेकिन वेंटिलेशन के लिए पर्याप्त स्थान खुला छोड़ें। सिगड़ी, अलाव या अंगीठी सोते समय बुझाकर ही सोएं और इन्हें बंद स्थानों पर जलाने से बचें, ताकि आगजनी की घटनाएं न हों। यदि कोई निराश्रित, असहाय, विकलांग, बीमार या मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति ठंड से प्रभावित दिखाई दे तो क्षेत्रीय लेखपाल के माध्यम से उन्हें निःशुल्क कंबल दिलाने में सहयोग करें।

## रोमांचक मुकाबले में लालगंज प्रीमियर लीग में केशव स्टार-11 को मिली विजेता ट्रॉफी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्थानीय हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज के मैदान पर रविवार को लालगंज क्रिकेट प्रीमियर लीग-8 के फाइनल मुकाबले में केशव स्टार-11 की टीम को रोमांचक मुकाबले में विजेता का खिताब हासिल हुआ। वहीं उपविजेता यूपी पीसीएल पावर स्ट्राइकर की टीम रही। मैन आफ द मैच केशव स्टार के कैप्टन केशव मिश्र रहे। फाइनल मुकाबले में यूपी पीसीएल पावर स्ट्राइकर टीम ने पहले बल्लेबाजी की। यूपी पीसीएल ने नौ विकेट पर 137 रन बनाये। चुनौती का मुकाबला करने मैदान में उतरी केशव स्टार-11 ने 13.4 ओवर में ही 138 रन बनाकर विजेता कप पर शानदार कब्जा जमा लिया। रविवार को लालगंज में साप्ताहिक बंदी के कारण फाइनल मैच देखने के लिए युवाओं के साथ व्यापारियों की भी मैच को देखने के लिए मैदान पर भारी भीड़ जमा दिखी। समापन समारोह में चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल एवं संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश ने विजेता एवं उपविजेता टीम को मेडल तथा नगद पुरस्कार के साथ कप प्रदान किये। अतिथियों ने मैन आफ द मैच केशव मिश्र को शील्ड के साथ विशेष पुरस्कार से नवाजा। क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक केशव मिश्र व अनुराग उपाध्याय ने अतिथियों को समिति की ओर से सम्मानित किया। वहीं आयोजन समिति के सहयोगी ऋषि द्विवेदी, अनुराग पाण्डेय, अंजनी मिश्र, अमित उपाध्याय, आशीष मिश्र, आशीष द्विवेदी, सलमान, अखिलेश मिश्र क्रिकेट प्रीमियर लीग को लेकर सराहनीय भूमिका में दिखे। मैच की कमेंट्री सलमान व अखिलेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सुनील सिंह, विजय जायसवाल, अखिलेश सिंह, विद्युत मिश्र, साकेत मिश्र आदि मौजूद रहे।



### काउंटर से उड़ाये एक हजार, केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुकान में घुसकर काउन्टर से एक हजार रूपये चोरी करने को लेकर लालगंज पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। सांगीपुर थाना के असांव निवासी विनोद कुमार तिवारी पुत्र स्व शोभनाथ ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह लालगंज के अमावां चैराहे पर मेडिकल स्टोर का संचालक है। सांगीपुर थाना के ओरीपुर नौगीर निवासी हारून के पुत्र समीर ने उसकी दुकान में घुसकर काउन्टर से एक हजार रूपये चोरी कर कपड़े में छिपा लिया। इस बीच पीड़ित ने घटना को देख लिया। आस पास के लोग के जुटने पर आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना को लेकर सांगीपुर पुलिस ने आरोपी समीर के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया है।

## एक ही रात चार घरों में चोरी की घटना से फैली दहशत, हड़कम्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोहरे और गलन के बीच चोरों ने एक ही रात चार घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर लोगों की नींद उड़ा दी है। शनिवार की रात लालगंज कोतवाली क्षेत्र के हिरउ का पुरवा बेलहा तथा पूरे रमन मेढ़ावा में चोरों ने वारदात के तहत नकदी, जेवरात उड़ा लिये। पूरे रमन मेढ़ावां निवासी राधेश्याम वर्मा बगल के नया का पुरवा में जन सेवा केन्द्र का संचालन करते हैं। चोरों ने आधी रात घर में घुसकर घर में रखे नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। इसी गांव के शिवपाल के यहां भी चोर दरवाजे से घर के अंदर घुस गये। बदमाशों ने घर से महिलाओं के कीमती सोने व चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। दुस्साहसिक वारदातों में चोरों ने हिरउ का पुरवा बेलहा में अवध नारायण तिवारी के घर में भी घुसकर चोरी की घटना अंजाम दी। अवध नारायण के घर से भी जेवरात की चोरी हुयी है। वहीं इसी गांव त्रिजुगी नारायण मिश्रा के घर चोरों ने बांस की सीढ़ी लगाकर छत के रास्ते प्रवेश कर लिया। बदमाशों ने यहां भी नकदी व सोने चांदी के आभूषण उड़ा लिये। रविवार की सुबह पीड़ित सो कर उठे तब घर के अंदर बिखरे सामान देखकर आवाक रह गये। डायल पुलिस सूचना पर प्रभावितों के घर पहुंची और घटना का निरीक्षण किया। चोरी की घटनाओं से पीड़ित घरों में महिलाओं का रोना बिलखना भी देखा गया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है, घटनाओं की जांचकर जल्द खुलासा किया जायेगा। वहीं एक ही रात दो गांवों में चार चार घरों में चोरी की घटनाओं से लोगों का सकून भी उड़ा देख गया।

## जनपद में शीतलहर के बावत राहत एवं बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने बताया है कि जनपद में 20 व 21 दिसम्बर को रोड व आरेन्ज अलर्ट की कटेगरी में प्रदर्शित किया गया है। उन्होने अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को शीतलहर में राहत एवं बचाव हेतु एडवाइजरी जारी करते हुये बताया है कि अपने आप को सूखा रखे, ऊनी कपड़े पहने, घर के अन्दर ही रहें, गर्म पानी पिये। सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखे। कपड़ों की कई परते पहनना भी लाभदायक रहता है।आपातकालीन आपूर्तियों के लिये सभी सामान तैयार रखे। शीतलहर के दौरान पर्याप्त पानी स्टोर करें क्योकि पाइपों में पानी जम सकता है, जितना सम्भव हो घर के अन्दर रहे। ठंडी हवा से बचने के लिये कम से कम यात्रा करे। अपने शरीर को सुखाकर रखे। यदि कपड़े गीले हो जाये तो उन्हें तुरन्त बदले। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। दस्ताने के बजाय मिट्न्स को प्राथमिकता दे, मिट्न्स अधिक गर्मी और तापावरोधन प्रदान करते है। मौसम की ताजा जानकारी के लिये रेडियो सुने, टीवी देखे, समाचार पत्र पढ़े एवं बुजुर्गो और बच्चों का ख्याल रखे। नियमित रूप से गर्म पेय पिये तथा शराब न पिये यह आपके शरीर के तापमान को कम करता है। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियो, पैर की उंगलियो, कानो की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रतिसजग रहे। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करे। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। कम्पकपी को नजरअंदाज न करें यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कम्पकपी महसूस होने पर तुरन्त घर लौटे। शीत दंश से बचने के लिए जोखिम उठाने की जरूरत नहीं है बल्कि सुरक्षित रहने के लिए पूरी सावधानी बरतना आवश्यक है।

### पथ विक्रेता, रेहड़ी, फेरी वाले पीएम स्वनिधि योजना का उठाये लाभ, करायें आनलाइन आवेदन

**प्रतापगढ़।** परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया है कि नगर पालिका परिषद/समस्त नगर पंचायतों मे प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेन्डर्स आत्मनिर्भर निधि योजना (पी0एम0स्वनिधि) योजना के अंतर्गत पथ विक्रेता, रेहड़ी, फेरी वालो को रूपये 15000 तक की कार्य करने हेतु ऋण की सुविधा बैंको के माध्यम से प्रदान की जाती है। ऋण वापसी एक वर्ष मे 12 मासिक किस्तो के माध्यम से वापस करना होता है। किसी भी प्रकार की बैंक गारन्टी नही देय है। समय पर/समय से पहले ऋण वापसी करने पर सात प्रतिशत की दर से ब्याज सब्सिडी मिलेगी। डिजिटल लेनदेन करने पर 50-100 रूपये तक की मासिक कैशबैक मिलेगा, प्रथम ऋण समय से वापसी पर द्वितीय किश्त 25000 रूपये व द्वितीय किश्त वापसी पर तृतीय किश्त 50000 रूपये ऋण बैंको के माध्यम से प्रदान किया जाता है। पीएम स्वनिधि योजना का लाभ समस्त नगर निकाय में संचालित हैं, वेण्डर्स अपना आनलाइन आवेदन नगर पालिका परिषद बेल्हा एवं नगर पंचायतों मे करा सकते हैं।

## उसका में हुआ बाला जी सरकार का भजन कीर्तन और भंडारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** बाला जी सरकार का भजन कीर्तन एवं भंडारा रविवार को उस्का बाजार कस्बा के भारतीय स्टेट बैंक के सामने गांधी चबूतरे पर सम्पन्न हुआ। यह श्री मेंहदीपुर बाला जी सरकार का 11वां भजन कीर्तन एवं भंडारा है। इसका आयोजन कस्बा के श्रद्धालु बड़े ही श्रद्धा के साथ प्रति वर्ष करते है। इस धार्मिक आयोजन में प्रातः 10 बजे से सुंदरकांड पाठ, भव्य श्रृंगार एवं कीर्तन दोपहर 12 बजे से शुरू हुआ। भव्य आरती एवं विशाल भंडारा के यह सम्पन्न हुआ हैं। भजन गायक प्रमोद चंचल,राज पाण्डेय, कुसुम आदि ने बाला जी सरकार को समर्पित भजन कीर्तन प्रस्तुत किया। भजन गायक के अंजना के नंदना की बार बार बंदना, राम न चले हनुमान के बिना आदि बाला जी सरकार को समर्पित भजन प्रस्तुत किया जिसे सुनकर श्रद्धालु खूब आनंदित हुए। कार्यक्रम में मनोज गुप्ता म्यूजिक सिस्टम सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि हेमन्त कुमार जायसवाल, अनूप छापड़िया, कन्हैया लाल सोनी,धनेश वर्मा, राजू अग्रहरी,गया दीन गुप्ता,शिव शरण चौरसिया, गोपाल अग्रहरी,किशन मद्धेशिया,फूलचंद सहानी, हेमन्त अग्रहरी,दिनेश मोदनवाल,राहुल दूबे, राजेश अग्रहरी, विपिन पटवा, विशाल अग्रहरी, मनीष अग्रहरी, रवि अग्रहरी, सोमनाथ मिश्र ,हरिशंकर सिंह,सचिन चौरसिया आदि रहे।



## सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर में सेमेस्टर परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संचालित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर परिसर सहित संबद्ध 6 जनपदों के महाविद्यालयों में सेमेस्टर परीक्षाएं विगत 10 दिसंबर से सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की जा रही हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन परीक्षाओं को पूर्णतः साफ-सुथरे, नकलविहीन एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए निरंतर सक्रिय है। कुलपति प्रो. कविता शाह के निर्देश के क्रम में आज विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अश्वनी कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक दीनानाथ यादव के नेतृत्व में सम्बद्ध महाविद्यालयों के कुछ परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केंद्राध्यक्षों एवं परीक्षा से जुड़े अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि परीक्षा किसी भी स्थिति में नकलविहीन, निष्पक्ष एवं पारदर्शी होनी चाहिए।



इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अश्वनी कुमार ने कहा कि साफ-सुथरी परीक्षा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला होती है। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थी अपनी तैयारी, क्षमता एवं परिश्रम का मूल्यांकन करता है, जिससे उसका भविष्य मार्ग प्रशस्त होता है। जिन विद्यार्थियों की तैयारी अपेक्षाकृत कम रह जाती है, उनके लिए भी निष्पक्ष परीक्षा आगे और अधिक परिश्रम व लगन से अध्ययन करने की प्रेरणा देती है। अतः परीक्षा की शुचिता प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अनिवार्य है। उन्होंने केंद्राध्यक्षों एवं कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान सभी आवश्यक सुविधाएं विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जाएं। परीक्षा कक्षों में पर्याप्त प्रकाश, स्वच्छ पेयजल एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ठंड को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों से पर्याप्त ऊनी वस्त्र पहनने का आग्रह किया गया तथा डेस्क-बेंच साफ एवं व्यवस्थित रखने के स्पष्ट निर्देश दिए गए, जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

परीक्षा नियंत्रक दीनानाथ यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा सीसीटीवी मॉनिटरिंग के माध्यम से विश्वविद्यालय स्थित कंट्रोल रूम से प्रत्येक पाली की सतत निगरानी की जा रही है। साथ ही, विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भौतिक रूप से औचक निरीक्षण भी किया जा रहा है। उन्होंने कक्ष निरीक्षकों (इनविजिलेटर्स) को निर्देशित किया कि वे परीक्षा कक्ष में सतर्क रहकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें, अनुशासन बनाए रखें, किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पर तत्काल संज्ञान लें तथा निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में मौसम प्रतिकूल है, इसलिए सभी परीक्षा केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों की सुविधा, सुरक्षा एवं परीक्षा की पवित्रता बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त खबरें

### त्योंतना गांव में तीन घरों में चोरी,लाखों की नकदी व जेवरात ले उड़े चोर



**हमीरपुर-** जरिया थाना क्षेत्र के त्योंतना गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक साथ तीन घरों को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर हजारों रुपये की नकदी और सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए।घटना से गांव में दहशत का माहौल व्याप्त है। गांव निवासी लक्ष्मी नारायण पुत्र जयसिंह ने बताया कि 20 दिसंबर 2025 की रात अज्ञात चोर उनके घर के पिछले दरवाजे से अंदर घुसे और चोरों ने कमरे में रखी अलमारी और लोहे के बक्से को खोलकर उसमें रखे करीब 80 हजार रुपये नकद,सोने की जंजीर, अंगूठी,झुमकी सहित अन्य कीमती जेवरात चोरी कर लिए।सुबह नींद खुलने पर जब उन्होंने घर के दरवाजे और अलमारी खुली देखी तो उनके होश उड़ गए। इसके बाद उन्होंने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी और जरिया थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने बताया कि चोरी की घटना की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही चोरों को पकड़कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### दिल्ली से मजदूरी करके लौटा युवक गश खाकर गिरा, मौत

**हमीरपुर-** रविवार को सुबह दिल्ली से मजदूरी करके अपने क़स्बा सुमेरपुर आया युवक बस से उतरते ही अचानक गस्त खाकर गिर पड़ा।पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से युवक को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहाँ डॉक्टरों ने इसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बिंवार थाना क्षेत्र के सायर गांव का निवासी है। मृतक अविवाहित था और तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बिंवार थाना क्षेत्र के सांयर गांव निवासी रामाधीन प्रजापति 30 वर्ष दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। रविवार को सुबह करीब 10:00 बजे यह डबल डेकर बस से सुमेरपुर कस्बे के बस स्टॉप में उतरा और बेहोश होकर गिर गया। डायल 112 की टीम ने युवक को कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया यहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के साथ दिल्ली से वापस लौट रहे गांव के युवक ने घटना की सूचना परिजनों को दी।साथ ही कस्बे में रह रहे उसके दिव्यांग बहनोई को सूचित किया और गायब हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के बहनोई छोटे लाल प्रजापति ने बताया कि वह बीमार चल रहा था। सूचना मिलने पर इसको वापस घर बुलाया गया था वापस आते ही मौत के मुंह में समा गया। बहनोई ने बताया कि मृतक दिल्ली में भवन निर्माण में ईट बालू ढोने का कार्य करता था और तीन भाइयों में सबसे छोटा था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि मजदूर दिल्ली से वापस आते समय ठंडी का शिकार हो गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ विंदेश कुमार ने बताया मृतक का पूरा शरीर पीला पड़ गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### चलती भृगु सुपरफास्ट ट्रेन में लूट महिला से हैंडबैग झपटकर फरार हुआ बदमाश

**गोपीगंज।** भृगु सुपरफास्ट ट्रेन (22428) में भोर के समय सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती हुई लूट की गंभीर घटना सामने आई है। आनंद विहार से ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन की ओर जा रही ट्रेन में एक अज्ञात बदमाश ने चलती ट्रेन से महिला के हाथ से हैंडबैग छीन लिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद यात्रियों में दहशत फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फैसल सिद्दीकी पुत्र स्व. एजाज अहमद सिद्दीकी, निवासी मोहल्ला बौलिया, जमुन्द्र, अम्बर नीम (थाना व जिला भदोही), अपने परिवार के साथ यात्रा कर रहे थे। बताया गया कि ट्रेन के टुंडला स्टेशन पार करने के बाद सुबह करीब 5 बजे एक अज्ञात युवक ने अचानक फैसल सिद्दीकी की पत्नी के हाथ से हैंडबैग झपट लिया और चलती ट्रेन से कूदकर रेलवे ट्रैक की ओर भाग निकला। इस अप्रत्याशित घटना से ट्रेन में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित के अनुसार छीने गए हैंडबैग में करीब सात लाख रुपये मूल्य के आभूषण, 8,000 रुपये नकद, यूको बैंक व एक्सिस बैंक के दो एटीएम कार्ड तथा एक मोबाइल फोन रखा हुआ था। पीड़ित ने मोबाइल का IMEI नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। घटना को लेकर पीड़ित ने ज्ञानपुर रोड रेलवे चौकी प्रभारी को लिखित तहरीर देकर अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई की जाए तो लुटे गए सामान की बरामदगी संभव है।

# सहकारिता में भ्रष्टाचार करने की मची होड़ जिला प्रशासन संज्ञान में ले

● दोषी होने के बाद भी आयुक्त सहकारिता बौना साबित- तिवारी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दिनेश चौधरी शहडोल

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित देवरी के प्रबंधक जर्नादन प्रसाद शुक्ला जो पिछले विगत 2014 से लेकर आज 2025 तक उनके क्रिया कलापों की उच्च स्तरीय जॉच होने पर कई करोड़ों रू. का घोटाला उजागर होगा, लैम्पस देवरी प्रबंधक कैषबुक में हेरा फेरी करना धान खरीदी में फर्जी पंजीयन कर आधे से ज्यादा किसानों का पेमेन्ट बिड्रावल से व अन्य खातो में मांगाकर हेराफेरी करना आदत में हो चुका है, प्रबंधक की कैषबुक में हेरा फेरी करने जॉच कमेटी द्वारा सिद्ध पाए जाने के बाद भी क्षणिक कुछ दिनों के लिए निलंबन की कार्यवाही कर पुनः बहाल कर दिया जाना सहकारिता विभाग की पोल खुलती है कि भ्रष्टाचारी व्यक्ति की पहुच इतनी है कि पूर्व कमिष्नर के आदेष का सही ढ़ंग से पालन न कर गोल मोल जबाव देकर अभयदान शुक्ला को दिया जाना कहा का न्याय है।

जबकि भ्रष्टाचार शुक्ला के इतने बढ़े हुए हैं कि क्षेत्र के जन जन किसान चिल्ला चिल्लाकर बता रहे कि देवरी प्रबंधक जनार्दन मिश्रा हर किसानों का शोषण कर रहे हैं, एवं शासन की योजनाओं का सही लाभ नही मिल पा रहा सही लाभ दिलाने के लिए भी सुविधा शुल्क की मांग बनी रहती है।

यह खुलासा किसान नेता जनता दल यू किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व भाजस अध्यक्ष विधायक दल नेता निजी सचिव बी.पी.तिवारी ने यह भी कहा कि आदिम जाति सेवा सहकारी समिति देवरी के मण्डल संचालको को भी दोषी शुक्ला द्वारा गुमराह कर आनन फानन में बैठक कर बहाली का प्रस्ताव बनाकर पारित करते है, जबकि भ्रष्टाचार की षिकायत प्रदेष स्तर के अधिकारियों तक पहुच चुकी है। जिला प्रषासन एवं संभागीय कमिष्नर महोदया से मांग की गई है, कि निरंतर भ्रष्टाचार में लिप्त देवरी प्रबंधक को निलंबन की जगह हमेषा के लिए बर्खास्त कर संचालन मण्डल को निर्देषित किया जाए कि अन्य सुयोग्य सही कर्मचारी की तैनाती की जाए, जिससे समिति सुचारू रूप से चलकर किसानों को लाभ मिल सके।

## श्रीभूमि में चायजनजाति आदिवासी (17लड़के) फुटबॉल का फाइनल डीएसए खेल मैदान में धूमधाम से संपन्न हुआ

● पाथारकांदी टीम ने दक्षिण करीमगंज को 1-0 से हराकर जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमि:** केंद्र सरकार के साथ-साथ असम सरकार द्वारा भी 'सबका साथ, सबका विकास' नीति के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में खेल और युवाओं को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को इस खेल आयोजन से मजबूती मिल रहा है। गत 20 दिसंबर (शनिवार) को श्रीभूमि सरकारी डीएसए खेल मैदान में चायजनजाति और आदिवासी (-17 लड़के) फुटबॉल फाइनल धूमधाम से खेला गया। चायजनजाति और आदिवासी कल्याण विभाग तथा खेल और युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 17 वर्ष आयु वर्ग की 2025-26 फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जिले में उत्साह और रोमांच के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्यमंत्री टी ट्राइब और आदिवासी फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई। कड़ी मेहनत के बाद पाथारकांडी चैंपियन बने। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत के साथ हुई, जिसके बाद आयोजकों ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जिले के खेल भौतिक प्रशिक्षक और रेफरी खेल में विशेष रूप से उपस्थित रहे। खेल की शुरुआत में रामकृष्णनगर को 2-0 के अंतर से हराया गया। इससे पहले इस प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में रामकृष्णनगर ने उत्तर करीमगंज को 1-0 से हराया था। दूसरे सेमीफाइनल में निर्धारित समय तक चले कड़े मुकाबले में पाथारकांडी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण करीमगंज को 1-0 से हराकर जीत दर्ज की और फाइनल में प्रवेश किया। इस दिन के खेल शुरू होने से पहले खिलाड़ियों से परिचित हुए जिला आयुक्त प्रदीप कुमार द्विवेदी, डीएसए के अध्यक्ष अमलेश चौधुरी, जिला खेल अधिकारी झिमली बोरा सहित कई अतिथियों ने प्रदीप प्रजालन कर खेल का शुभारंभ किया और एक-एक कर सभी को गमछा देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में नित्य संगीत का आयोजन भी किया गया। खेल समाप्त होने के बाद विजयी खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान की गई। पाथारकांडी टीम की जीत पर खिलाड़ियों और समर्थकों में खासा उत्साह देखा गया। ज़िले के खेल अधिकारियों सहित डीएसए खेल आयोजक मंडली के सदस्यों ने भी आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई।

## धनुष-यज्ञ लीला का भावपूर्ण मंचन,जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा पंडाल





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** चंडौत गांव में शनिवार/रविवार दरम्यान रात्रि में रामलीला के कार्यक्रम में धनुष-यज्ञ की लीला का भव्य और भावपूर्ण मंचन किया गया। मंचन के दौरान राजा जनक का विलाप सुनकर दर्शक भावुक हो उठे,जबकि लक्ष्मण का ओजस्वी क्रोध और रावण-बाणासुर संवाद ने लोगों में रोमांच भर दिया। जैसे ही भगवान श्रीराम ने शिव धनुष का भंजन किया, पूरा पांडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

लीला का शुभारंभ पुष्पेंद्र राजपूत ने भगवान श्रीराम व लक्ष्मण की आरती कर किया।स्वयंवर प्रसंग में अनेक बलशाली योद्धा आए, लेकिन कोई भी शिव धनुष को उठा तक नहीं सका।यह देखकर राजा जनक ने व्याकुल होकर कहा कि क्या पृथ्वी वीरों से रिक्त हो गई है। जनक के ये वचन सुनकर लक्ष्मण क्रोधित हो उठे। तभी गुरु विश्वामित्र के संकेत पर श्रीराम ने धनुष उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाई और उसे तोड़ दिया।

धनुष टूटते ही भगवान शिव के धनुष भंजन से क्रोधित परशुराम जनकपुरी पहुंचे। लक्ष्मण द्वारा किए गए व्यंग्यपूर्ण संवाद और परशुराम-लक्ष्मण की नोकझोंक ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा। लीला में करन तिवारी ने श्रीराम, मनीष तिवारी ने लक्ष्मण, हरिओम शर्मा ने जनक, जीतेंद्र शुक्ला ने रावण, गोपाल अवस्थी ने सीता तथा रामबाबू सिंह ने परशुराम की भूमिका निभाई। हास्य कलाकार सुरेश कक्कर ने दर्शकों को खूब हँसाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण व रामभक्त उपस्थित रहे।

### भट्ठा संचालक एकजुटता से काम करें तो नहीं होगा शोषण- मिठाई लाल दूबे

**जंगीगंज।** जिला ईंट निर्माता समिति भदोही के तत्वावधान में जंगीगंज के प्रतिष्ठान में एक बैठक आयोजित की गई। जहां पर भट्ठा संचालकों की समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की और अपनी समस्या के बारे में बताया। बैठक में जिलाध्यक्ष मिठाईलाल दूबे ने कहा कि बिना एकता के सफलता नहीं मिल पायेगी। सभी लोग एकजुटता बना कर रखे क्योकि कोई यदि परेशान करता है तो बताये, संघ को मजबूत करने के लिए आप सभी का सहयोग जरूरी है, जो 2012 के पहले भट्ठा संचालित हो रहे है उनपर भी सुखद संदेश मिलने की संभावना है। जो सामूहिक रूप से काम होगा वह अकेले जाने से नहीं होगा। सामूहिक रूप से एकजुटता बनाने की जरूरत है और समस्या को नियम के तहत समाधान कराने की जरूरत है। जिनकी जो भी समस्या है उसको संगठन के सामने रखे। व्यवसायिक है तो नियम से रहे और सही ढंग से कार्य हो। कई भट्ठा संचालकों ने संगठन के कार्यों के विस्तार और कार्यों के पारदर्शिता की मांग की। विनियमन शुल्क न जमा होने पर प्रशासन की कार्यवाही होती है, इसलिए सभी कागजात को सभी भट्ठा संचालक सही रखे और टैक्स की चोरी किसी भी कीमत पर न हो, शिकायत और समस्या कम होगी। कोयला पर जीएसती को कम करने की मांग की। प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड में अपना पंजीकरण कराये। इस मौके पर तहसीलदार सिंह, मुन्नू मौर्या समेत भारी संख्या में भट्ठा संचालक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राहुल दूबे ने किया।

## सेना में लेफ्टिनेंट बने आकाश कुशवाहा का पैतृक गांव मुस्करा में भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** कस्बा मुस्कुरा निवासी आकाश कुशवाहा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर अपने पैतृक गांव मुस्करा पहुंचे।आकाश कुशवाहा का ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। जैसे ही आकाश गांव पहुंचे पूरे क्षेत्र में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। युवाओं ने जोशीले नारों के साथ स्वागत किया,वहीं बुजुर्गों ने आशीर्वाद देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

22 वर्षीय आकाश कुशवाहा विकासखंड मुस्करा के निवासी हैं। उन्होंने इंटरमीडिएट के बाद भारतीय सेना की ञश्चस् (टेक्निकल एंट्री स्कीम) के तहत चयन प्राप्त किया। तीन वर्षों की कठिन प्रशिक्षण प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें कोर ऑफ EME (इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिकल इंजीनियरिंग) में लेफ्टिनेंट के पद पर नियुक्ति मिली है।

आकाश के पिता संतोष कुशवाहा स्वयं भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं और सेवानिवृत्ति के बाद परिवार सहित पंजाब के अंबाला में निवास कर रहे हैं। वहीं से आकाश ने अपनी शिक्षा पूरी की। लेफ्टिनेंट बनने के बाद पहली बार पिता अपने पुत्र को पैतृक गांव लेकर पहुंचे। इस अवसर पर संतोष कुशवाहा ने कहा कि उन्हें अपने बेटे के सेना में अधिकारी बनने पर गर्व है। कार्यक्रम में जिला



पंचायत सदस्य करन सिंह राजपूत, चरखारी ब्लॉक प्रमुख सीमा कुशवाहा,कई पूर्व सैनिक और हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### स्काउट गाईड का साप्ताहिक प्रशिक्षण शुरू



**हमीरपुर-** स्काउट गाईड का साप्ताहिक प्रशिक्षण कस्बे के गांधी इण्टर कालेज में चल रहा है। रविवार को प्रशिक्षण के चौथे दिन सिद्धार्थ नगर, बांदा, कानपुर और चित्रकूट से आए प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। कस्बे के गांधी इण्टर कालेज में बेसिक स्काउट मास्टर कोर्स और बेसिक गाईड मास्टर कोर्स का साप्ताहिक प्रशिक्षण बीते अट्ठारह दिसंबर से शुरू हुआ था जो चौबीस दिसंबर तक चलेगा। प्रशिक्षण के चौथे दिन रविवार को अमित शुक्ला सिद्धार्थ नगर, अरुण कुमार अग्रहरि बांदा, शिवप्रताप सिंह चित्रकूट धाम, अरुण कुमार हमीरपुर, रमाकांत हमीरपुर, तारा सिंह हमीरपुर ने बेसिक स्काउट मास्टर कोर्स का प्रशिक्षण दिया वहीं लक्ष्मी साहू कानपुर, मीना गुप्ता हमीरपुर, शिवप्रताप सिंह चित्रकूट धाम मण्डल और तारा सिंह क्वार्टर मास्टर हमीरपुर ने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया।

## एक महीने से गांव मे नहीं पंहुचा पानी ग्रामीणों में अक्रोश





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** मुस्कुरा विकास खंड के ग्राम पंचायत निवादा से सम्बंध्य विभूनी मजरा में पिछले एक महीने से पेयजल सप्लाई नहीं आ रही है, जिससे ग्रामीणों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया गांव की आबादी लगभग चार सौ है और गांव में मात्र दो हैंडपम्प है जिनसे अत्यधिक जल निकासी के कारण अधिकतर ख़राब हो जाते हैं , जिससे गांव में पीने योग्य पानी का जल संकट मड़राता रहता है। गांव के ही दिलीप, प्रदीप, अनुज, जाल मुहम्मद, सब्बीर अहमद, बाबूलाल पप्पू गोस्वामी और रशीद लोगों ने बताया पानी ना आने की शिकायत अधिकारियों से की जाती है तो कोई सुनवाई नहीं होती है सिर्फ आश्वासन दे दिया जाता है। बताते चले की विभूनी से लगभग तीन किलोमीटर दूर नमामि गंगे परियोजना की पानी की टंकी बनी हुई है जिससे पानी सप्लाई होता है। इसी तीन किलोमीटर की दूरी के बीच अधिकतर पाइप लाइन फटती है और जिम्मेदार महीनों तक ध्यान नहीं देते जिससे पेय जल का संकट उतत्पन्न हों जाता है। जब इस सम्बन्ध में जेई शंकु कुमार से पूछा गया तो उन्होंने सुपरवाइजर अमित से कॉन्फ्रेंस में लेकर बात की ,जिसने बात घुमाते हुए कहा पाइप लाइन ठीक करने का काम आई टी वर्ड वालों का है हम क्या कर सकते है। लेकिन मामले की गंभीरता को समझते जे ई ने सुपरवाइजर को पाइप लाइन ठीक कराकर जल्द से जल्द पानी सप्लाई बहाल करने के निर्देश दिए।

## दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की असम दौरा

● लोकप्रिय गोपीनाथ बर्दलोई अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे नई टर्मिनल उद्घाटन।

अमोनिया-यूरिया उर्वरक परियोजना असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड की भूमि पूजन।








स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**असम धेमाजी-21 दिसंबर।** दो दिवसीय कार्यक्रम के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की असम में आए हैं। प्रधानमंत्री को गुवाहाटी एयरपोर्ट पर में असम के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल ने उन्हें स्वागत किया। इसके बाद प्रदान मंत्री ने गुवाहाटी एयरपोर्ट के नई टर्मिनल के सामने में निर्मित असम के प्रथम प्रधानमंत्री गोपीनाथ बर्दलोई के प्रतिभूति को उद्घाटन किया। और लोकप्रिय गोपीनाथ बर्दलोई अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे नई टर्मिलेन का उद्घाटन कर टर्मिनल का जायजा लिया एवं एक जनसभा को संबोधित किया।

प्रधानमंत्री ने भूपेन हजारिका के जिलेकाबो लुहितर पार शीर्षक गाने से अपने भाषण का शुरुआत किया।

मोदी ने पूर्वोत्तर राज्य के सात असम के विकास के में इस नई हवाई अड्डे का आवश्यकता के बारे में उल्लेख कर, विश्व में भारत चौथा सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था के देश बनने जा रही है। इसमें भाजपा सरकार के डबल इंजन सरकार का तारीफ करते हुए कहा हम नॉर्थ ईस्ट एक्ट पॉलिसी जब से शुरुआत किया तब से असम एवं पूर्वोत्तर का विकास में गाती हुई हैं। पिछले 11 सालों में हम ने देश की विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। आज इस एयरपोर्ट में जो बम्बू से सुन्दर ढंग से सजाया गया है, लोगों दुनिया भर में इसका चर्चा हो रही हैं। जो बम्बू को पेड़ के स्थान देकर काटने के लिए रोक दिया गया था भाजपा सरकार में आकर इसे पैदा कन्वर्ट कर इसे आज आम लोगों की विकास एक कार्य में लगाने की मंजूरी दिया है इस बात पर मोदी जी ने कांग्रेस दल पर आलोचना करते हुए दिखाई दी।

आज दूसरे दिन मोदी जी ने गुवाहाटी के बोरगांव में नवनिर्मित असम आंदोलन के क्रांतिकारी वीर शहीदों की स्मृति में निर्मित स्मारक में श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीद खारगेश्वर तालुकदार के प्रतिमूर्ति पर माल्यार्पण किया। दुपहर को असम के नामरूप में प्रधानमंत्री ने अमोनिया-यूरिया उर्वरक परियोजना असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड की भूमि पूजन अनुष्ठान में भाग लेकर अपनी करकमलों से रिमोट बॉटम पेस कर शिलान्यास का उद्घाटन किया। ओर जनसभा को संबोधित किया। आज के अनुष्ठान में असम के मुख्यमंत्री डॉ हेमंत बिस्वा शर्मा, केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल, पवित्र मार्गरिटा, रामेश्वर तेली, असम सरकार के कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों सहित भारी संख्या में लोगों ने अनुष्ठान में भाग लिया।

## जिलाधिकारी ने चन्द्रावल नदी पुनरोद्धार कार्य का किया औचक निरिक्षण

● सिसोलर गौशाला का भी किया निरिक्षण





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुर-** जलोदय जल अभियान के अन्तर्गत चन्द्रावल नदी के पुनरोद्धार कार्य का ग्राम भवानी, छिरका, नरायच, टोलामाफ एवं पढ़ौरी में जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा अधिकारियों की टीम के साथ निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से जनपद में चंद्रावल नदी का पुनरोद्धार कार्य किया जा रहा है। जनपद की इस जीवनदायिनी नदी के पुनरोद्धार कार्य से यहां के लोगों तथा आने वाली पीढ़ियों को काफी फायदा होगा।यह ऐतिहासिक नदी जनपद हमीरपुर में 68 किलोमीटर की यात्रा करती है, जिसमें पुनरोद्धार कार्य हेतु 19 पैच चिन्हित किए गए हैं। प्रत्येक पैच आवश्यक कार्य कराने के उद्देश्य से अधिकारियों व कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है, ताकि यह पुनीत कार्य सकुशल संपन्न हो सके।

उन्होंने बताया कि नदी पुनरोद्धार का पूरा कार्य जनसहयोग व जन भागीदारी से कराया जा रहा है।इस कार्य में कोई भी सरकारी धनराशि प्रयोग नहीं की जा रही है।इस पूरे कार्य से 22 ग्राम पंचायतों की आम जनता लाभान्वित होगी।इस क्षेत्र का जल स्तर बढ़ेगा तथा हर साल बारिश के समय बाढ़ से होने वाला खेतों का कटान भी रुकेगा।नदी से जो मिट्टी/ सिल्ट हटाई गई है उस पर नदी के दोनों तरफ सघन वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा।इस दौरान जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य की ग्राम वासियों द्वारा सराहना व्यक्त की गयी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने ग्राम सिसोलर में गौशाला का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी ली।इस मौके पर उन्होंने गौवंशों को गुड़ खिलाई और सर्दी के दृष्टिगत गौवंशों की सुरक्षा हेतु जनपद की सभी गौशालाओं में पर्याप्त इंतेज़ाम कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गौशाला में नियमित रूप से अलाव जलाए जाएं और गौवंशों को पर्याप्त भूसा और चारा उपलब्ध कराया जाए।हर जगह शेड,पानी, लाइट आदि की भी व्यवस्था रहे।सर्दी से गौवंशों की रक्षा हेतु उन्हें टाट की झूलें व बोरे आदि से भी कवर किया जाए।उन्होंने कड़े लहजे में कहा कि किसी भी गौशाला में सर्दी व चारे-पानी की कमी से कोई भी गौवंश हताहत न होने पाए, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी।

## विकास खंड के अतरेहटा गांव में नहर का कहर गेहूं की फसल जलमग्न

**महराजगंज/रायबरेली।** महराजगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम अतरेहटा में किसानों पर आफत बनकर आफत बारसी नहर का पानी टूट पड़ा है नहर का पानी अचानक गांव के खेतों में घुस जाने से लगभग 20 से 25 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जलमग्न हो गई है। इससे किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है किसानों के अनुसार नहर पर बना पुल टूट जाने के कारण पानी की सही निकासी नहीं हो पा रही। जिससे लगातार खेतों में पानी भरता जा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि तत्काल पानी की निकासी नहीं कराई गई, तो रात भर में ही 70 से 80 बीघा तक गेहूं की फसल जलमग्न होकर पूरी तरह बर्बाद हो सकती है घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में किसान मौके पर एकत्र हो गए और प्रशासन से तत्काल राहत कार्य की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही नहर के पानी को रोका नहीं गया और टूटे पुल की मरम्मत नहीं कराई गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे

मौके पर प्रधान प्रतिनिधि नीरज कुमार, अयोध्या प्रसाद मौर्य, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार, गौरव मौर्य, विजय बहादुर, शिवकिशोर, दयाराम, हौसला प्रसाद, श्याम



किशोर और महादेव सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत नहर का पानी रोका जाए, टूटे पुल की मरम्मत कराई जाए और प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाए, ताकि उनकी मेहनत से उगाई गई फसल को और नुकसान से बचाया जा सके।